सुप्रभात
रांची, शुक्रवार
10.03.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

epaper.khabarmantra.net चैत्र, कृष्ण पक्ष, तृतीया, संवत 2079 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 234


12 नेपाल के राष्ट्रपति होंगे रामचंद्र पौडेल

B.A. COLLEGE OF ENGINEERING & TECHNOLOGY, JAMSHEDPUR
RAJENDRA VIDYALAYA (RV) GROUP OF INSTITUTIONS
APPROVED BY AICTE & AFFILIATED TO JHARKHAND UNIVERSITY OF TECHNOLOGY
ESTD : 2007
BACET
Flagship Courses :
B.Tech, BBA, BCA
Seat Booking Open for 2023
WHY CHOOSE US?
•Consistent Placement over 95% •Special Cell for Entrepreneurship& Start-Up Initiatives.
•Bank Education Loan Facility. •Thrust on Research & Development.
•Scholarship upto 1 Crore. •Skill-Based Education aligned with Industry needs.
Contact us for Seat Booking on:
9955339035, 7982054031, 0657-2442533
www.bacet.ac.in | Email : admission@bacet.ac.in
City Office : Rajendra Vidyalaya, Sakchi, Jamshedpur-831001

## न्यूज डायरी

### पंचतत्व में विलीन हुए सतीश कौशिक



मुंबई। दिग्गज अभिनेता और डायरेक्टर सतीश कौशिक (66) का गुरुवार की शाम गमगीन माहौल में वसोर्वा स्थित श्मशान घाट अंतिम संस्कार किया गया। बुधवार की देर रात उनका निधन हो गया था। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में मौत की वजह कार्डियक अरेस्ट बतायी गयी है। अंतिम यात्रा में जावेद अख्तर, अनुपम खेर, राज बब्बर, रणबीर कपूर, अभिषेक बच्चन सहित कई सेलेब्स शामिल हुए। ( खबर पेज 12 पर)

### कई जिलों में 11 तक बारिश का पूर्वानुमान

रांची। साइक्लोनिक सर्कुलेशन की वजह से होली में राजधानी सहित पूरे झारखंड का मौसम बदल गया है। मौसम विज्ञान केंद्र रांची के मुताबिक ऐसे बदलाव अभी 11 मार्च तक देखने को मिलेगा।

### मनीष सिसोदिया को इडी ने किया गिरफ्तार

नयी दिल्ली। दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया को ईडी ने गिरफ्तार कर लिया है। गुरुवार को ईडी ने सिसोदिया से तिहाड़ जेल में लंबी पूछताछ की, जिसके बाद वे अरेस्ट कर लिये गये।

### वीरेंद्र राम की हिरासत अवधि 23 तक बढ़ी

रांची। इडी कोर्ट ने निलंबित अभियंता वीरेंद्र राम की न्यायिक हिरासत की अवधि 23 तक बढ़ा दी है। गुरुवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग से उनकी विशेष अदालत में पेशी हुई थी।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 52,700 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 66,000 रु./प्रति किलो |

# दोनों देशों के पीएम ने पूरे मैदान का चक्कर लगाया, मोदी ने जीता दिल

भारत-आस्ट्रेलिया चौथा टेस्ट

एजेंसी




नयी दिल्ली। नरेंद्र मोदी क्रिकेट स्टेडियम अहमदाबाद में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का आखिरी और चौथा मैच शुरू होने से पहले पीएम मोदी ने ऑस्ट्रेलियाई पीएम एंथनी अल्बनीज के साथ रथ पर खड़े होकर पूरे ग्राउंड का चक्कर लगाया। दोनों ने दर्शकों का उत्साह भी बढ़ाया। पीएम मोदी ने टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा को खास कैप और ऑस्ट्रेलिया के पीएम एंथनी अल्बानीज ने स्टीव स्मिथ को इस खास टेस्ट मैच की कैप दी। स्मिथ और अल्बानीज आपस में व्यस्त थे, तभी पीएम मोदी ने स्टीव स्मिथ को बुलाया और हाथ मिलाकर उनका स्वागत किया। इसके बाद ऑस्ट्रेलियाई पीएम ने भी रोहित शर्मा से हाथ मिलाया और चारों ने हाथ ऊपर कर भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच दोस्ताना संबंधों की मिसाल दी। मोदी ने इस तरह सभी का दिल जीत लिया। दोनों पीएम राष्ट्रगान में भी शामिल हुए। इस मैच में टॉस के लिए एक खास सिक्का बनाया गया था, जिसमें दोनों देशों के क्रिकेट से जुड़ी यादों के 75 वर्षों को दिखाया गया था। बीसीसीआई अध्यक्ष रोजर बिन्नी ने ऑस्ट्रेलियाई पीएम और बीसीसीआई सचिव जय शाह ने पीएम मोदी को खास आर्टवर्क भेंट की, जिसमें दोनों देशों के 75 साल के क्रिकेट के संबंध दर्शाये गये हैं। (शेष पेज 11 पर)

## शौर्य हत्याकांड का खुलासा, मुख्य आरोपी गिरफ्तार

# पैसों की खातिर किरायेदार ने अपहरण कर मार डाला

■ कोडरमा में धराया संजीव, हनीमून का 83 हजार कर्ज था, अपहरण के कुछ ही देर बाद मार डाला था

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। बरियातू थाना क्षेत्र के एदलहातु आराधना गली निवासी अपहृत नाबालिग शौर्य हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा करते हुए मुख्य आरोपित संजीव पंडा (27) को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसे कोडरमा के जयनगर रोड स्थित उसके ससुराल से दबोचा। संजीव मूल रूप से हजारीबाग के कटकमदाग थाना क्षेत्र का रहने वाला है। हनीमून के लिए महज 83 हजार रुपये कर्ज चुकाने के लिए पहले मासूम का अपहरण किया, फिर फिरौती मांगने में नाकाम और पकड़े जाने के भय से शौर्य की हत्या कर शव को बोरे में डाल कर सपारोम तालाब में फेंक दिया। उसने यह माना कि पैसे की लालच में उसने इस वीभत्स कांड को अंजाम दिया। बच्चे ने जब उसे पहचान लिया, तो डरकर उसकी हत्या कर दी। आरोपी संजीव शौर्य के घर में पहले किरायेदार था। तभी से उसे शौर्य के परिवार की आर्थिक स्थिति की जानकारी थी। (शेष पेज 11 पर)

### प्रेस कांफ्रेंस में क्या बोले एसएसपी

एसएसपी किशोर कौशल ने गुरुवार को प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि संजीव ने पैसे के लिए बच्चे का अपहरण कर हत्या कर दी। अपहर्ता ने अगवा करने के एक घंटे बाद ही शौर्य को मार डाला था। शौर्य के पिता राजू गोप के घर में रहनेवाले अपने बहन और बहनोई मिथलेश के साथ ही संजीव रहता था। बाद में वह अलग रहने लगा। उस पर सात लाख कर्ज था। कर्ज चुकाने के लिए उसने शौर्य को अगवा कर उसके पिता से फिरौती मांगने की योजना बनायी। 3 मार्च को अपहरण किया, लड़के के शोर मचाने पर उसने घबराहट में उसकी हत्या कर दी। उसके बाद वह सीधे हजारीबाग भाग गया। एमबीए पास संजीव बंगलुरु में काम करता था। कोरोनाकाल में वह लौट आया था।

### चौथे दिन शव बरामद



पुलिस ने हत्या के चौथे दिन 7 मार्च को शौर्य का शव नगड़ी इलाके से बरामद किया था। मृतक बच्चे के शव को अपराधियों ने हत्या कर एक लालगुटवा तालाब में फेंक दिया था। शौर्य के पिता राजू लालू प्रसाद यादव के बेलर रह चुके हैं। पुलिस ने अपहरण में प्रयुक्त स्वीफ्ट डिजायर कार भी बरामद कर लिया है। संजीव जेल भेज दिया गया है। हजारीबाग के कटकमदाग थाना क्षेत्र निवासी संजीव फिलहाल रांची के जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र में रहता था।

## बरवाडीह में 5 करोड़ से बनेगा कम्युनिटी हेल्थ सेंटर

# घर के आसपास ही हेल्थ सुविधाएं देने की तैयारी

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। झारखंड सरकार और स्वास्थ्य विभाग हेल्थ सिस्टम को पटरी पर लाने में लगा है। एक के बाद एक सभी हेल्थ सेंटर को दुरुस्त किया जा रहा है। वहीं कम्युनिटी हेल्थ सेंटर का भी निर्माण जारी है। इससे लोगों को बेसिक हेल्थ सुविधाएं घर के आसपास ही मिल जाये। अब लातेहार के बरवाडीह में कम्युनिटी हेल्थ सेंटर का भवन निर्माण कराया जाएगा। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग ने 5 करोड़ रुपये की स्वीकृति दे दी है। इस राशि से हेल्थ सेंटर के लिए मशीनें भी खरीदी जायेगी। वहीं दवाएं और अन्य जरूरी इक्विपमेंट्स भी खरीदने का आदेश जारी किया गया है।

### अन्य काम के लिए खर्च नहीं होगी राशि

अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य अरुण कुमार सिंह ने जारी आदेश में कहा है कि इस राशि का खर्च उसी यूनिट के लिए किया जायेगा, जिसके लिए विभाग से स्वीकृति दी गयी है। किसी भी हाल में राशि का खर्च दूसरे काम के लिए नहीं किया जायेगा। इसलिए संबंधित अधिकारियों को यह भी सुनिश्चित करने को कहा गया है। अगर राशि निकासी किसी और काम के लिए की जाती है या अधिक राशि की निकासी होती है तो संबंधित लोगों पर कार्रवाई की जायेगी।

# बाहा पर्व में शामिल हुए सीएम

पैतृक गांव नेमरा में विधि-विधान से की पूजा, लोगों की सुनी समस्याएं

खबर मन्त्र संवाददाता



रामगढ़। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गोला प्रखंड के अपने पैतृक गांव नेमरा में गुरुवार को बाहा पर्व मनाया। श्री सोरेन ने पारंपरिक परिधान में पूरे विधि-विधान से पूजा अर्चना की। इस दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम थे। सीएम होली की रात नेमरा पहुंचे थे। उनके साथ उनकी पत्नी कल्पना सोरेन, मां रुपी सोरेन सहित अन्य रिश्तेदार भी शामिल हैं। काफी संख्या में लोग सीएम के साथ इसमें शामिल हुए।

बाहा पोरोब यानी बाहा पर्व संताल, उरांव, मुंडा समेत अन्य जनजातियों का पर्व है। बाहा का अर्थ फूल होता है। इस पर्व में महिला-पुरुष के साथ-साथ बच्चे परंपरागत कपड़े पहनकर मांदर की थाप पर खूब झूमते हैं। यह पर्व पतझड़ के बाद पेड़ों में नई पत्तियों एवं फूल के आने की खुशी में मनाया जाता है। मान्यता है कि हिन्दी नववर्ष के स्वागत के लिए प्रकृति भी पूरी पृथ्वी को सजाती है। पतझड़ के बाद पेड़ों में आने वाले नये पत्तों का स्वागत किया जाता है। साथ ही इसे नये साल के रूप में भी देखा जाता है। इसमें सखुआ के पेड़ और फूलों का विशेष महत्व होता है। (शेष पेज 11 पर)

# हिंसक झड़प में एसडीपीओ समेत कई पुलिसकर्मी घायल

खबर मन्त्र संवाददाता

हजारीबाग। जिले के बरही स्थित लाटी में बुधवार देर रात दो गुटों में हिंसक झड़प हो गयी। इसमें बरही के एसडीपीओ नाजिर अख्तर समेत कई पुलिसकर्मियों के अलावा दोनों पक्षों के 10 लोग घायल हो गये। मामले को शांत करने में पुलिस को मोर्चा संभालने के लिए जैप के जवान को गांव में उतारना पड़ा। गुरुवार को भी पूरा क्षेत्र पुलिस छावनी में तब्दील रहा। फिलहाल, अघोषित कर्फ्यू जैसा माहौल है। हालांकि, स्थिति नियंत्रण में है। एक युवक विक्की ओझा गिरफ्तार किया गया है। घटनास्थल से एक देसी कट्टा और कुछ आग्नेयास्त्र भी बरामद किया गया है।

हजारीबाग

### क्या है मामला

होली के दिन हमेशा की तरह गांव में बैठकर कुछ युवक ताश खेल रहे थे। इसी बीच उसी गांव के कुछ युवक उन्हें होली है... कहकर रंग खेलने के लिए उत्तेजित करने लगे। इसी बीच दोनों पक्षों के बीच में कहासुनी शुरू हो गयी। बात इतनी बढ़ी कि मारपीट के साथ पथराव और हिंसक झड़प होने लगी। देखते ही देखते हथियार भी निकल गये। सूचना मिलते ही पदमा पुलिस भी पहुंची। बात नहीं बनी और एसडीपीओ नाजिर अख्तर को अतिरिक्त पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर आना पड़ा। मामला शांत कराने पहुंची पुलिस को भी झड़प का सामना करना पड़ा। वहां जमकर पथराव हो रहे थे। इसमें एसडीपीओ को चोट लगी।

आठवीं पुण्य स्मृति



स्व. कृष्णा यादव

न जायते म्रियते वा कदाचिन्नायं भूत्वा भाविता वा न भूयः।
अजो नित्यः शाश्वतोऽयं पुराणोन हन्यते हन्यमाने शरीरे।।

ईश्वर से प्रार्थना है कि आपके आदर्शों व सद्विचारों
की लौ हमारे जीवनपथ को निरंतर आलोकित करती रहे।
आप जैसे अलौकिक ज्योर्तिपुंज को हम सबका
अश्रुपूरित शत - शत नमन।

श्रद्धानवत्

उर्मिला देवीजी(पत्नी), विक्की यादव(प्रथम सुपुत्र), प्रिती यादव(बहू)
राहुल यादव (द्वितीय सुपुत्र), रोहित यादव (तृतीय सुपुत्र)
अभिमन्यू सिंह(दामाद), रूबी सिंह (प्रथम सुपुत्री), लवली कुमारी(द्वितीय सुपुत्री)
विर सिंह यादव (पोता), अनुष्का सिंह(नतनी), पिहू सिंह(नतनी)
उत्तम यादव(नाती), एवं समस्त यादव परिवार
मेसर्स :
कृष्णा एण्ड ग्रुप (प्रा.) लिमिटेड, रातु रोड, राँची

# झारखंड की अनिता व सुमति ने दिलायी जीत

■ झारखंड की खिलाड़ी के बेहतरीन प्रदर्शन से भारत को इंडोनेशिया पर मिली विजय

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। वियतनाम (हनोई) में चार मार्च से आयोजित एएफसी अंडर-20 महिला एशियन कप क्वालिफाइंग मैच में भारत ने गुरुवार को अपने दूसरे मैच में इंडोनेशिया को 6-0 से पराजित कर दिया। साथ ही लगातार दूसरी जीत के साथ लय बरकरार रखी। मैच में भारतीय टीम की जीत में झारखंड की अनीता कुमारी और सुमति कुमारी ने टीम के लिए महत्वपूर्ण गोल कर सफलता दिलाने में अपनी महती भूमिका निभायी। इसके पूर्व भारत ने झारखंडी खिलाड़ियों के महत्वपूर्ण योगदान से सिंगापुर को पहले मैच में 7-0 से पराजित किया था। इसमें सुमति कुमारी, अनीता कुमारी एवं अष्टम उरांव ने गोल किया था। उल्लेखनीय है कि भारतीय टीम में झारखंड से कुल सात खिलाड़ी शामिल हैं। झारखंड के खिलाड़ियों की उपलब्धि पर खेल सचिव मनोज कुमार, खेल निदेशक डॉ सरोजनी लकड़ा, उपनिदेशक (साझा) देव शंकर दास, साझा के देवेन्द्र सिंह झारखंड फुटबॉल संघ के पदाधिकारियों, खेल प्रशिक्षकों एवं राज्य के खेल प्रेमियों ने बधाई दी है।

# नापाक हरकत पर घर में घुस कर मारेगी मोदी सरकार!

अमेरिकी खुफिया रिपोर्ट ने उड़ायी पाकिस्तान की नींद

नयी दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिकी खुफिया रिपोर्ट ने पाकिस्तान की नींद हराम कर दी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पाकिस्तान यदि अपनी नापाक हरकत से बाज नहीं आता है, तो भारत की मोदी सरकार एक बार फिर घर में घुसकर मारेगी। पाकिस्तान के आतंकवाद को समर्थन देने से लड़ाई का खतरा अधिक है। खुफिया एजेंसियों ने अपने देश के सांसदों को जानकारी दी है कि भारत-पाकिस्तान और भारत चीन के बीच तनाव के चलते लड़ाई होने का खतरा है। पाकिस्तान की ओर से उकसाने वाली कार्रवाई होती है तो पहले की सरकारों की तुलना में मोदी की सरकार से सैन्य जवाब मिलने की संभावना अधिक है। एजेंसियों ने कांग्रेस में पेश अपनी वार्षिक रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। रिपोर्ट के अनुसार पाकिस्तान और भारत के बीच तनाव बढ़ना चिंताजनक है। इससे परमाणु हथियारों से संपन्न दो देशों के बीच लड़ाई शुरू हो सकती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पाकिस्तान लंबे समय से भारत के खिलाफ काम कर रहे आतंकी समूहों को सपोर्ट कर रहा है। पीएम मोदी के नेतृत्व में पाकिस्तान के उकसाने पर भारत के सैन्य बल के साथ जवाब देने की संभावना पहले की तुलना में अधिक है। (शेष पेज 11 पर)



# रघुवर ने बजाया ढोलक, सरयू ने गाया फगुवा... एसएसपी आवास में भी होली की धूम


एग्रिको स्थित आवास पर ढोलक बजाकर होली गाते पूर्व सीएम रघुवर दास।


अपने बारीडीह विधायक कार्यालय में झाल बजाकर होली गाते विधायक सरयू राय


होलिका जलाते लोग।


एसएसपी प्रभात कुमार के आवास पर फगुआ गाती मंडली।

स्पीड न्यूज

## टाटा मोटर्स : 28 कर्मचारियों को मिला मेडिकल स्पोर्ट स्कीम का लाभ

**जमशेदपुर।** गुरुवार को मेडिकल सपोर्ट स्कीम कमिटि की बैठक हुई। बैठक में जनवरी और फरवरी 2023 में जमा हुए सभी आवेदनों पे विचार विमर्श किया गया। जिसमें कुल मिलाकर 48 आवेदनों में से 28 को नियमानुसार उचित पाया गया और 3 आवेदनों को लंबित रखा गया है। लाभुकों को लगभग 14 लाख 50 हजार रुपये की राशि का लाभ मिला। लाभुकों के नाम क्रमश: है :-श्रीकांत शर्मा, प्रदीप कुमार साहू, नीरज शर्मा, ओम प्रकाश पांडेय, मंजीत सिंह, अरविंद कुमार सिंह, मोहम्मद रियाजुद्दीन, मौसमी बनर्जी, मुन्ना दास, राकेश कुमार दास, प्रगति कुमार सिंह, पूजा कुमारी, सुकुमार दास, अरुण कुमार सिन्हा, अमरजीत कुमार दिनेश कुमार मिश्रा, नवीन कुमार पाठक, राकेश कुमार दास, ज्ञानती शर्मा, प्रवीण कुमार, चंद्रमोहन महतो, अजित प्रसाद, एस के रियाजुद्दीन, कमाल अख्तर, भरतचंद्र दास, गौरव शर्मा, गोपाल कुमार सिंह, सूर्यकांत राम। बैठक में सेक्रेटरी अमितेश पांडेय, डॉक्टर एस एल श्रीवास्तव, अजय भगत, हरदीप सिंह सैनी, अमित कुमार सिंह और मनोज शर्मा उपस्थित हुए।

## रेडक्रॉस का अगला नेत्र शिविर कल से



**जमशेदपुर।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम का 675वां नेत्र शिविर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया पेंशनर्स एसोसियेशन, जमशेदपुर यूनिट के संयोजन में 11 से 13 मार्च तक आयोजित किया जायेगा। शनिवार 11 मार्च को नेत्र रोगियों का रजिस्ट्रेशन प्रात: 11 बजे से बागबेड़ा थाना चौक स्थित राम मनोहर लोहिया सेवा संस्थान में किया जायेगा, जहां दोपहर 1.30 बजे जाने नेत्र चिकित्सक एवं उनके सहयोगी चिकित्सीय टीम द्वारा नेत्र रोगियों के आंखों की जांच की जायेगी तथा मोतियाबिन्द ग्रस्त नेत्र रोगियों का चयन ऑपरेशन एवं लेंस प्रत्यारोपण के लिए किया जायेगा। नेत्र रोगियों का ऑपरेशन एवं लेंस प्रत्यारोपण रविवार को नेत्र चिकित्सक डॉ. बी. पी. सिंह, डॉ. भारती शर्मा, डॉ. पूनम सिंह, डॉ. विवेक केडिया एवं उनके सहयोगी चिकित्सीय टीम द्वारा की जायेगी, सोमवार को सभी ऑपरेशन कराये मरीजों के आंखों की पट्टी खोलकर अंतिम जांच की जायेगी।

## मोबाइल समेत देसी कट्टा व जिंदा कारतूस बरामद



**गम्हरिया।** अमलगम स्टील कंपनी के सुरक्षा गार्ड के मोबाइल चोरी मामले का पुलिस ने किया खुलासा किया है। उक्त मामले में कांड्रा पुलिस ने तीन अपराधकर्मियों को देसी कट्टा, जिंदा कारतूस और चुराए गए मोबाइल के साथ किया गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस की गिरफ्त में आए अपराधकर्मियों में अमर प्रमाणिक, सुनील प्रमाणिक और देवा मंडल शामिल है। इस संबंध में जानकारी देते हुए थाना प्रभारी राजेंद्र प्रसाद महतो ने बताया कि कंपनी के सुरक्षा अधिकारी द्वारा इसकी लिखित शिकायत की गई थी जिसके बाद वरीय पदाधिकारियों के निर्देश पर एक टीम का गठन किया गया था।

## भाजपा के वरिष्ठ नेता श्रीनिवास दुबे पंचतत्व में हुए विलीन

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर महानगर अंतर्गत जनसंघ काल के नेता एवं भाजपा में कई महत्वपूर्ण पदों को सुशोभित करने वाले गोलमुरी क्षेत्र अंतर्गत नामदा बस्ती निवासी श्रीनिवास दुबे गुरुवार को पंचतत्व में विलीन हो गए। भाजपा जमशेदपुर महानगर के जिला उपाध्यक्ष एवं गोलमुरी मंडल के अध्यक्ष के रूप में कई महत्वपूर्ण पदों को सुशोभित करने वाले श्रीनिवास दुबे के निध होने से पार्टी में शोक की लहर दौड़ गई है, उनके निधन की जानकारी मिलते ही काफी संख्या में भाजपा नेता और कार्यकर्ता उनके निवास स्थान पर पहुंचे।

# वृंदावन की तर्ज पर मनायी गयी फूलों की होली जुगसलाई में खूब उड़ायी गयी फूलों की पंखुड़ियां

### राधे-कृष्ण की झांकी देखने उमड़ी भक्तों की भीड़

खबर मन्त्र ब्यूरो


फूलों की होली खेलते जुगसलाईवासी।


फूलों की होली के दौरान राधे-कृष्ण जी की झांकी।

**जमशेदपुर।** सामाजिक संस्था मानव कल्याण सेवा समिति जुगसलाई की ओर से पर्यावरण सुरक्षा और जल संरक्षण के उदेश्य से बुधवार की सुबह मारवाड़ी समाज द्वारा जुगसलाई में वृंदावन की तर्ज पर होली उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इसमें शामिल हजारों की संख्या में महिला-पुरूषों ने नचाते-गाते जमकर झूमते हुए अबीर-गुलाल के अलावा फूलों से होली खेली और सभी ने एक दूसरे को बधाई दी। इसके लिए बंगाल से 500 किलो फूल मंगवाए गये थे। इस अवसर पर श्री राधा-कृष्ण की आकर्षक झांकी रथ पर निकाली गयी। जुगसलाई रामटेकरी मंदिर से निकली होली की टोली में सबसे आगे छऊ नृत्य करते हुए सरायकेला के कलाकार चल रहे थे। जो जुगसलाई के विभिन्न मार्गों का भ्रमण करते हुए मारवाड़ी पाड़ा रोड़ पुराना पोस्ट ऑफिस के पास संपन्न हुआ। होली उत्सव में शामिल लोगों द्वारा सबके जीवन मे भाई चारा का रंग बना रहे का संदेश दिया गया। लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। होली के गीतों पर महिलाएं जमकर झूमती दिखीं। समिति से जुड़े सभी महिला एवं पुरुष सदस्य एक जैसे परिधान में शामिल थे। जुगसलाई मेन रोड़ में मटकी फोड़ प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ। आयुष सरायवाला की टीम को मटकी फोड़ने में सफलता मिली। फूलों की होली कार्यक्रम में केवल जुगसलाई ही नहीं शहर के हर क्षेत्र के लोग शामिल हुए थे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मानव कल्याण सेवा समिति के अध्यक्ष मनोज गोयल, सचिव अजय सरायवाला, कोषाध्यक्ष संजय कुमार गर्ग, अशोक गोयल, सुशील मित्तल, विवेक पुरिया, संजू अग्रवाल, अमित रूंगटा, विनोद सरायवाला, देवानंद अग्रवाल, दिलीप कांवटिया, प्रमोद सरायवाला, दिनेश काजरिया, गोपाल अग्रवाल, निकेश चौधरी, प्रभात अग्रवाल, राजकुमार सारस्वत, राजीव केडिया, संतोष छापोलिया आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## श्रीलेदर्स बिष्टुपुर शोरूम में केक काटकर मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** हर साल 8 मार्च को 'अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस' मनाया जाता है। इस दिन महिलाओं की अनूठी ताकत का जश्न मनाया जाता है जो पूरे मानव अस्तित्व में मिलना मुश्किल है। यह एक वैश्विक दिवस है और दुनिया के अधिकांश हिस्सों में महिलाओं की अभूतपूर्व उपलब्धियों का सचेत संज्ञान लेने के लिए मनाया जाता है, भले ही वे समाज के किसी भी वर्ग से हों। इसी क्रम में बुधवार को विश्व मान वाजिब दाम के नाम से अपनी पहचान बना चुकी देश की प्रतिष्ठित लेदर कंपनी श्रीलेदर्स में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस' बड़े धूमधाम से मनाया गया। के रोड बिष्टुपुर स्थित श्रीलेदर्स के नव निर्मित शोरूम में महिला कर्मचारियो ने केक काटकर महिला दिवस मनाया। इस अवसर पर श्रीलेदर्स शोरूम की एचआर प्रियदर्शिनी, अनीता, सिंड्रेला, प्रियंका, मनीषा, अंजली, पल्लवी, देविका, दीशा, रिया, ममता, सरोन हांसदा, गुड़िया आदि महिला कर्मचारियों ने केक काटा और एक दूसरे को महिला दिवस की शुभकामनाएं दी।

## रंगीलो फागन में जम कर झूमे राजस्थानी...

राजस्थानी लोक गीत व नृत्य नाटिका ने सबको होली के रंग में कर दिया सराबोर

धालभूम क्लब मैदान में मारवाड़ी सम्मेलन साकची शाखा ने आयोजित किया कार्यक्रम




फगुआ का आनंद उठाते आलोक चौधरी व उनके साथीगण। झुमते लोग।

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** मारवाड़ी सम्मेलन साकची शाखा द्वारा बुधवार को रंगों का पर्व होली धूमधाम से मनाया गया। सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक साकची धालभूम क्लब मैदान में (अग्रसेन भवन के सामने) एक-दूसरे पर रंग डालकर सामूहिक रूप से होली मनायी गयी। शाम 6.30 बजे से रात 10 बजे तक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम होलिकोत्सव (रंगीलो फागन) का आयोजन किया गया, जिसमें शहर के हर क्षेत्र से लगभग 2500 से अधिक मारवाड़ी समाज के लोग जुटे और अबीर गुलाल, ठंढई व मिठाइयां के साथ लजीज व्यंजन का आनन्द उठाया। राजस्थानी वेश-भूषा में आये लोगों एवं राजस्थानी गीत-संगीत के कारण पूरा माहौल राजस्थानी रंग में रंगा हुआ था। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम में कोलकात्ता से आये भास्कर ग्रुप के कलाकारों द्वारा लोक गीत व नृत्य नाटिका की प्रस्तुति देकर उपस्थित लोगों को होली के रंग में सराबोर कर दिया। मारवाड़ी सम्मेलन साकची शाखा के अध्यक्ष सुरेश कांवटिया की अध्यक्षता में सभी कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## टाटा स्टील स्पोर्ट्स डिपार्टमेंट द्वारा लाइफ सेविंग कोर्स का आयोजन



खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील स्पोर्ट्स डिपार्टमेंट ने जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में लाइफ सेविंग कोर्स की शुरूआत की। यह कोर्स 14 मार्च तक चलेगा। इसमें कुल 25 प्रशिक्षु भाग ले रहे हैं, जिसमें जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के स्विमिंग पूल के लाइफ गार्ड, टाटा स्टील एडवेंचर फाउंडेशन के कैडेट, खेल विभाग के एथलेटिक प्रशिक्षु, बेल्डीह क्लब के कर्मचारी और रांची के प्रतिभागी भी शामिल हैं।

टाटा फुटबॉल अकादमी (टीएफए) एंड स्पोर्ट्स के चेयरमैन मुकुल विनायक चौधरी उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि थे। इस अवसर पर हेमंत गुप्ता, हेड, स्पोर्ट्स और टाटा स्टील एडवेंचर फाउंडेशन भी उपस्थित थे और उन्होंने प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया। गोपाल नस्कर कोर्स कोऑर्डिनेटर हैं। यह कोर्स आखिरी बार कोविड से दो साल पहले आयोजित किया गया था।

## पूर्व सीएम रघुवर दास ने झारखंडवासियों को दी होली की शुभकामनाएं



खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने होलिका दहन किया। मंगलवार को पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास अपने एग्रिको स्थित आवास पर सपरिवार होलिका दहन में शामिल हुए और होली पूजन किया। इस दौरान उन्होंने भगवान नरसिंह और भक्त प्रह्लाद से जमशेदपुर सहित झारखंड के लोगों के कल्याण, खुशहाली और समृद्धि की कामना की। पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने होली के पावन पर्व की बधाई देते हुए सबके लिए मंगलकामना की। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि हजारों वर्षों की सनातन परंपरा का अनुकरण कर पूरे सौहार्द से होली की खुशियां मनाएं। इस दौरान उनके आवास पर काफी संख्या में स्थानीय निवासी एवं बच्चे मौजूद थे।

# 14 मार्च से 3 अप्रैल तक 10वीं तथा 14 मार्च से 5 अप्रैल तक चलेगी इंटर की परीक्षा

>> 10वीं में 26237 तथा 12वीं में 24702 परीक्षार्थी इस वर्ष परीक्षा में होंगे शामिल

>> डीसी की अध्यक्षता में झारखंड बोर्ड की 10वीं और 12 वीं परीक्षा के संचालन को लेकर बैठक

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** झारखंड बोर्ड की मैट्रिक और इंटर बोर्ड परीक्षा को लेकर जिले में प्रशासनिक कवायद तेज कर दी गई है। उपायुक्त विजया जाधव ने समाहरणालय सभागार में बैठक कर परीक्षा के सफल संचालन को लेकर पदाधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। बैठक में एसपी (ग्रामीण) मुकेश लुणायत, एसडीओ धालभूम पीयूष सिन्हा, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर दीपू कुमार, एसडीओ घाटशिला सत्यवीर रजक, डीईओ निर्मला बरेलिया, डीपीआरओ रोहित कुमार, डीएसई निशु कुमारी, सभी बीडीओ एवं सीओ, एसडीओ (शिक्षा) आशीष पांडेय तथा धालभूम अनुमंडल के केन्द्राधीक्षक मौजूद रहे। 10वीं की परीक्षा 14 मार्च से शुरू हो रहा जो 3 अप्रैल तक चलेगा वहीं इंटर की परीक्षा 14 मार्च से शुरू होकर 5 अप्रैल तक चलेगा। परीक्षा के सफल संचालन को लेकर 46 जोनल दण्डाधिकारी व 101 स्टैटिक दण्डाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। सभी परीक्षा केन्द्रों में विधि व्यवस्था के बेहतर संधारण को लेकर दण्डाधिकारी के साथ साथ पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती रहेगी। डीईओ ने झारखंड एकेडमिक काउंसिल द्वारा जारी निदेर्शों की जानकारी दी।

उपायुक्त ने भी जैक द्वारा जारी निदेर्शों का शत प्रतिशत अनुपालन करने की बात कही।

### बिना आईडी कार्ड परीक्षा केन्द्र में कोई प्रवेश नहीं करे : डीसी


बैठक को संबोधित करती डीसी विजया जाधव।

उपायुक्त ने सभी केंद्राधीक्षकों से कहा कि किसी भी स्थिति में कदाचार की सूचना नहीं मिलनी चाहिए। औचक निरीक्षण के दौरान अगर कदाचार करते परीक्षार्थी पाए गए तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। परीक्षा के लिए नियुक्त स्टेटिक एवं पेट्रोलिंग मजिस्ट्रेट विभागीय निदेर्शों के अनुरूप कदाचार मुक्त ढंग से परीक्षा का संचालन कराएंगे। परीक्षा केंद्रों में कार्य करने वाले पदाधिकारी एवं अन्य कर्मचारियों का आईडी कार्ड होना जरूरी है। किसी भी परिस्थिति में अनाधिकृत व्यक्ति का प्रवेश परीक्षा केंद्रों पर न हो, अगर ऐसा होता है तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही गर्मी के मौसम को देखते हुए सभी परीक्षा केन्द्रों में पेयजल की उपलब्धता, ओआरएस घोल रखने का निर्देश दिया गया। किसी परीक्षा केन्द्र में बेंच डेस्क, शौचालय, बिजली, पेयजल आदि की समस्या हो तो तत्काल संबंधित बीईईओ से संपर्क कर दुरुस्त कराने का निर्देश दिया गया।

### 73 परीक्षा केन्द्रों पर 10वीं तथा 29 केन्द्रों पर होगी इंटर की परीक्षा

धालभूम अनुमंडल में 10वीं बोर्ड के लिए 47 परीक्षा केन्द्र तथा इंटर के लिए 19 वहीं घाटशिला अनुमंडल में 10वीं के लिए 25 तथा इंटर के लिए 10 परीक्षा केन्द्र होंगे । पहली पाली में सुबह 10:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक 10वीं की परीक्षा तथा दूसरी पाली में दोपहर 02:00 बजे से संध्या 05:00 बजे तक इंटर की परीक्षा आयोजित होगी । इस वर्ष 10वीं की बोर्ड परीक्षा में पूरे जिले से 26237 परीक्षार्थी तथा 12वीं में 24702 परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं ।

खबर एक नजर में

## अर्पण ने सात परिवारों में शादी में किया सहयोग



**जमशेदपुर।** शहर की अग्रणी सामाजिक संस्था 'अर्पण' की ओर से सात अलग अलग परिवारों में बेटियों की शादी हेतु सहयोग प्रदान किया गया। संस्था की ओर से छः परिवारों में सब्जी, राशन सामग्री उपलब्ध कराई गई एवं एक अन्य परिवार में 21 हजार रुपए की सहयोग राशि प्रदान की गई। संस्था द्वारा यह सेवा प्रदान करके उन परिवारों में खुशियां लाने का छोटा सा प्रयास किया गया। इस नेक कार्य को सफल बनाने में संस्था के जूगुन पांडे, महेश मिश्रा, उपेन्द्र कुमार, प्रिंस सिंह, बिभाष मजुमदार, घनश्याम भिरभरिया, दीपक सिंह, मनीष सिंह, सुमन कुमार,रंजीत कुमार, सरबजीत सिंह टोबी, सौरव चटर्जी, मनोज हलदार, शिवम शर्मा,शेखर मुखी, मनीष चौबे,सूरज चौबे,मनीष,मन्नू ढोके एवं अन्य सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।

## सांसद ने पुराने कार्यकर्ताओं को दी होली की बधाई



**जमशेदपुर।** सांसद बिद्युत बरण महतो ने होली के शुभ अवसर पर जनसंघ काल नेता एवं अभिभावक मनमोहन चौधरी एवं क्रीड़ा भारती के प्रांतीय सचिव राजीव कुमार के आवास पर पहुंच कर उन्हें सपरिवार होली की शुभकामनाएं दी एवं उज्जवल भविष्य की कामना की।

## परसुडीह में मारवाड़ी समाज का होली मिलन समारोह



**जमशेदपुर।** परसुडीह के मारवाड़ी समाज के लोगों द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में शामिल सभी लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाया और बधाई दी। श्री श्याम भक्त मंडल परसुडीह के नेतुत्व में हलुदबनी रोड़ स्थित हनुमान मंदिर के पास कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसे सफल बनाने में रतन अग्रवाल, बिजय अग्रवाल बिजु, अखिलेश अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, रोहित अग्रवाल बबलु, विनीत अग्रवाल, राजू अग्रवाल, वैभव बंटी अग्रवाल, अनुराग शर्मा, नवीन अग्रवाल बंटी आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## भोजपुरी मंच वृद्धाश्रम जाकर होली मनाई



**जमशेदपुर।** होली के अवसर पर संपूर्ण भोजपुरी विकास मंच के पदाधिकारी व सदस्य हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बाराद्वारी स्थित ओल्ड एज होम निर्मल भवन जाकर वृद्ध लोगों को अबीर का टीका लगाकर घर में बने पकवान फल व मिठाई खिलाकर होली की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर मंच के महामंत्री प्रदीप सिंह भोजपुरिया ने बताया कि जरूरतमंद की सेवा सबसे बड़ा धर्म है। इस अवसर पर भोजपुरी मंच के प्रदीप सिंह भोजपुरिया के अलावा शशि भूषण मिश्रा, कौशलेश कुमार,उमेश पाण्डेय,बिजेन्द्र कुमार,राजेश राय,ओम प्रकाश पाठक, विनय सिंह, दिनेश पाठक,सुधीर तिवारी,आदि उपस्थित थे।

## श्री राधा-कृष्ण पूजन सह संकीर्तन जुलूस निकला




जमशेदपुर। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी फागुन मास के शुक्ल पक्ष के अंतिम तीन तिथियों में जमशेदपुर के सीतारामडेरा स्थित 97 लेआउट एरिया में विशेष आयोजन के तहत श्री राधा रमन देव अष्ट प्रहर नाम यज्ञ समिति के तत्वाधान में 100 वां स्थापना दिवस के उपलक्ष में श्री राधा कृष्णा का पूजन एवं संकीर्तन बड़े ही धूमधाम से हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया। आयोजन की पहली पहली तिथि 6 मार्च को संस्थापक सदस्य हेमंत कुमार दास, सत्यव्रत दास एवं उनके परिवार जनों के द्वारा सर्वप्रथम राधा कृष्ण के मूर्ति पर मौजूद पंडित की उपस्थिति में ओडिशा के पूजा संस्कृति के अनुरूप विधिवत पूजा अर्चना के उपरांत शुभारंभ हुआ। इसके उपरांत उपस्थित श्रद्धालुओं के साथ उत्साह पूर्वक शोभा यात्रा का नगर भ्रमण हुआ। यह शोभायात्रा संकीर्तन मंडली के साथ न्यू लेआउट, सीतारामडेरा से काशीडीह , साक्ची बाजार , भालुबासा होते हुए यज्ञ स्थल आकर समाप्त हुआ जहां श्रद्धालुओं ने हर्षोल्लास के साथ अबीर गुलाल खेल कर अपनी खुशी का इजहार किया साथ ही उपस्थित श्रद्धालुओं के बीच आयोजन समिति के द्वारा महाप्रसाद का वितरण किया गया। मौके पर मुख्य आयोजक हेमंत कुमार दास सत्यव्रत दास एवं उनके परिजनों के अलावा बहरागोड़ा के लोकप्रिय पूर्व विधायक कुणाल सारंगी, सीतारामडेरा गुरुद्वारा के प्रधान- बलबीर सिंह, समाजसेवी- डॉ एन सी सिंघल, समाजसेवी सह सलाहकार-पंडित प्रदीप कुमार दास, बद्री नारायण स्वांई, शैलेश कुमार सिंह, प्रमोद कुमार वर्मा, जयराम दास पात्रा , किशोर कुमार नायक, जीवन कुमार लाल , चेयरमैन जगाती केसरी, वाइस चेयरमैन – निरंजन सिंह , अध्यक्ष – भक्तवत्सल साहू उपाध्यक्ष- परितोष गिरी ,महासचिव- सत्यव्रत दास, सचिव- संजय साहू आयोजक – सुनील कुमार सिंह , दिलीप प्रधान, युवा समाजसेवी – शंभू मुखी डूंगरी , आशुतोष सिंह की मौजूदगी में संस्था के एक 100 वहां वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में एक स्मारिका का विमोचन किया गया। मौके पर काफी संख्या में श्रद्धालु और स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## शब-ए-बारात के दिन लगाया नि:शुल्क टी स्टॉल



**जमशेदपुर।** शब ए बरात के पावन अबसर पर समाजिक संस्था कोल्हान वेलफेयर सोसाइटी द्वारा आजादनगर रोड न.2 स्थित जाकिरनगर कब्रिस्तान जाने वाले दर्शनार्थियों व मस्जिदों मे इबादत करने वालों के लिए नि:शुल्क टी स्टाल लगाया गया और वहां से गुजरने वाले अनगिबत लोगों को चाय व पानी पिलाया गया। यह सिलसिला सुबह आजान तक जारी रहा। इस टी स्टाल के सफल आयोजन मे संस्था के शफी अहमद खान, हाजी मो युनूस, गुफरानुल हसन, मुन्ना, मो.शमीम , गालिब असदुल्लाह, मो इश्तियाक, महबूब आलम ने उल्लेखनीय भूमिका निभाई।

## ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट ने शब ए बारात के अवसर पर लगाया सहायता शिविर



**जमशेदपुर।** शब ए बारात एवं होली के अवसर पर आजादनगर थाना क्षेत्र के ओल्ड पुरुलिया रोड नंबर 15 पर ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट एवं आजादनगर थाना शांति समिति ने मिल कर एक सहायता शिविर लगाया इस सहायता शिविर में शब ए बरात के अवसर पर अपने मरहूम बुजुर्गों को कबिरस्तान में फतेह खानी की ओर जाने के दौरान लोगों को ठंडा पानी,काफी,चाय,बिस्कुट का इंतजाम किया गया इस शिविर में किसी तरह के दुर्घटना के बचाव के लिए वॉलंटियर रखे गए एवं फर्स्ट एड का भी पूरा इंतजाम किया गया था।जकीरनगर कब्रिस्तान में दौरा करते हुए सिटी एसपी के विजय शंकर,एसडीओ धालभूम पीयूष सिन्हा और जीआरपी थाना प्रभारी गुलाम रब्बानी खान ने ट्रस्ट के लोगों के कार्य की सराहना की। इस शिविर को कामयाब बनाने के लिए अल कबीर पॉलीटेक्निक कॉलेज के प्रोफेसर आतिफ गुलरेज,आजादनगर थाना प्रभारी राकेश कुमार समाजसेवी तुफैल अख्तर अंसारी,मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव सैयद आलम,अरहान नवाजिश और इरशाद खान का बड़ा योगदान रहा।शिविर की देख रेख सैयद आसिफ अख्तर,मानगो नगर निगम के ब्रांड एंबेसडर मुख्तार आलम खान,शाहिद परवेज,मोहम्मद एजाज अंसारी,अफताब आलम,ताहिर हुसैन,मोइनुद्दीन अंसारी,नूर आलम,आजादनगर थाना के एसआई चंद्र शेखर एवं विनय कुमार ने की।

स्पीड न्यूज

## कमल किशोर सिन्हा बने धनबाद मंडल के नए डीआरएम

**धनबाद।** रेलवे बोर्ड ने मंगलवार को देशभर के कई रेल मंडलों के नए डीआरएम की लिस्ट जारी की। इनमें धनबाद के डीआरएम भी शामिल हैं। वर्तमान में आशीष बंसल धनबाद रेल मंडल की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। उनके दो वर्षों का कार्यकाल पिछले वर्ष अक्टूबर में ही पूरा हो चुका है। अक्टूबर के बाद से ही डीआरएम के स्थानांतरण और नए डीआरएम की घोषणा का इंतजार हो रहा था। धनबाद डीआरएम अगले सप्ताह पदभार लेंगे।

## बाइक सवार ने खड़ी गाड़ी में मारी टक्कर, मौत



**तोपचांची।** तोपचांची थाना के मालखाना में जब्त गाड़ी से बाइक टकरा गई। जिसमें युवक की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। तोपचांची थाना के साहुबहियार स्थित मालखाना में कुछ सप्ताह पहले दुर्घटना में जब्त गैस कंटेनर को नेशनल हाइवे के किनारे सड़क पर खडा कर रखा गया है। 8 मार्च बुधवार को को तेज रफ्तार बाइक सवार युवक ने कंटेनर में जोरदार टक्कर मारी। बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत घटनास्थल पर हो गई। दुर्घटना में बाइक का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। दुर्घटना के बाद आस पास के लोग जुटे। सूचना मिलने पर तोपचांची पुलिस भी पहुंची व दुर्घटनाग्रस्त बाइक को कब्जे में लेकर शव पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया है।

## देसी कट्टे के साथ नामी अपराधी धराया, जेल

**सिन्दरी।** बाहर से आकर सिन्दरी व बलियापुर क्षेत्र में अपराधियों को छुपने के लिए पनाहगारों को भी पुलिस को पकड़ने की जरुरत है। किसी घटना को अंजाम देने के उद्देश्य से जोरापोखर थाना क्षेत्र निवासी स्व लक्ष्मण राम के पुत्र डोमन राम को बलियापुर पुलिस ने देसी कट्टे के साथ पकड़कर बुधवार को जेल भेज दिया। बलियापुर थाना प्रभारी पंकज वर्मा ने बताया कि अपराधी डोमन ट्रक व हाइवा चोरी में संलिप्त रह रहा था। इस प्रोफेशनल अपराधी के खिलाफ धनबाद जिला के कई थानों में केस दर्ज है।

## कट्टा लहरा रहे युवक को ग्रामीणों ने धुना

**कतरास।** कतरास थाना क्षेत्र के डॉक्टर पाड़ा हरिजन टोला में मंगलवार की रात विक्की खटीक नामक युवक द्वारा शराब के नशे में देसी कट्टा लहराना महंगा पड़ गया। स्थानीय ग्रामीण महिलाओं ने युवक को पकड़कर कट्टा छीन लिया एवं जमकर धुनाई की । मौके पर कतरास पुलिस को सूचना दी गई। कतरास पुलिस मौके पर पहुंचकर युवक का बाइक एवं देसी कट्टा को जप्त कर लिया है। युवक फिलहाल फरार बताया जा रहा है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि युवक कोयला का अवैध कारोबार करता है।

## 350 गरीबों व राहगिरों को कराया गया भोजन

**चिरकुंडा।** मानव सेवा परिवार व नारायणी परिवार के द्वारा गुरूवार को चिरकुंडा शहीद चौक के समिप 350 गरीबों व राहगिरों को नि:शुल्क भोजन कराया गया। यह सेवा मध्य प्रदेश सतना निवासी बिहारी व विनिता ने दी। मौके पर परिवार के मंजु अग्रवाल, सरिता शर्मा, शरद अग्रवाल, निरंजन चटर्जी, सोनू शर्मा, संतोष आदि थे।

## उपद्रवियों ने सोनाडीह रेल लाइन फाटक के गेट को तोड़ा

**कतरास।** होली में रेलवे गेट तोड़ने से रेलवे अधिकारियों में मची खलबली रेलवे के अधिकारी एवं आरपीएफ के जवान मौके पर पहुंचे घंटों करनी पड़ी मशक्कत दूसरा गेट लगाया गया लोगों के माने तो कुछ उपद्रवियों ने रेलवे फाटक को आधा तोड़ दिया। मेल लाइन का फाटक टूट जाने से रेलवे अधिकारियों की बैचेनी बढ़ गई है।

# सुदामडीह: कार के धक्के से बीसीसीएल कर्मी की मौत

### बीसीसीएल मैनेजमेंट और मजदूर यूनियन के बीच वार्ता के बाद पुत्र को मिली नौकरी

खबर मन्त्र संवाददाता

**सुदामडीह।** एक ओर जहां पूरा देश होली के जश्न में डूबा हुआ था तो वही दूसरी ओर कोयलांचल झरिया में रफ्तार का कहर देखने को मिला जहां तेज रफ्तार से आ रही फॉर्च्यूनर कार ने मोटरसाइकिल सवार बीसीसीएल कर्मी रधवा भुइयां को अपने चपेट में ले लिया ,जिससे घटना स्थल पर ही रधवा भूईयां की दर्दनाक मौत हो गई। जिसके बाद आक्रोशित स्थानीय लोगों और परिजनों एवं यूनियन के लोगो ने साथ मिलकर शव को भौरा ईजे एरिया के नॉर्थ कोलियरी के खदान संख्या 23/8 के हाजिरी घर के समक्ष रखकर तत्काल नियोजन और आर्थिक मुआवजा की मांग को लेकर प्रदर्शन करने लगे।



### बाइक सवार को रौंदते हुए घर में घुसी कार

घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि मृतक ड्यूटी के दौरान सुदामडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत मोहन बाजार स्थित काली मंदिर समीप किसी काम को लेकर गया हुआ था तभी अचानक से फार्च्यूनर कार सड़क किनारें खड़े मोटरसाइकिल सवार भौरा निवासी रधवा भुईयां को रौदते हुए दो दुकान जा घुसा जिसमें दुकान बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया तो वही दूसरी ओर मोटरसाइकिल सवार ने घटना स्थल पर ही दम तोड़ दिया। घटना की सूचना पाकर सुदामडीह थाना प्रभारी प्रदीप कुमार राणा दल बल सहित घटना स्थल पर पहुच रधवा भुईयां को चासनाला सीएचसी भेजा जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं घटना के बाद पुलिस को परिजनों का आक्रोश का सामना करना पड़ा।

### शव को रख कर मुआवजे की मांग

मृतक के परिजन स्थानीय लोगों के साथ शव को भौंरा कोलियरी के 23/8 खदान के समक्ष रखकर तत्काल नियोजन और उचित मुआवजे की मांग को लेकर डटे रहे जिसके बाद अंतत: बीसीसीएल मैनेजमेंट और स्थानीय मजदूर यूनियनों एवं परिजनों के बीच भौंरा के ईजे एरिया ऑफिस के जी एम कार्यालय में वार्ता की गई जिसके बाद मैनेजमेंट ने यूनियन और परिजनों की मांग को मानते हुए मृतक रधवा भुइयां के पुत्र सूरज भूईयां को तत्काल नियोजन देते हुए उचित मुआवजा देकर प्रदर्शन को खत्म करवाया। जिसके बाद सुदामडीह थाना पुलिस पहुंच कर शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# दो पक्षों में मारपीट, तीन घायल

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिंदरी।** गौशाला ओपी क्षेत्र के गौशाला बाजार में होली के दिन शराब के नशे में दो पक्षों के बीच लाठी डंडे से जमकर मारपीट हुई। इसमें एक पक्ष के चार लोग घायल हो गए हैं। वहीं दूसरे पक्ष के सोंधी मोड़ स्थित आवास पर पहले पक्ष के द्वारा जमकर पथराव किया गया है और घर के शीशे व दरवाजों को तोड़ा गया है। घायलों में गौशाला नूतनडीह बस्ती निवासी कारु महतो के पुत्र विकास महतो, उसके दोस्त अरुण महतो व प्रकाश मंडल गंभीर रूप से घायल हैं। गौशाला ओपी पुलिस ने मामले को शांत कराया है और दोनों पक्षों ने पुलिस को लिखित शिकायत नहीं की है।

घटना के संबंध में कारु महतो ने बताया कि पुत्र विकास महतो, अरुण महतो, प्रकाश मंडल बुधवार को गौशाला बाजार में होली खेल रहे थे। तभी दूसरे पक्ष के प्रिंस सिंह, मणीष सिंह, शिवम सिंह और राजू सिंह ने बहसबाजी के बाद पीछे से लाठी डंडे से जमकर वार कर दिया। इसमें विकास का कलाई के ऊपर हाँथ टूट गया है। अरण महतो का सिर फट गया है और पीठ पर कई चोटें आईं हैं। दोनों घायलों को चासनाला सीएचसी में इलाज के बाद गंभीर स्थिति में एसएनएमएमसीएच धनबाद रेफर कर दिया गया है। जहाँ दोनों घायलों का इलाज चल रहा है। वहीं प्रकाश मंडल के सिर पर चोट आई थी, जिसे चासनाला सीएचसी में इलाज के बाद छोड़ दिया गया है।

### 20-25 लगों ने घर पर की पत्थरबाजी

इस घटना से गुस्साए पहले पक्ष के लगभग 20 से 25 लोगों ने दूसरे पक्ष के सोंधी मोड़ स्थित राजू सिंह के आवास पर जमकर पत्थरबाजी की इससे उक्त घर के शीशे व दरवाजे टूट गए हैं। तत्काल दूसरे पक्ष ने इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल किया था और असामाजिक तत्वों द्वारा पथराव की बात साझा की थी। फिलहाल किसी भी घटना की बात वह नहीं कर रहे हैं। सूचना के आधार पर पहुँची गौशाला ओपी पुलिस ने घटना को शांत कराया।

### असामाजिक तत्वों ने सैलून में लगाई आग

कुमारधुबी। मेढा पंचायत के औघड डंगाल में विगत रात्रि करीब 1 बजे मकेशर ठाकुर का सैलून दुकान में किसी असमाजिक तत्वों के द्वारा आग लगा दिया गया। मकेशर ठाकुर ने कहा कि अपने सैलून रात्रि करीब 9 बजे दुकान बंद कर सामने के घर में जाकर सब परिवार रात्रि करीब 10 बजे सौ गए।रात करीब 1 बजे घर के बाहर लोग हल्ला कर रहे थे कि आग लग गई है।जब हमलोग बाहर निकले तो देखा की हमारी सैलून दुकान में आग लगा हुआ है और धू-धू कर जल रहा है।मौहल्ले के लोगो के अथक प्रयास के बाबजूद भी दुकान नही बचा पाए। लेकिन बगल में 20-25 मकान के तरफ आग जाने पर काबू पाया गया नही तो बड़ी दुर्घटना हो जाती। मौके पर माले नेता नागेन्द्र कुमार व जितेंद्र शर्मा एवं ग्रामीणों ने पहुंच कर आग लगी से परेशान परिवार को ढांढस बंधवाने का काम किया।नागेन्द्र कुमार ने एग्यारकुण्ड बीडीओ विनोद कुमार कर्मकार को घटना की जानकारी देने का काम किया।

# होली की पूर्व संध्या पर कतरास में महामूर्ख सम्मेलन आयोजित

### राजेंद्र क्लब चौक पर होली मिलन समारोह

खबर मन्त्र संवाददाता

**कतरास।** होली के पूर्व संध्या पर विराट होली समागम सप्ताह के बैनर तले कतरास बाजार राजेंद्र क्लब चौक पर होली मिलन समारोह सम्मान मूर्ख सम्मेलन का आयोजन किया गया। होली के गीतों पर श्रोता मंत्रमुग्ध हुए। अतिथियों में मुख्य रूप से डॉग डॉ उमाशंकर सिंह डॉ दिनेश अग्रवाल डॉ स्वतंत्र कुमार अधिवक्ता मातादीन अग्रवाल अधिवक्ता सुरेंद्र सिंह अधिवक्ता विनय सिन्हा समाजसेवी विजय नरनोलिया नकुल चंद्र दास शिवेश विश्वकर्मा गणेश मोदक कुमार चंदन कृष्ण कन्हैया राय, राजू रंगीला विभूति सिंह कृष्ण नंदन साहू पप्पू भगत सोनू चौरसिया सुनील चौरसिया राज किशोर चौरसिया संदीप जायसवाल झामुमो नेता प्रवीण लाला आदि मौजूद थे। समिति के विष्णु चौरसिया एवं ईश्वरी नारायण पांडे द्वारा मौजूद अतिथियों को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से विष्णु चौरसिया आदित्य नारायण पांडे महेश अग्रवाल मुकेश भट्ट विनोद रजक राहुल रजक अरविंद चौरसिया मनोज चौरसिया आदि की मुख्य भूमिका रही।

# नियोजन एवं मुआवजे की मांग को लेकर ग्रामीणों ने शव के साथ किया सड़क जाम

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** बोकारो जिले के ललपनिया थाना क्षेत्र अंतर्गत टीटीपीएस प्लांट की ओर जाने वाले मुख्य सड़क को ग्रामीणों ने शव के साथ जाम कर दिया। ग्रामीणों ने गुरुवार की सुबह शव को मुख्य सड़क पर रखते हुए लगभग 9 बजे से चार बजे तक जाम रखा।इस दौरान टीटीपीएस प्लांट की ओर जाने वाले वाहन सड़क पर ही खड़े रहे।

वहीं ग्रामीणों की टीटीपीएस प्रबंधन के साथ सकारात्मक वार्ता के पश्चात लगभग सात घण्टे बाद जाम को हटा लिया गया है।

ग्रामीणों के अनुसार मृतक नारायण प्रजापति टीटीपीएस के अधीन लुगुबुरु आदिवासी मोटर परिवहन स्वालम्बी सहकारी समिति लिमिटेड में संविदा में चालक के पद पर लगभग 20 वर्षो से कार्यरत था। बताया कि नारायण प्रजापति की कार्यअवधि के दौरान तबीयत बिगड़ गई थी।परिजनों ने आनन फानन में इलाज हेतु उसे अस्पताल ले गएए जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक अपने पीछे तीन पुत्री सहित बूढ़ी माँ को छोड़ गए हैं।ग्रामीणों ने बताया कि टीटीपीएस प्रबंधन को इस संबंध में सहानुभूति पूर्वक विचार करनी चाहिएए जिससे मृतक के बच्चों का भरण पोषण हो सके।



## एक नजर में

### मृतक के परिजनों को सौंपी मुआवजे की राशि



झरिया। सड़क दुर्घटना में हुई आकाश बाउरी की मौत के बाद आज रघुकुल आवास पर मृतक के माता सुभद्रा देवी तथा पिता मनोहर बाउरी को झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह के प्रयास से राज्य आपदा मोचन निधि से एक लाख रुपए मुआवजा राशि डीबीटी के माध्यम से भुगतान कराया गया। बताते चले की बागडीगी बस्ती, जेलगोडा, झरिया निवासी आकाश बाउरी की मौत सड़क दुर्घटना में हुई थी। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि सूरज सिंह, मृणालकांत सिंह, नयन चक्रवर्ती सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### श्री अय्यप्पा मंदिर प्रांगण में पोंगाला पूजा शुरू

**बोकारो।** श्री अय्यप्पा मंदिर के प्रांगण में अध्यक्ष पी राज गोपालजी के निदेर्शानुसार महासचिव ईएसण सुशीलन जी के द्वारा पहली बार बोकारो के अय्यप्पा मंदिर में पोंगाला पूजा की शुरूआत हुईए जो केरल के आट्टुकाल देवी मंदिर के पोंगाला पूजा महोत्सव का एक हिस्सा है। भगवान श्री गणेश जी की पूजा पश्चात आदि पराशक्ति देवी जी की पूजा हुई। नये चावल, गुड़ और नारियल से मिट्टी के कलश में बनाया जाता है, इसलिए इसे पोंगल कहते हैं। लोग यह त्योहार भगवती को धन्यवाद देने, अपनी मनोकामनाएं पूरी करने और उनका आशीर्वाद हमेशा प्राप्त करने के लिए मानते हैं और इसका भोग सृष्टि की पालनहार देवी को लगाकर एवं सबके बीच में इस प्रसाद का वितरण कर सबकी मनोकामना पूर्ण करने एवं सबके अच्छे स्वास्थ्य एवं खुशहाली के लिए प्रार्थना करते हैं।

### डीवीसी के अभियंता के घर से 10 लाख के आभूषण की चोरी



**धनबाद ।** डीवीसी जीओएमडी चार पुटकी डिवीजन के अधीक्षण अभियंता (इंचार्ज) सुबीर कुमार दास के डीवीसी पुरानी कॉलोनी के आवास की खिड़की की ग्रिल तोड़कर चोरों ने होली की रात 10 लाख रुपये के जेवर की चोरी कर ली।अधीक्षण अभियंता सुबीर कुमार दास ने पुलिस को दिए आवेदन में कहा है कि चोर उनकी आलमारी में रखे तीन जोड़े सोने के कंगन, एक जोड़ी सोने की चूड़ी, एक हार, दो चेन, सोने के 2 सिक्के, तीन कानबाली, तीन नाकबाली, छह पीस सोने की अंगूठी, चांदी की पायल, बान्धनी, दो कीमती घड़ी, करीब दस हजार रुपये नकद समेत जरूरी दस्तावेज व इलेक्ट्रॉनिक्स सामान की चोरी की है। उनकी लिखित शिकायत पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

# जीएनएम दुर्गा पूजा कमेटी ने किया होली मिलन समारोह

खबर मन्त्र संवाददाता

**कतरास।** मंगलवार की संध्या 5:00 बजे जीएनएम दुर्गा पूजा समिति की ओर से जीएनएम मैदान में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य रूप में कतरास थाना के मुनेश तिवारी उपस्थित थे। कमेटी की ओर से सचिव मुकेष भट्ट ने मुनीश तिवारी , शिक्षाविद मोहन प्रसाद लाला, अधिवक्ता सुरेंद्र सिंह, डॉक्टर स्वतंत्र कुमार, अधिवक्ता विनय सिन्हा, प्रताप नारायण पाण्डेय एवं धीरेन सिंह को सम्मान पूर्वक मंच प्रदान किया। कमेटी के अधिकारियों ने मंचासीन अतिथियों को गुलाल और तिलक लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। इसके बाद मंचासीन अतिथियों ने उपस्थित सभी लोगों को रंग गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। श्री तिवारी ने अपने वक्तव्य में कहा कि होली रंगों का त्योहार है इसे सब मिलजुल कर प्रेमपूर्वक मनाए। यह आपसी भाईचारा स्थापित करने का त्यौहार है। शिक्षाविद श्री मोहन लाला ने कहा कि युवाओं को अपनी परंपरा के अनुसार प्राकृतिक रंगों से होली मनाना चाहिए। उन्होंने सभी को शराब से दूर रहने और हुड़दंग न करने की सलाह दी। सभी ने अपनी अपनी वक्तव्य को जाहिर करते हुए एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में वरीय संरक्षक मोहन प्रसाद लाला जी को शाल ओढ़ाकर एवं कई लोगों को समाज मे विशेष कार्य करने के लिए स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया गया।



### कार्यक्रम में थे मौजूद

कार्यक्रम में भाजपा के वरीय नेता पंकज सिन्हा, बिनोद रजक, अशोक शर्मा,संदिप जायसवाल, कुलदीप सिंह बबलू शर्मा भोलू जायसवाल, कुमार प्रवीण,अमित रजक राहुल रजक, गणेश मोदक, अजय स्वर्णकार चितरंजन कुमार शिवम दशोंधी करण रवानी निखिल कुमार रवि हजारी जीत कुमर राजेन्द्र ढाकुर बबलू मिश्रा दीपक कुमार, रजत मोदक, संजय मोदक मनोज बाबा गप्पू राजगढ़िया महेश विश्वकर्मा आदि कई लोग उपस्थित थे।

## बिजली बिल भुगतान के लिए मिली नोटिस

**बेरमो/तेनुघाट कोर्ट।** गोमिया प्रखंड के सुदूरवर्ती हुरलूंग पंचायत के दर्जनों घरेलू बिजली उपभोक्ताओं को बिजली बिल भुगतान हेतु कानूनी नोटिस किया गया है। 15 दिनों के अंदर बकाया भुगतान नहीं करने पर वसूली की कार्रवाई शुरू कर दी जाएगी। नोटिस में करीब 24000 से लेकर 30000 तक का बकाया का उल्लेख है। लीगल नोटिस होने से ग्रामीणों में भय व्याप्त हो गया है। इलाका के अधिकतर पुरुष प्रवासी मजदूर हैं और काम करने के लिए महाराष्ट्र, कर्नाटक गए हुए हैं। घर में मात्र महिलाएं एवं अन्य सदस्य है। इनमें परवा देवी, कुंती देवी, मसो सलमा खातून, जुबेर खातून, सजीवन खातून आदि शामिल हैं।

## जान पर खेल टिकट कटाने जाते हैं रेल यात्री



**धनबाद।** एसएसकेएम ट्रस्ट तथा अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, के उपाध्यक्ष अशोक कुमार मुखर्जी ने मीडिया के माध्यम से रेल विभाग से अनुरोध किया है कि प्रधानखंता स्टेशन के प्लाटफर्म पर पंहुचने के लिए तथा टिकट काटने और ट्रेन पकडने के लिए सवारीओं को रेल लाइन के उपर से ही गुजरना पड़ता है। जो कभी भी जानलेवा बन सकता है। रेल प्रवंधन से अनुरोध है की, उपरोक्तकार्य के लिए कोई ठोस उपाय किया जाय जिससे किसी भी दुर्घटाा से बचा जा सके, मेरा अपना राय है की इस स्टेशन होकर गुजरने वाली गाड़ियों की जानकारी मिलते ही स्टेशन सेस्साईरनस बजाकर लाईन पर चल रहे लोगों को सचेत किया जा सकता है। रेल विभाग से मेरा यह अनुरोध है,कृप्या इसपर विचार किया जाये।

### उपायुक्त ने महिलाओं में अधिकार व जागृति का दिया संदेश

**बोकारो।** समाहरणालय सभागार में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में उपायुक्त कुलदीप चौधरी ने कहा कि आगे बढ़ने के लिए सबसे ज्यादा जरूरी साक्षर होना हैए कहा भी जाता है कि एक पुरूष साक्षर होकर एक पीढ़ी को शिक्षित करता हैए लेकिन एक महिला साक्षर होकर तीन पीढ़ी को शिक्षित बनाती है। उन्होंने मौके पर सरकार द्वारा महिलाओं को केंद्रित कर संचालित विभिन्न योजनाओं के संबंध में संक्षिप्त जानकारी दी।

# पूर्व विधायक ने महिला दीदियों को दी होली की बधाई

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो/ललपनिया।** गोमिया प्रखण्ड क्षेत्र अंतर्गत बारीडारी पंचायत सचिवालय में जेएसएलपीएस के द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस समारोह में गोमिया क्षेत्र की पूर्व विधायक बबीता देवी ने बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुईं। इस दौरान दीप प्रज्वलित कर उन्होंने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसरपर महिला दीदियों ने उन्हें पारंपरिक सखुआ के पत्ते से बना टोपी को पहनाकर एवं पलाश के फूलों से बना गुलदस्ता प्रदान कर स्वागत एवं अभिनंदन किया। पूर्व विधाय ने अपने भाषण के माध्यमसे महिलाओं व युवतियों को सशक्त एवं मजबूत होने का संदेश दिया। उन्होंने कहा आज हर क्षेत्रमें महिलाएं अपना परचम लहरा रहीं हैं। सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक रूप से सबला बन रहीं हैं। महिला दीदीयों को पूर्व विधायक ने अबीर एवं गुलाल लगाकर अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस एवं होली की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान उन्होंने महिलाओं के साथ पारंपरिक झारखंडी समूह नृत्य किया। मौके पर बीस सूत्री उपाध्यक्ष सह पंचायत समिति सदस्य मदन मोहन महतोए धवैया पंचायत के मुखिया तेजलाल महतोए बारीडारी की मुखिया मिनी देवीए इंडियन बैंक जोगेश्वर कोलियरी के शाखा प्रबंधक पंचायत समिति सदस्य बेबी देवीए जीए पूर्व पंचायत समिति सदस्य जगरनाथ करमालीएमीडिया प्रभारी आकाश कुमार यशए जेएसएलपीएस की भागवती देवीए नीलम देवीए देवंती देवीए सेवंती देवी आदि मौजूद थीं।



## विश्व स्तरीय पुरस्कार से पुरस्कृत होंगे ब्लड मैन



**बोकारो।** ब्लड मैन हरबंस सिंह सलूजा को वैश्विक मानवता परिवर्तन पुरस्कार 2023 से सम्मानित करने के लिए बीकानेर से आमंत्रित किया गया है। राष्ट्रहित फाउंडेशन ट्रस्ट एंड कम्युनिटी वेलफेयर सोसाइटी और परहित सेवा समिति ट्रस्ट द्वारा बीकानेर में दो दिवसीय सामाजिक कार्यकताओं का अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन सह सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस समारोह के अवसर पर उक्त पुरस्कार हरबंस सिंह सलूजा को प्रदान किया जाएगा। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शहीद सैनिकोंए युद्ध में विकलांग सैनिकों के परिवार के सदस्यों को सम्मानित करना है। कार्यक्रम के मंच पर झारखंड की तरफ से ब्लड मैन हरबंस सिंह सलूजा उपस्थित लोगों को संबोधित करेंगे।

# सरना में मत्था टेक मंत्री ने की सुख-समृद्धि की कामना

### सरहुल पूजा में शामिल हुए मंत्री योगेंद्र प्रसाद

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो/ललपनिया।** गोमिया प्रखण्ड क्षेत्र अंतर्गत बड़कीपुन्नू पंचायत के फुटकाडीह और टीकाहारा पंचायत के कसिया डीह के सरना स्थल में गुरुवार को आयोजित सरहुल पूजा सह महोत्सव कार्यक्रम में माननीय मंत्री;दर्जा प्राप्तद्ध योगेंद्र प्रसाद महतो बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। यहां उन्होंने सरना में मत्था टेक क्षेत्र की सुखएसमृद्धि और शांतिए उन्नति की मंगलकामना की। यहां पाहन ने माननीय मंत्री जी को सखुआ का फूल प्रदान कर आशीर्वाद दिया। इस दौरान उन्होंने पारंपरिक सरहुल नृत्य में भी भाग लिया और मांदर बजाते हुए नृत्य किया। मुख्य अतिथि माननीय मंत्री योगेंद्र प्रसाद महतो ने आदिवासियों को सरहुल पूजा की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सरहुल पूजा प्रकृति को समर्पित है। आदिवासियों के इस त्योहार में प्रकृति के प्रति अटूट प्रेमए सुरक्षा एवं सम्मान का स्पष्ट भाव और उल्लास प्रदर्शित होता है। आदिवासियों की संस्कृति और परंपरा में विश्व शांति एवं बढ़ते पर्यावरण संकट से उबरने का मंत्र निहित है। कार्यक्रम के उपरांत मंत्री जी ने लोगो के साथ मांदरए ढोल के थाप पर खूब थिरके। मौके पर भारी संख्या में लोग उपस्थित थे।



### चटरोचट्टी के कार्यकर्ता मंत्री से मिले

बेरमो/ललपनिया। गुरुवार को मुरु बन्दा स्थित आवास में माननीय दर्जा प्राप्त मंत्री योगेंद्र प्रसाद महतो से चतरोचट्टी क्षेत्र के दर्जनों कार्यकताओं एवं समर्थकों ने मुलाकात की। कार्यकताओं ने मंत्री को अबीर .गुलाल लगाकर होली की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। माननीय मंत्री जी ने भी सभी को अबीर लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान कार्यकताओं व समर्थकों ने मंत्री जी के समक्ष क्षेत्र से जुड़ी ज्वलंत समस्याओं को भी रखा और समाधान करने का आग्रह किया। यहां चूट्टेए रजडेरवाए शास्त्रीनगरए तुइयोए नया टांड़ए दंडराए पिपराबादए खचार्बेड़ाए दवारए चैलियाटांड़ आदि गांवों से कार्यकर्ता मिलने पहुंचे थे।

## होलिका दहन व रंगों का पर्व होली संपन्न

**सिन्दरी/बलियापुर ।** सिन्दरी व बलियापुर क्षेत्र में सोमवार को होलिका दहन व बुधवार को रंगों व आपसी भाईचारे का त्योहार होली धूमधाम से संपन्न हुआ। कोरोनाकाल के बाद का यह दूसरा वर्ष होने के कारण लोगों में पूर्व की तरह भरपूर उत्साह और आनंद देखने को मिला। गायत्री ज्ञान मंदिर सिन्दरी, नेहरू मैदान सहित कई स्थानों पर होली मनाई गई।

# खबर मन्त्र

रांची.शुक्रवार .10 मार्च 2023

अभिव्यक्ति

epaper.khabarmantra.net


## बच्चों की सुरक्षा

बच्चे देश का भविष्य हैं, इसलिए उनकी रक्षा करने की जिम्मेदारी सरकार और समाज दोनों की है। इस स्थिति में, दोनों को अपनी भूमिका बेहतर ढंग से निभानी होगी और बच्चों के वर्तमान और भविष्य की रक्षा करनी होगी। लॉकडाउन ने वित्तीय संकट और गरीबी को जन्म दिया है, इसलिए यह परिवारों को हताशा में डाल रहा है और उन्हें अपने बच्चों को तस्करी के लिए धकेलने के लिए अतिसंवेदनशील बना रहा है। वर्तमान स्थिति पंचायती राज संस्थाओं (पीआरआई) के लिए एक सन्देश है, जिसमें पंचायतों को गांवों के भीतर और बाहर बच्चों के आंदोलनों की निगरानी के लिए एक प्रवास रजिस्टर बनाए रखने के लिए अनिवार्य किया जाए। माइग्रेशन रजिस्टर को नियमित रूप से ब्लॉक अधिकारियों द्वारा जांचा और सत्यापित किया जाना चाहिए।

आसपास के गांवों में सूक्ष्म स्तर की निगरानी के लिए सिस्टम बनाने की जरूरत है, ताकि लॉकडाउन से प्रभावित परिवारों के बच्चों को बाल श्रम के रूप में काम करने से रोका जा सके,पंचायतें, अन्य ग्रामीण स्तर के अधिकारी साथ ही ब्लॉक के अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने में प्रमुख भूमिका निभानी चाहिए कि बच्चे काम न करें और स्कूलों में बरकरार रहें। लॉकडाउन के बीच में कुछ राज्यों द्वारा श्रम कानूनों की कमजोर पड़ने की समीक्षा की जानी चाहिए और तुरंत बचाव करना चाहिए क्योंकि महत्वपूर्ण सुरक्षा उपायों के साथ बाल श्रम और बाल तस्करी की घटनाओं में वृद्धि हो सकती है। विशेषकर झारखंड बनने के बाद भी इस स्थिति में नियंत्रण नहीं हो पाया है क्योंकि राज्य के ग्रामीण इलाकों मेंअ ाज भी विकास की किरण और रोजगार के साधन पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध नहीं है। जहां तक बच्चों की स्थिति का सवाल है इनका मुद्दा कभी चुनावी मुद्दा भी नहीं बनता है जबकि देश का भविष्य तय करता है।

## खिलता कमल

पूर्वोत्तर के तीन राज्यों में विधानसभा चुनाव परिणाम भाजपा के लिये उत्साहवर्धक और कांग्रेस के लिये चिंता बढ़ाने वाले साबित हो रहे हैं। बहरहाल, तीनों राज्यों के चुनाव परिणामों से भाजपा खासी उल्लासित है और उसका नजारा दिल्ली में पार्टी के मुख्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में नजर आया। सही मायनों में भाजपा इन चुनाव परिणामों के निष्कर्षों को इस वर्ष होने वाले महत्वपूर्ण राज्यों मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, तेलंगाना व कर्नाटक के चुनावी समर तक लेकर जाना चाहती है। वह तीन राज्यों के चुनावों में मिली सफलता से नया विमर्श गढ़ने की कोशिश में है।देश के लिये अच्छी बात यह है कि अब तक अलग-थलग पड़ा पूर्वोत्तर देश की मुख्यधारा के करीब आ रहा है। निस्संदेह, कभी वामपंथियों का गढ़ रहे त्रिपुरा में भाजपा की जीत चौंकाने वाली है, वहीं नगालैंड में फिर उसके गठबंधन की सरकार लौट रही है। इस राज्य में भाजपा ने पहली बार दहाई का आंकड़ा छुआ है। पूर्वोत्तर को केंद्रीय एजेंडे में रखना भाजपा के लिये लाभदायक साबित हो सकता है। प्रधानमंत्री के पूर्वोत्तर के लगातार दर्जनों दौरों का असर भी चुनाव परिणामों पर नजर आ रहा है। बहरहाल, त्रिपुरा और नगालैंड में बीजेपी की सरकार बनना और मेघालय में सरकार बनाने में भूमिका की कोशिशें इस साल कुछ महत्वपूर्ण राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों के लिये उर्वरा भूमि तैयार करती हैं। बहरहाल, त्रिपुरा में भाजपा व इंडिजिनस पीपल्स फ्रंट ऑफ त्रिपुरा की सरकार बन रही है। वहीं नगालैंड में भाजपा एनडीपीपी के साथ सरकार बना रही है। पहली बार बारह सीटें जीतकर भाजपा ने जगह बनायी। नगालैंड व मेघालय में भाजपा को सत्ता में छोटा साझीदार बनने में कोई परहेज नहीं है। दरअसल, भाजपा की सारी रणनीतियां 2024 के महासमर के दृष्टिगत केंद्रित हो चली हैं।

# देश को नयी सीएसआर नीति की आवश्यकता




**भारत** दुनिया का इकलौता देश है जहां कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी (सीएसआर) को कानूनन अनिवार्य बनाया गया है। यह कानून व्यापारिक गतिविधियों से अर्जित धनलाभ में से कुछ भाग को सामाजिक रूप से व्यय करने के प्रावधान करता है। 01 अप्रैल, 2014 से यह कानून लागू है। अब इस कानून और इसके क्रियान्वयन के अनुभवों पर विचार करने की आवश्यकता के नई सीएसआर निगरानी नीति की जरूरत महसूस की जा रही है। यह कानून हमारे हजारों साल पुराने जीवन दर्शन की बुनियाद पर खड़ा है। यह ऐसी बुनियाद है जहां दान और परोपकार का उद्देश्य समाज के वास्तविक जरूरतमन्दों के लिए विकास और उत्कर्ष के अवसरों को सुनिश्चित करने के लिए होता रहा है।

यह कानून सिर्फ भारतीय कंपनियों पर ही लागू नहीं होता है बल्कि उन सभी विदेशी कंपनियों के पर लागू होता है जो भारत में कार्य करती हैं। कानून के अनुसार, एक कंपनी को जिसका सालाना नेटवर्थ 500 करोड़ों रुपये या सालाना इनकम 1000 करोड़ रुपये या वार्षिक मुनाफा 5 करोड़ रुपये का हो तो उसको सीएसआर पर खर्च करना जरूरी होता है। यह खर्च कंपनी के तीन साल के औसत लाभ का कम से कम दो प्रतिशत होना जरूरी है । 2014 से 2021 की अवधि में इस कानून के तहत 126938 करोड़ रुपये धन एकत्रित हुआ। यह रकम शिक्षा, स्वास्थ्य, आधारभूत विकास, पोषण, ग्रामीण विकास और सामाजिक न्याय जैसे क्षेत्रों में खर्च की गई। इसमें नीतिगत बदलाव की आवश्यकता इसलिए महसूस की जा रही है क्योंकि देश में इस राशि का वितरण आसमान है।

तुलनात्मक रूप में ज्यादा वास्तविक जरूरतमंद क्षेत्रों के लिए इससे कोई खास फायदा नहीं मिल पा रहा है। बेशक कानून इस राशि के व्यय के लिए औद्योगिक इकाइयों के स्थानीय क्षेत्रों को प्राथमिकता देता है लेकिन यह भी तथ्य है कि भारत में समग्र विकास की गति भौगोलिक रूप से बहुत असमान है।

महाराष्ट्र, गुजरात, कर्नाटक, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, हरियाणा जैसे राज्य विकास के लगभग सभी संकेतकों पर उत्तर भारत के अन्य राज्यों से अभी भी अग्रणी हैं। सीएसआर के तहत खर्च के आंकड़े इस असमान विकास को कम करने के स्थान पर बढ़ाते नजर आ रहे हैं। अब तक व्यय की गई कुल सीएसआर राशि में 40 फीसदी तो केवल सात राज्यों में ही खर्च हुई है। इसमें पैन इंडिया यानी एक साथ हुए देशव्यापी आवंटन को भी जोड़ लिया जाए तो यह आंकड़ा 60 फीसदी हो जाता जाता है।



-डॉ अजय

> आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक दिल्ली में 4023 करोड़ रुपये, महाराष्ट्र में 18605 करोड़ रुपये ,गुजरात में 6221 करोड़ रुपये ,कर्नाटक में 7160 करोड़ रुपये , तमिलनाडु में 5437 करोड़ रुपये ,आंध्र प्रदेश में 5100 करोड़ रुपये एवं तेलंगाना में 2500 करोड़ रुपये सीएसआर के तहत 2014 से अब तक व्यय किए गए हैं।

आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक दिल्ली में 4023 करोड़ रुपये, महाराष्ट्र में 18605 करोड़ रुपये ,गुजरात में 6221 करोड़ रुपये ,कर्नाटक में 7160 करोड़ रुपये , तमिलनाडु में 5437 करोड़ रुपये ,आंध्र प्रदेश में 5100 करोड़ रुपये एवं तेलंगाना में 2500 करोड़ रुपये सीएसआर के तहत 2014 से अब तक व्यय किए गए हैं।

यह ऐसे राज्य हैं जहां औद्योगिक विकास के साथ मानवीय दृष्टि से भी जीवन स्तर समेत अन्य संकेतक देश के अन्य राज्यों से बेहतर हैं। इन राज्यों की कुल आबादी भी खर्च के अनुपात में समान नहीं है। उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा या पूर्वोत्तर के राज्यों में आधारभूत विकास से लेकर सामाजिक रूप से निवेश की आवश्यकता अत्यधिक है। तथ्य यह है कि 22 करोड़ की आबादी वाले उत्तर प्रदेश में गुजरात की तुलना में आधा यानी 3288 करोड़ का फंड ही मिल सका। इसी तरह बिहार में तो यह आंकड़ा मात्र 691 करोड़ ही हो पाया है। कमोबेश मध्य प्रदेश में यह आंकड़ा 1149, छत्तीसगढ़ में 1385, पश्चिम बंगाल में 2487 और झारखंड में 873 करोड़ रहा।

सरकार ने कुछ संशोधन कर इस खर्च में रिसर्च और डेवलपमेंट को भी जोड़ा है लेकिन अभी इस दिशा में कोई ठोस काम दिखाई नही दे रहा है।एक और विसंगति यह है कि बड़े घरानों ने अपने प्रभाव वाले एनजीओ एवं ट्रस्ट खड़े कर लिए हैं। यह ट्रस्ट यूनिवर्सिटीज, अस्पताल और कौशल विकास केंद्र संचालित करते हैं। यह एक तरह से केवल धन का डायवर्जन भर है। बेहतर होगा सरकार सीएसआर के लिए कुछ बड़े बुनियादी बदलाव सुनिश्चित करे। मसलन कुल धन का 75 फीसदी तो अभी तक शिक्षा ,स्वास्थ्य और गरीबी पर खर्च हुआ है। इन तीनों क्षेत्रों में सभी सरकारें पिछले 75 साल से पानी की तरह पैसा खर्च कर रही हैं। सीएसआर की राशि का इन क्षेत्रों में व्यय किया जाना असल में दोहराव भर लगता है। अच्छा होगा कि एक नियामक निकाय सीएसआर के लिए खड़ा किया जाए। देशभर की सीएसआर राशि एक स्थान पर संकलित हो। इस राशि के खर्च के लिए एक विशेषज्ञ पैनल हो। हर जिले में एक कौशल विकास केंद्र बनाया जाए। बड़ी कंपनियां यहां खर्च करें।

अगर ध्यान से देखें तो पाते हैं कि 22 करोड़ की आबादी वाले उत्तर प्रदेश में गुजरात की तुलना में आधा यानी 3288 करोड़ का फंड ही मिल सका। इसी तरह बिहार में तो यह आंकड़ा मात्र 691 करोड़ ही हो पाया है। कमोबेश मध्य प्रदेश में यह आंकड़ा 1149, छत्तीसगढ़ में 1385, पश्चिम बंगाल में 2487 और झारखंड में 873 करोड़ रहा।


इसी तर्ज पर फूड प्रोसेसिंग,ऑटोमोबाइल जैसे प्रयोग अमल में लाए जा सकते हैं। यह प्रयोग जनभागीदारी से किए जा सकते हैं। नीतिगत स्तर पर देश के हर जिले को इस कानून के दायरे में लाकर विकास और सामाजिक कल्याण दोनों के लक्ष्यों को चरणबद्ध तरीके से साधा जा सकता है।

कई सरकारी पीएसयू ऐसे है जिनके पास हजारों करोड़ का फंड है लेकिन वे इस दिशा में कोई खर्च या विकास करने में रूचि नहीं रखता है। ऐसा सामाजिक भ्रष्टाचार देश में विकास को प्रभावित कर रहा है और शिक्षा के साथ ही स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण समस्याओं को आगे बढ़ा रहा है।

आखिर इस नीति को अनिवार्य बना कर उन उद्योगों और स्थितियों से प्रभावित लोगों के बीच शिक्षा, स्वास्थ्य, परिवहन और पर्यावरण पर खर्च करने से कंपनियों की नीति को सही करना समय की मांग है।

### खास बात

## हम युवा ही रहेंगे



**प्रिया राज**

**एक** ताजा शोध में वैज्ञानिकों ने दीर्घ आयु से जुड़ी कोशिकाओं के संकेत-प्रेषण मार्गों की पहचान की है। इन्हें सिनर्जिस्टिक सेलुलर पाथवे भी कहा जाता है। ये संकेत मार्ग ह्रासी एलिगेंसनामक पारदर्शी नेमेटोड कीड़े के जीवनकाल में पांच गुना वृद्धि कर सकते हैं। बुढ़ापा-रोधी शोध में इस कीड़े का उपयोग एक मॉडल के रूप में होता है। इसके कई जीन मनुष्य से मिलते-जुलते हैं। इसका जीवनकाल औसतन तीन हफ्ते का होता है। कीड़े के जीवनकाल में पांच गुना वृद्धि मनुष्य के चार सौ या पांच सौ वर्ष तक जिंदा रहने के बराबर है। वैज्ञानिकों की शोध मुख्य रूप से सी एलिगेंस कीड़े में आयु-वृद्धि को नियंत्रित करने वाले दो प्रमुख संकेत-मार्गों पर आधारित हैं। ये संकेत मार्ग विकास-क्रम के दौरान मनुष्यों को हस्तांतरित हुए हैं। कोशिकाओं के इन संकेत मार्गों पर गहन शोध कर रहे हैं।

इस खोज से ज्यादा प्रभावी बुढ़ापा-रोधी दवाएं विकसित करने में मदद मिलेगी। अमेरिका की ह्यएमडीआइ बॉयोलॉजिकल लेबोरेटरी, कैलिफोर्निया में नोवाटो स्थित बक इंस्टीट्यूट फॉर शोध ऑन एजिंग और चीन की नानजिंग यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने मिलकर के साथ मिलकर कोशिकाओं के संकेत-प्रेषण मार्गों का पता लगाया है। बक इंस्टीट्यूट के भारतीय मूल के वैज्ञानिक पंकज कपाही के मुताबिक, संकेत-मार्गों में सामूहिक रूप से होने वाली अंतर-क्रिया की खोज से मनुष्य का जीवनकाल बढ़ाने के लिए मिश्रित चिकित्सा विधियां अपनाई जा सकती हैं। वैज्ञानिकों ने दीर्घ जीवन में एक खास प्रोटीन की भूमिका का पता लगाया है।

एमडीआइ बॉयोलॉजिकल लेबेरेटरी की शोध टीम के प्रमुख जेरोड ए रॉलिंस के मुताबिक, हमने देखा कि कुछ कीड़े यदि पी 62 नामक प्रोटीन को अत्यधिक मात्रा में उत्पन्न करते हैं तो वे अधिक समय तक जीते हैं। यह प्रोटीन दरअसल कोशिका के विषाक्त प्रोटीन को पहचान लेता है। सेनफर्ड बर्नहम प्रीबिस मेडिकल डिस्कवरी इंस्टीट्यूट के वैज्ञानिकों द्वारा की गई खोज का पूरा ब्योरा नेचर कम्युनिकेशंस पत्रिका में प्रकाशित हुआ है।

## परशुराम का अहंकार

### धर्म-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

**लक्ष्मण** ने कहा कि उस समय आप मेरा सिर नहीं काट पाये थे अभी आइये आपको मैं हिसाब-किताब बराबर कर देता हूं। परशुराज जी को बात समझ में नहीं आ रही थी।अहंकार ने ज्ञान का हरण कर लिया था। बात बहुत आगे बढ़ती गयी। तो श्रीराम जी ने कहा कि वे अपराधी नहीं है। मैंने धनुष तोड़ा है। अगर आपकी समझ में मैने गलती की है तो आप मालिक है मुझे दंड दे सकते हैं।अगर दंड में आप मेरा सिर भी काट लेंगे तो प्रसन्नता होगी। परशुराम जी ने कहा कि मैं चिकनी चुपड़ी बातों में आने वाला नहीं हूं। तुमने धनुष तोड़कर बल का प्रदर्शन किया है तो मेरे साथ युद्ध करो। । श्रीराम ने कहा कि यह शोभा नहीं देता, आप मालिक हैं, मैं दास हूं। आप स्वामी हैं, मैं सेवक हूं। स्वामी और सेवक के बीच युद्ध कैसा?

परशुरामजी बार-बार युद्ध के लिये ललकारते रहे और श्री राम सदा विनयशील होकर जबाव देते रहे। तब विश्वामित्रजी ने कहा कि युद्ध से बल की परीक्षा ली जाए, उससे बढ़िया है उससे पहले ऐसे ही परीक्षा लिया जाए। युद्ध करते हुए वे जानेगें कि वे कितना बली है। उसके पहले आप परीक्षा ले लिजिये, इनमें बल है किश नहीं। कोई तरकीब आपके पास है परीक्षा लेने का तो लीजिये। परशुराम के कंधा पर शारंगधर धनुष था। जिससे कभी विष्णु जी ने युद्ध किया था। वही धनुष विष्णु जी ने ऋचीक ऋषि को दिया। ऋचीक ने इसे अपने पुत्र जमदाग्नि ऋषि को दिया जिसे बाद मे परशुराम ने प्राप्त किया।


ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम

**नेकियों** का सिला बदी में मिले,
और शोहरत की कमाई क्या है,
इस बुलंदी पे आ के जाना है,
अच्छा होने में बुराई क्या है..!
– कुमार विश्वास, कवि

### आपके ट्वीट

**नेशनल** हाईवेज का निर्माण और विस्तार बता रहा है देश की तरक्की की रफ्तार !1914 में 93 हजार किमी प्रतिवर्ष 2022-23 में 1.44 लाख किमी प्रतिवर्ष।
– अन्नपूर्णा देवी, केन्द्रीय मंत्री





**प्रकृति** पर्यावरण के संतुलन तथा जीवन दायिनी औषधियों के मूल स्त्रोत वन एवं वन्यजीव ही हैं इनकी संख्या में निरन्तर कमी ही पर्यावरणीय विकृति एवं पारिस्थितिक असंतुलन का मूल कारण है।अतः जीव जंतुओं के प्रति संवेदनशील बनें। –नरेन्द्र मोदी

## नाम में ही नहीं विचारों में भी करना होगा बदलाव

**सुशील कुमार 'नवीन'**

### व्यंग्य

**मॉर्निंग** वॉक में मेरे साथ अजीब किस्से घटते ही रहते हैं। कोशिश करता हूं कि बचा रहूं पर हालात ही ऐसे बन जाते हैं कि बोले और कहे बिना रहा ही नहीं जाता। सुबह-सुबह हमारे एक दुखियारे पड़ोसी श्रीचन्द जी मिल गए। दुखियारे इसलिए कि ये 'तारक महता का उल्टा चश्मा' के पत्रकार पोपट लाल की तरह है। लाख जतन कर लिए पर विवाह का संजोग नहीं बन रहा। मुझसे बोले-आप हमारे बड़े भाई हैं। एक सलाह लेनी है। मैंने कहा-जरूर, मुझसे आपका कोई काम बने तो यह मेरा सौभाग्य होगा। एक बाबा के विज्ञापन की कटिंग दिखाकर बोले-कल इस बाबा जी के पास गया था। मैंने उनसे सारी कहानी विस्तारपूर्वक सुनाने को कहा तो उन्होंने बताया कि दोपहर 12 बजे मैं विज्ञापन में दिए गए पते पर पहुंचा। बाबा जी एक रंगीन लाइटों से जगमगाते कक्ष में सुंदर आसन पर भस्म रमाये बैठे थे। चारों ओर धूप और दीप की सुगंध बरबस उन्हीं की ओर खींच रही थी।

कमरे में मेरे प्रवेश करते ही बाबा ने अपने दिव्य चक्षु खोले। मेरी तरफ देखा और हंसकर बोले-श्रीचन्द, सब गड़बड़ी तुम्हारे नाम में है। नाम बदलना पड़ेगा। मैंने भी उत्सुकतावश इस बारे में और जानना चाहा तो बोले-बड़े भोले बनते हो। नाम श्री(लक्ष्मी) चन्द(चन्द्र, सरताज,स्वामी) रखकर 'श्री' का वरण करना चाहते हो। नहीं हो सकता। अनन्ता,अवयुक्ता,अनिरुद्धा,अदित्या, दयानिधि,दानवेन्द्र,देवेश, देवकीनन्दन तुम्हें कभी भी ऐसा नहीं करने देंगे। नाराज है वो तुमसे। मूर्ख बालक। अपने घर की 'श्री' तुम्हें कौन देगा।

बाबा लगातार बोलते जा रहे थे और मैं सुनता जा रहा था। उनके रुकने पर उपाय पूछा तो वो बोले-कृपा चाहते हो तो अपने नाम के आगे से 'श्री' हटा दो। मैंने कहा-नाम से 'श्री' हटाने से तो मजाक बन जायेगा। 'श्री' के बिना तो चन्द की कोई वैल्यू ही नहीं रहेगी। बाबा गुस्सा होकर बोले- तुम तो निरे अज्ञानी हो।'श्री' हटाने से भी तुम्हारे नाम में कोई कमी नहीं आएगी। रूपवान हो तो चन्द के साथ 'रूप' जोड़ रूपचन्द हो जाओ। परमात्मा की मेहर चाहिए तो 'मेहर' जोड़ मेहरचन्द हो जाओ। धार्मिकता रग रग में भरी हो तो 'धर्म' जोड़ धर्मचन्द हो जाओ। दयावान हो तो 'दया के चन्द' दयाचन्द हो जाओ। पूर्णता प्राप्त करनी हो तो पूर्णचन्द बन जाओ। अमरता प्राप्त करनी हो तो अमरचन्द हो जाओ। रोमान्टिक हो तो प्रेमचन्द बन जाओ। सोमप्रिय हो तो सोमचन्द हो जाओ। ज्ञानवान हो तो ज्ञानचन्द बन जाओ। बाबाजी का प्रवचन रुकने का ही नाम नहीं ले रहा था। नाम बदलने से तुम्हारा भाग्य बदलेगा या नहीं यह मैं नहीं कह सकता। पर नाम क्या, नाम में एक भी वर्ड की बढ़ोतरी और घटोत्तरी सब कुछ बदल सकती है। राम रमा तो मोहन मोहिनी, श्याम श्यामा का रूप धर लेता है तो कृष्ण कृष्णा बन जाता है। ज्ञान अज्ञान बन जाता है तो धर्म अधर्म में बदल जाता है। सत्य असत्य तो नाम अनाम बन जाता है। श्री चन्द बोले- आप भी लग गए बाबा जी जैसे ज्ञान बांटने। सीधे-सीधे समझाओ तो कोई बात बने।

मैंने कहा- मेरे भाई। सब आजमा लिया। ये भी आजमा लो। मन तो सन्तुष्ट होगा ही। कुछ मिलेगा तो ठीक अन्यथा जैसे हो वैसे तो रहोगे ही। वो बोले- मतलब। मैंने कहा- नाम के साथ विचारों में भी बदलाव जरूरी है। दुष्ट प्रवृति और नाम सुशील, ख्याल पुराने नाम नवीन, काम राक्षसों के और नाम प्रभुदयाल रखने से थोड़े भलाई पाओगे। मुखौटा छलावे के लिए ही होता है। मुखौटा पहनने का शौक है तो ये भी आजमाकर देख लो। पोपट के साथ चाहे लाल लगाओ चाहे चन्द। रहेगा तो वो पोपट ही। बॉम्ब को बम कहने से वो विनाश कम थोड़े ही न करेगा।

### कार्टून वर्ल्ड

कैसी दुनिया कैसी सोच...



### नदियों को जोड़ें


**अटल** बिहारी वाजपेयी के समय शुरू की गई नदी जोड़ो परियोजना उपयोगी है। देश की सभी नदियों को जोड़ने के साथ-साथ ही इनकी साफ-सफाई पर भी विशेष ध्यान देना होगा साथ ही उन इलाकों की मानसून पर निर्भरता भी खत्म होगी, जहां सूखा पड़ता है। किसानों को खेती के लिए समुचित सिंचाई का लाभ भी मिलेगा। गंगा उत्सव इसीका एक हिस्सा है।

– रितु लकड़ा, कांके रांची

### पूंजीपति से नाता

**मोदी** ने पोर्ट दिया, मोदी ने एयरपोर्ट दिया, मोदी ने स्टील दिया, मोदी ने रेल, मोदी ने तेल दिया, मोदी ने बिजली दिया, मोदी ने काला धन दिया जो अडानी की कंपनियों में लगा। घोटाला हुआ तो मोदी खामोश।अडानी-मोदी गठजोड़ ने एलआइसी का ये हाल किया। पहले नारा था ज़िंदगी के साथ भी, ज़िंदगी के बाद भी'अब नारा होगा। 'क्या लेकर आए थे? क्या लेकर जाओगे? –सोनी, खूंटी

## देश के सभी शहर कचड़ा मुक्त हो यह आवश्यक है



**अंकिता**

### विकास

**सभी** शहरों को कचरा मुक्त करना जरूरी स्वच्छ भारत राष्ट्रीय आंदोलन की सफलता है कि युवा पीढ़ी स्वच्छता अभियान में सहयोग कर रही है, सड़क पर कचरा फेंकने की प्रवृत्ति में कमी आई है। दरअसल स्वच्छता एक दिन का, एक पखवाड़े का, एक साल का या कुछ लोगों का ही काम नहीं है, बल्कि यह हर किसी का, हर दिन, हर पखवाड़े, हर साल, पीढ़ी दर पीढ़ी चलने वाला सतत अभियान है, जिसे हमें चलाते रहना है। स्वच्छ भारत का संकल्प हर भारतीय का होना चाहिए। अपने देश को स्वच्छ, साफ-सुथरा बनाए रखने के लिए केवल सरकार या सफाई कर्मी ही नहीं बल्कि हर भारतीय का सहयोग जरूरी है। स्वच्छता के प्रति हमेशा सजग रहने वाले महात्मा गांधी की जयंती से ठीक एक दिन पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'स्वच्छ भारत मिशन-शहरी' और कायाकल्प एवं शहरी सुधार के लिए 'अटल मिशन' के दूसरे चरण की शुरूआत की है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का 'स्वच्छ भारत' का सपना था। गांधी ने स्वच्छता बनाए रखने की शिक्षा प्रदान कर राष्ट्र को एक उत्कृष्ट सन्देश दिया था।

2 अक्टूबर 2014 को देश भर में एक राष्ट्रीय आंदोलन के रूप में स्वच्छ भारत मिशन की शुरूआत हुई। हालांकि यह नई योजना नहीं थी। देश में 1 अप्रैल 1999 से ग्रामीण स्वच्छता कार्यक्रम का पुनर्गठन कर पूर्ण स्वच्छता अभियान शुरू किया गया था, जिसे 1 अप्रैल 2012 को तत्कालीन मनमोहन सिंह सरकार ने निर्मल भारत अभियान (एनबीए) नाम दिया। निर्मल भारत का पुनर्गठन कर ही स्वच्छ भारत अभियान शुरू किया गया।

नई दिल्ली में राजपथ पर स्वच्छ भारत अभियान का शुभारंभ करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था कि 2019 में महात्मा गांधी की 150 वीं जयंती के अवसर पर भारत उन्हें स्वच्छ भारत के रूप में सर्वश्रेष्ठ श्रद्धांजलि दे सकता है।यह लक्ष्य तो पूरा नहीं हो सका, आज भी हमारे शहर बहुत गंदे हैं और खुले में शौच से मुक्त नहीं हुए हैं, लेकिन आज एक अक्टूबर 2021 में जब दूसरे चरण की शुरूआत हुई है, तो देश में स्वच्छता के प्रति राष्ट्रीय स्तर पर जागरूकता है, खुले में शौच बंदी की दिशा में देश ने काफी प्रगति की है। शहरी विकास असमानता को दूर करने में महत्वपूर्ण है। कई लोग बेहतर जीवन के लिए गांव से शहर आते हैं। उन्हें रोजगार तो मिल जाता है लेकिन उनका जीवन स्तर गांव से भी खराब हो जाता है। डा. आंबेडकर चाहते थे कि यह स्थिति बदले। शहरी गरीबों का जीवन स्तर भी सुधरे। स्वच्छ भारत मिशन 2.0 और अटल मिशन 2.0 की शुरूआत शहरों में स्वच्छता व सुधार की दिशा में अहम कदम साबित होंगे। भारत का उद्देश्य व्यक्ति, क्लस्टर और सामुदायिक शौचालयों के निर्माण के माध्यम से खुले में शौच की समस्या को समाप्त करना है। स्वच्छ भारत राष्ट्रीय आंदोलन की सफलता है कि युवा पीढ़ी स्वच्छता अभियान में सहयोग कर रही है, सड़क पर कचरा फेंकने की प्रवृत्ति में कमी आई है। दरअसल स्वच्छता एक दिन का, एक पखवाड़े का, एक साल का या कुछ लोगों का ही काम नहीं है, बल्कि यह हर किसी का, हर दिन, हर पखवाड़े, हर साल, पीढ़ी दर पीढ़ी चलने वाला सतत अभियान है, जिसे हमें चलाते रहना है। स्वच्छता एक जीवनशैली है, स्वस्थ जीवन का मंत्र है, इसे हमें अपनाना चाहिए। देश का कचरा भी आय का बेहतर साधन बने यह आवश्यक है। (छात्रा संत जेवियर कॉलेज रांची)


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

स्पीड न्यूज

## रामगढ़ में धूमधाम से मनी होली



रामगढ़। जिले में रंगो का पर्व होली धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान लोगों ने अपने मित्रों व शुभचिंतकों को रंग गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। वहीं, लोगों ने होली के मौके पर बने विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजनों का लुत्फ मित्रों व करीबी लोगों के साथ उठाया। होली को लेकर विभिन्न स्थानों पर मटका फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता के बाद विजेताओं को पुरस्कार देकर उनका मनोबल बढ़ाया गया। इधर, होली पर्व को लेकर प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये थे। प्रमुख स्थानो पर सुरक्षा बल तैनात किये गये थे।

## मुखिया की अध्यक्षता में होली मिलन




**रजरप्पा।** चितरपुर प्रखंड के बड़कीपोना पंचायत भवन पर मुखिया अरविंद कुमार सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जहां, जम कर पंचायत वासी सहित जनप्रतिनिधियों के द्वारा एक दूसरे को गुलाल एवं गले लगाकर एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी गई एवं मिलन समारोह मनाया गया। इस क्रम में स्थानीय लोगों द्वारा होली की गीत एवं जोगीरा गाया गया। साथ ही, मुखिया द्वारा सबको इस मौके पर मालपुआ एवं मिठाई खिलाकर बधाई दी गई। मौके पर मुखिया ने कहा कि होली आपसी सदभाव का पर्व है. कार्यक्रम का संचालन अमृत कुमार ने की. मौके पर मुख्य रूप से रजरप्पा थाना प्रभारी हरिनंदन सिंह सहित उप मुखिया परवेज आलम, पंसस शम्भु कुमार, वार्ड सदस्य पुनम देवी, रामध्यानी राम दांगी, सखीचंद दांगी, दीपक सिंह, मनोज पासवान, निर्मल कुमार, विजय कुमार, सुजीत शर्मा, पिंटू कुमार, सदानंद रविदास, केदार कुमार, गुनी महतो, अजय कुमार, मनोज कुमार, चरकु रविदास, रामबल्लभ करमाली, शोभा मुंडा, भीष्मदेव कुमार, संजय कुमार अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

## जिंदल एंड स्टील पावर में मना अंतराष्ट्रीय महिला दिवस

**भुरकुंडा( रामगढ़)।** जिंदल स्टील एंड पावर पतरातु प्लांट परिसर में बुधवार को अंतराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। मौके पे प्लांट हेड रमेश कुमार अजमेरिया ने कहा कि जिंदल स्टील एंड पावर के संस्थापक ओपी जिंदल का सोच था की महिलाओं को शिक्षा इसलिए मिलनी चाहिए की एक महिला दो घरों को शिक्षित करती है एक उसका मायका दूसरा ससुराल। श्री अजमेरिया ने यह भी कहा कि नारी के कई रूप हैं वो मां बहन और जीवन संगनी भी हैं। हमें महिलाओं को समानता की नजरों से देखनी चाहिए। उन्हें अपने विकास के लिए पर्याप्त अवसर वा साधन उपलब्ध करानी चाहिए। सुरक्षित वातावरण प्रदान करना सम्मान मिलनी चाहिए उन्होंने कहा की अंतराष्ट्रीय महिला दिवस का उद्देश्य महिलाओं के प्रति सम्मान का भाव दर्शाता है तथा साथ ही सतत विकास के पथ पर उन्हें आगे प्रोत्साहित करते रहना है। कार्यक्रम में प्लांट हेड के साथ ही एचआर प्रमुख सुभाष चंदर, पीपीसी मार्केटिंग हेड राजीव रंजन, सुभाष शरण, संतोष कुमार, हर्ष प्रियदर्शी, अलका प्रियदर्शी, प्रीति कुमारी, मंजू मिश्रा, श्वेता चौबे आदि मौजूद थे।

## पेड़ से लटका मिला अधेड़ का शव



**कुजू।** ओपी क्षेत्र के बोंगाबार कोयरी खेत स्थित चौरा झरना जंगल से कुजू पुलिस ने पेड़ से झूलते एक अधेड़ का शव को बरामद किया। साथ ही शव को पेड़ नीचे उतारते हुए अंत्य परीक्षण के लिए रांची रिम्स भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि शव की शिनाख्त नहीं हो पाने के कारण उसे रिम्स के शीतगृह में ही रखा गया है। बताया जाता है कि जंगल की ओर मवेशी चराने गए कोयरी टोला के ग्रामीण ने पेड़ से टंगे शव को देखा। जिसके बाद उन्होंने इसकी जानकारी पुलिस को दिया।

## नियोजन नीति से बाहरी को मिला लाभ



रामगढ़। झारखंड प्रशिक्षित बेरोजगार शारीरिक शिक्षक संघ के प्रदेश महासचिव रमेश कुमार महतो ने विज्ञप्ति जारी कर कहा कि है कि झारखंड में अबतक जितनी भी नीति बनी है उसका लाभ अन्य राज्य के अभ्यर्थियों को मिला। कहा कि नियोजन नीति में स्थानीयता और भाषा के बैरियर को खत्म कर दिया जा रहा है। जिसमें पूरे भारत के लोगों के लिए खुली छूट है की यहां आकर नौकरी करें जो कि न्याय संगत नहीं है । झारखंड की जो नीति 60/40 नियोजन नीति झारखंड के जनमानस पर सीधा प्रभाव है। उन्होंने कहा कि झारखंड भाषा और संस्कृति को बचाना बहुत जरूरी है। गुजरात, उड़ीसा, तेलंगाना, तमिलनाडु, बिहार में अपनी एक पॉलिसी है । झारखंड में नियोजन पॉलिसी नहीं है । अन्य राज्यों के वैकेंसी में लिखा हुआ होता है कि भारत का नागरिक हो ,साथ ही वह राज्य का निवासी हूं लेकिन झारखंड के नियोजन में लिखा हुआ रहता है । पूरे भारत के लोग झारखंड में नियोजन कर सकते हैं । अदर स्टेट में ओन्ली फॉर लिखा हुआ होता है इसलिए साफ तौर पर हम कह सकते हैं कि झारखंड में अन्य राज्यों के लिए कोई बैरियर नहीं है बल्कि मनोबल मिल रहा है।

# कोयलांचल में धूमधाम से मनी होली

**एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगा एवं गले मिलकर दी बधाई, लजीज व्यंजनों का भी उठाया लुत्फ,**

खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** कोयलांचल भुरकुंडा, भदानीनगर, बासल सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में बुधवार को धूमधाम से रंगों का पर्व होली मनाया गया। इसके पूर्व मंगलवार की अहले सुबह पुरोहित द्वारा पुरे विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर होलिका दहन कराया गया।

लोगों ने एक-दूसरे को जमकर रंग-अबीर लगाया। साथ ही एक-दूसरे के गले मिलकर होली पर्व की बधाई दी। इसके बाद लोग एक-दूसरे के घर जाकर विभिन्न प्रकार के लजीज व्यंजनों का आनंद उठाया। होली के अवसर पर कई जगहों पर मटका फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जहां मटका फोड़ने वाले को उपहार देकर पुरस्कृत किया गया। इस दौरान होली के गीतों पर लोग देर रात तक नाचते-गाते दिखें। भुरकुंडा क्षेत्र के पटेलगनर, सुंदरनगर, जवाहरनगर, हुरूमगढ़ा, हॉस्पीटल कॉलोनी, रीवर साईड, सौन्दा डी, जयप्रकाश नगर, सौन्दा बस्ती, सेन्ट्रल सौन्दा, केके कोलियरी, बासल क्षेत्र के बलकुदरा, लबगा, रसदा, किन्नी, जराद, हरिहरपुर, नेतुआ, मेलानी व भदानीनगर क्षेत्र के लादी, चिकोर, मुहआ टोला, देवरिया, मतकमा, कुर्से, पाली, सांकी, निम्मी, सुद्दी आदि क्षेत्रों में शांतिपूर्ण व भाईचारगी माहौल में होली का पर्व संपन्न हुआ।

विधि-व्यवस्था बनाये रखने में भुरकुंडा ओपी प्रभारी अमित कुमार, भदानीनगर ओपी प्रभारी दुर्गा शंकर मंडल व बासल थाना प्रभारी अमर शुक्ला दल-बल के साथ मुस्तैद रहे।





होली के दौरान भुरकुंडा, भदानीनग व बासल की पुलिस सड़कों पर लगातार पेट्रोलिंग कर विधि-व्यवस्था को दुरूस्त करने में जुटी थी।

# सदर विधायक ने 14 बेटियों को उपहार में दिया लहंगा

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** सदर विधायक मनीष जायसवाल ने कटकमसांडी प्रखंड के 14 बेटियों को उपहार स्वरूप लहंगा भेंट किया। सुदूरवर्ती क्षेत्र रेबर पंचायत के काजल कुमारी पिता खुशाली यादव ग्राम होरिया लीलावती कुमारी पिता जुगल सिंह भोक्ता ग्राम कठौतिया निशु कुमारी पिता संजय ठाकुर ग्राम हेशाकुदर प्रतिमा कुमारी सीता राम प्रसाद मनीषा कुमारी पिता हरी प्रसाद ग्राम शाहपुर कुसुम कुमारी पिता लालधारी साव ,गीता कुमारी हुलास प्रजापति ग्राम ढोठवा नीतू कुमारी पिता धनी सिंह ग्राम अमझर पम्मी कुमारी पिता विशोक यादव , सीमा कुमारी, छोटन राम ग्राम बारगद्दा। रजनी कुमारी, पिता धनेश्वर राम, वंदना कुमारी, पिता नंदकिशोर पांडेय,सावित्री कुमारी, पिता -बालो राम ग्राम गदोखर।

सुषमा कुमारी, पिता -राजू ठाकुर ग्राम हेदलाग। काजल कुमारी, पिता -सूरज राम ग्राम जलमा। शीतल कुमारी, पिता -भोला राम ग्राम सारूगारू । लक्ष्मी कुमारी, पिता - जीतन साव ग्राम डांड । अनु कुमारी, पिता -राजू यादव ग्राम बंझिया। साबित कुमारी , पिता -जग्गू भुइयां ग्राम बाझा। शोभा कुमारी, पिता - बद्री भुइयां ग्राम कूद में उपहार स्वरूप लहंगा भेंट किया गया। कटकमसांडी विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा ने सभी के घर जाकर लहंगा भेंट कर उज्जवल भविष्य की कामना की। परिजनों ने सदर विधायक मनीष जसवाल के प्रति आभार प्रकट करते हुवे कहा की हमारे लोकप्रिय विधायक हमारे सुख-दुख में हमेशा साथ रहते हैं। विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा ने कहा कि क्षेत्र के अग्रतर विकाश के लिए हमेशा आगे रहेंगे ।पिछले वर्ष कि भांति इस बार भी लहंगा वितरण किया जा रहा है जो सराहनीय कार्य है। उन्होंने कहा कि इन्हीं कार्यों की वजह से सदर विधायक मनीष जायसवाल जन जन के दिलों में बसते हैं।

## शिव प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकाली गई कलश यात्रा

**बरकट्ठा ।** ग्राम किमनीया में श्री श्री 108 शिव प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर गुरुवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा में 501 ग्रामीण महिलाओं एंव कुवांरी कन्याओं के द्वारा कलश यात्रा में शामिल हुए। यात्रा किमनिया शिव मंदिर स्थल से ढोडिया उतरवाहीनी नदी से कलश में जल उठाकर पुनः शिवमंदिर परिसर में लाकर रखी गई ,यज्ञ के मुख्य कथा वाचक वा वैदिक कर्मकांड अयोध्या से चलकर आए हुए रंजीत शास्त्री के द्वारा किया जा रहा है । 9 से लेकर 15 मार्च तक चलेगा। कार्यक्रम में विधायक अमित कुमार यादव, पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ,जिप सदस्य कुमकुम देवी,उप प्रमुख सुरजी देवी ,पसस गुडीया देवी,मुखिया कमलेश कुमार, पूर्व मुखिया गोपाल प्रसाद के अलावे यज्ञ कमेटी के सदस्य उपस्थित थे।

## कुंआ से युवक का शव मिला

बरकट्ठा । बरकट्ठा उतरी पंचायत नयाडीह स्थित एक कुआं से एक युवक की शव पुलिस ने बरामद किया है। शव की पहचान अजय सिंह पिता गोकुल सिंह 25 वर्ष के रूप में हुई है। सोमवार रात को होली का संवत जलाने को कहकर घर से निकला था।

## कोयलांचल में धूमधाम से मना रंगों का त्योहार होली



**कुजू।** कुजू कोयलांचल व आस पास के क्षेत्रों में रंगों का त्योहार होली धूमधाम से मनाया गया। होली को लेकर मंगलवार की अहले सुबह विभिन्न चौक-चौराहों में विधिवत पूजार्चना के साथ होलिका दहन किया गया। जिसके बाद बुधवार की सुबह से लेकर गुरुवार के दिन भर लोगों ने जमकर होली खेली। इस दौरान लोगों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। साथ ही डीजे के धुन पर खूब थिरके। कई स्थानों में मटकी भी फोड़ी गयी। इधर पर्व को लेकर कुजू पुलिस भी मुस्तैद रही। होली के पूर्व संध्या कुजू ओपी में भी कीर्तन किया गया। जिसमे कई फगुवा गीत प्रस्तुत किया गया। क्षेत्र के कुजू बस्ती, केबीगेट, मुरपा, आरा, सारूबेड़ा, सांडी, बोंगाबार, दिगवार, करमा, रतवे, छोटकी डूंडी, बड़की डूंडी, ओरला, तोपा सहित अन्य क्षेत्रों में धूमधाम से होली मनाया गया।

# बड़कागांव में हर्षोल्लास के साथ मनी होली

बड़कागांव ।बड़कागांव प्रखंड तथा आसपास के क्षेत्रों में भाईचारगी व एकता का त्यौहार होली का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ।नया साल शक संवत को लेकर 6 मार्च को देर रात होलिका दहन की गई ।मान्यता है कि होलिका का अवशेष भंडार कोण में गिरने से नया साल सुख शांति और एकता के लिए बेहतर होगा। कृषि कार्य उन्नत होगी। तत्पश्चात 8 मार्च को बड़कागांव प्रखंड विभिन्न गांव में होली मनाई गई ।लोग एक दूसरे का रंग -अबीर लगाया ।टोले एवं मोहल्ले में होलीयाना चौपाल लगा कर लोग ढोल मजीरा के साथ गीत गाए ।वहीं कई जगहों में डीजे साउंड के साथ युवक थिरकते नजर आए। वही मंगलवार को कई होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें कांग्रेस के होली मिलन समारोह में विधायक ने शिरकत की। समारोह में जन वितरण प्रणाली संघ प्रखंड उपाध्यक्ष नरेश वेदिया ने विधायक को बुके देकर स्वागत किया। होली त्यौहार को सफल बनाने के लिए विधायक



अंबा प्रसाद,पूर्व विधायक लोकनाथ महतो ,डीएसपी अमित सिंह,प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार पांडेय,अंचलाधिकारी अमित किस्कू ,थाना प्रभारी विनोद तिर्की सहित पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने मुख्य भूमिका निभाई।

**टाटीझरिया में उड़ा गुलाल**

टाटीझरिया में बुधवार को रंग, गुलाल और अबीर से एक- दूसरे को सराबोर करने की होड़ और होली के गीतों की मस्ती के साथ सोमवार को रात्रि। 2 बजे होलिका दहन के साथ होली शुरू हूआ और बुधवार को रंगों का त्योहार होली हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। क्या अमीर, क्या गरीब सभी एक ही रंग में नजर रहे थे। हर समाज व उम्र के लोग मस्ती की रंग में रंग गए। एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाया। प्रेम व भाईचारे के साथ होली खेली व शुभकामनाएं दी। युवाओं की टोली जगह-जगह होली की गीत डीजे बजाकर झूम उठे बुजुर्ग भजन कीर्तन कर शाम तक नाचते-झूमते देखे गए। टाटीझरिया क्षेत्र के टाटीझरिया डुमर, धरमपुर, जेरूवाडिह, कोल्हू, बेड़म, होलंग, बेरहो, डहरभंगा, झरपो, भराजो, खैरा,नारायणपुर , बेडमकका ,गोधिया, अमनारी, खंभवा, मंडपा, सहित अन्य जगहों पर होली की धूम थी। बच्चे, बूढ़े,जवान सभी होली की मस्ती में थे।

# नवीन जिंदल का धूमधाम से मना 53वां जन्मदिन

खबर मन्त्र संवाददाता

**बासल (रामगढ़)।** जिंदल स्टील एंड पवर के चेयरमैन नवीन जिंदल का 53वां जन्मदिन गुरूवार को जेएसपी के पतरातू इकाई में धूमधाम से मनाया गया।

इस दौरान चेयरमैन नवीन जिंदल के लम्बी उम्र और स्वस्थ्य जीवन की मनोकामना करते हुए प्लांट परिसर में पूजा-पाठ एवं केक कटिंग की गयी। साथ ही उपस्थित लोगों के बीच मिठाई का वितरण कर खुशियां मनाई गई। ज्ञात हो कि नवीन जिंदल का जन्मदिन जेएसपी फिटनेस दिवस के रूप में मनाता है। अधिकारियों और कर्मचारियों में स्वस्थ्य जीवन को बढ़ावा देने के लिए योगा प्रशिक्षण शिविर का भी आयोजन किया गया। अपने सीएसआर कार्य के तहत चलाये जा रहे लड़कियों के लिए फुटबल कोचिंग प्रोग्राम के तहत सभी खिलाड़ियों को खेल में बढ़ावा देने के लिए फुटबल खेल सामग्री प्लांट प्रमुख के द्वारा वितरित की गया। जेएसपी पतरातू के प्लांट प्रमुख आरके अजमेरिया ने अधिकारीयों और कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा



**कटी केक, बंटी मिठाई और दीर्घायु होने की गई कामना**

कि हमें अपने चेयरमैन के मार्गदर्शन में सुरक्षा के साथ कार्य करते हुए कई उच्चाइयों को प्राप्त करना है और राष्ट्र निर्माण में सहयोग देना है। प्लांट प्रमुख ने सभी को चेयरमैन की तरह स्वस्थ्य जीवन की शैली को अपनाने की भी अपील की। मौके पर जेएसपी पतरातू के एचआर प्रमुख सुभाष चंद्र, वित्त प्रमुख आरडी शर्मा, मार्केटिंग प्रमुख राजीव रंजन, डब्लूआरएम प्रमुख संतोष कुमार, बार मिल प्रमुख मुकुल पांडेय, सेफ्टी प्रमुख अशोक सिंह सहित एवं कई उच्च अधिकारी, कर्मचारी, खिलाड़ी और अभिभावक मौजूद थे।

एक नजर में

## मनोज बने तैलिक साहू समाज के उपाध्यक्ष



बरही। विगत कई वर्षों से समाज नक लिए समर्पित युवा सामाजिक कार्यकर्ता व सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने वाले बरही पटना रोड निवासी मनोज साहू पिता स्व चिंतामणि साहू को अनुमंडलीय उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया है। बताते चलें कि चौपारण में पिछले रविवार को आयोजित अखिल भारतीय तैलिक महासभा का दो दिवसीय सम्मेलन के बाद बरही अनुमंडलीय साहू कमेटी का भी चुनाव किया गया। जहां सर्वसम्मति से अनुमंडलीय उपाध्यक्ष पद पर स्व. चिंतामणी साहू के पुत्र मनोज साहू का चयन किया गया। चुनाव कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने की। महासभा के नवचयनित अनुमंडलीय उपाध्यक्ष मनोज साहू ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि समाज के लोगों ने उन्हें जो जिम्मेवारी दी है, उसका निर्वहन वह पूरी ईमानदारी के साथ करेंगे। समाज ने उन्हें यह बहुत बड़ी जिम्मवारी सौंपी है, प्रयास करूंगा कि समाज के लोगों में राजनीतिक चेतना व सामाजिक जागृति आएं। मनोज साहू के अनुमंडलीय उपाध्यक्ष बनाएं जाने पर जीप सदस्या प्रीति कुमारी, सीताराम साहू, सुनील साहू, मुकुंद साहू, अर्जुन साहू, रेखा देवी, विहिप जिला सहमंत्री गुरुदेव गुप्ता, शंभु कुमार, संजय नायक, पिंटू कुमार समेत समाज के लोग मौजूद थे।

## जिनगा में घुसा जंगली हाथियों का झुंड

**दारू।** प्रखंड अंतर्गत ग्राम जिनगा के बीच गांव में बुधवार रात में हाथियों का झुंड आ धमके थे। हाथियों के अगमन से जिनगा ग्रामीणों में दहशत का माहौल व्याप्त है ।हाथियों के झुंड के आगमन की भनक गुरुवार की सुबह किसान को तब लगी जब वे लोग बागान में गए । किसानों ने देखा कि खेत मे लगे हुए चना और सब्जियों को नष्ट पाया साथ ही वहां हाथियों का लीद पाया गया। हालांकि हाथियों का झुंड को ग्रामीणों ने नही देखा लोगों का अनुमान है कि हाथियों का झुंड जंगल की ओर चले गए हैं लेकिन लोगों में इस अंदेशा है कि हाथियों का झुंड पुनः वपास आ सकता है, जिससे लोगों में भय का माहौल है। जिनगा निवासी संजय कुमार ने बताया कि मेरे घर के पीछे लगे सब्जी और चना के पौधे को हाथियों ने कुछ क्षति पहुंचाया है । संजय कुमार सहित समस्त जिनगा वासियों ने प्रशासन से आग्रह किया है कि इस संबंध में संज्ञान में और जो भी उनकी तरफ से हो सकता है कार्यवाही करें।

## अस्पतालकर्मियों ने जमकर खेली होली



**बरही।** अनुमंडलीय अस्पतालकर्मियों ने होली मिलन समारोह का आयोजन किया। समारोह में मुख्य अतिथिरूप से अनुमंडलीय अस्पताल के डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ सभी अस्पताल कर्मियों ने डीएस डॉ ज्ञानी प्रकाश को रंग गुलाल लगाकर एवं आशीर्वाद लेकर किया ।मौके पर अस्पताल के सभी चिकित्सक एवं कर्मियों ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दिया। साथ ही होली के गानों पर झूम कर होली को यादगार बनाया। अंत में सभी ने सामूहिक भोजन का भी आनंद उठाया। इस बाबत अनुमंडलीय अस्पताल के डीएस डॉ ज्ञानी प्रकाश ने कहा कि होली रंगों का त्योहार है, जिसे हम सबको अपनी पुराने सभी गिला शिकवा भूलकर मनानी चाहिए और आने वाले नव वर्ष का स्वागत आनंदित मन से करना चाहिए। उन्होंने कहा कि रँगोंबक इस त्योहार में किसी के धर्म को आहत न करते हुए उनकी मर्जी से उन्हें रंग व गुलाल देने की बात कही ।साथ ही पारम्परिक तरीके से होली खेलने के दौरान रासायनिक रंगों का प्रयोग नही करने की बात कही। मौके पर डॉ अमन कुमार, अस्पताल के मुख्य लिपिक पंकज आजाद, बीपीएम नारायण राम, बैम कमल श्रीवास्तव, सुनीता कुमारी, प्रह्लाद कुमार, संतोष कुमार, विनय सिन्हा, महादेव प्रसाद, विजेंद्र कुमार, कुलदीप कुमार, अमित विश्वकर्मा, नरेश प्रजापति सहित दर्जनों अनुमंडलीय अस्पताल कर्मी एवं डॉक्टर्स मौजूद रहे।

## बरही में पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने ग्रामीणों व कार्यकर्ताओं के साथ खेली होली



**बरही।** पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने प्रखंड परिसर स्थित शिव मंदिर में क्षेत्र के ग्रामीणों एवं कार्यकताओं के साथ होली पर्व मनाया। होली की मस्ती में सराबोर आमजन के साथ पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव होली के गीतों पर थिरकने से अपने आप को रोक नहीं पाए। माइक पकड़कर फगुआ के गीत गाकर लोगों के साथ खूब मस्ती किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्रवासियों को स्नेह, सौहार्द एवं समरसता के महापर्व होली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दिया। उन्होंने कहा कि यह पर्व आप सभी के जीवन में सुख, समृद्धि और आनंद का एक नया उजाला लेकर आएं। कहा कि ईश्वर से कामना है कि रंगोत्सव का त्यौहार आपके जीवन में खुशियों के नये द्वार खोलें। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, सद्भावना विकास मंच अध्यक्ष राजसिंह चौहान, जिप प्रतिनिधि सह विहिप जिला सहमंत्री गुरुदेव गुप्ता, मनोज केशरी, विहिप प्रखण्ड अध्यक्ष नंदकिशोर कुमार, रितेश गुप्ता, कैलाश ठाकुर, राजकुमार यादव, पम्पम, अनुज सिंह, बिरेन्द्र कुमार आदि उपस्थित रहें।

## दारू प्रखंड में होली शांतिपूर्वक संपन्न

**दारू।** पूरे प्रखंड क्षेत्र में रंगोत्सव का पर्व होली बड़े ही धूम-धाम के साथ शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। क्षेत्र में होली पर्व के पूर्व संध्या पर ग्रामीण क्षेत्रों में आतिशबाजी के साथ होलिका दहन की गई साथ ही क्षेत्र के कई स्थानों पर पारम्परिक रीति -रिवाज के साथ होली गायन का कार्यक्रम हुआ। बच्चे एवं युवा एक टोली बनाकर फगुआ के गीतों पर झुमते और एक दूसरे को रंग-अबीर लगते नजर आए। इस मौके पर थाना प्रभारी अमित कुमार द्वारा चौक-चौराहों पर पुलिस बल की चाक चौबंद व्यवस्था की गई, जिससे रंगोत्सव का पर्व होली शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई होली पर्व की बधाई देते हुए कहा कि होली आपसी मिल्लत व भाईचारगी का त्योहार है।

जोगीरा सारा रा रा से गूंजता रहा शहर से लेकर प्रखंड मुख्यालय, एक दूसरे को गुलाल लगाकर दी होली पर्व की बधाई

# सुख-समृद्धि व उल्लास का पर्व होली पर बच्चों से लेकर बुर्जूगों तक में दिखा उत्साह




होली पर्व पर एक दूसरे को रंग लगाती बच्चियां, अबीर व गुलाल लगाकर एक दूसरे को बधाई देती महिलाएं




चैती दुर्गा पूजा समिति द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में शामिल लोग, होलिका दहन के दौरान परिक्रमा करते लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** जनजातीय बहुल गुमला जिला में सुख-समृद्धि व उल्लास का पर्व होली आपसी भाईचारे व सद्भावना के साथ जिला मुख्यालय सहित प्रखंड मुख्यालयों में धूमधाम से संपन्न हुआ। रंगों के इस त्योहार में जोगीरा सारा रा रा के गीत हर चौक चौराहों पर गुंजते रहे। क्या बच्चे, क्या बुढे और क्या जवान सभी सात रंगों में समाज को समरसता का संदेश एक रंग में रंगकर देते दिखे। अधिकारी हो या कर्मचारी, बुद्धिजीवी हो या गरीब, हिंदू हो या मुस्लिम सभी ने जमकर होली खेली और आसपी एकता की मिसाल पेश की। रंगो का त्योहार होली को लेकर बच्चों में खासा उत्साह देखा गया। सुबह आठ बजे से ही बच्चों की टोली जगह-जगह पर रंग खेलने में मशगुल नजर आये। होली पर्व में युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। दिन के करीब 12 बजे मेन रोड, पटेल चौक व पालकोट रोड में लोगों की भीड़ देखी गयी। चारों ओर उत्साह का माहौल रहा। वहीं संध्या में सभी अबीर-गुलाल लगाकर एक दूसरे को बधाई दी। देर रात्रि तक अबीर-गुलाल का दौर चलता रहा और शुभचिंतकों के घर लोगों का आना-जाना लगा रहा। वहीं जिले के विभिन्न प्रखंडों में भी होली का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। बुधवार की सुबह सुबह मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गयी। सुबह पांच बजे से ही देवी मंदिर, काली मंदिर व अन्य जगहों पर महिलाओं व श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की।

## होलिका दहन स्थल की परिक्रमा कर बुराई को त्यागाने का लिया गया संकल्प

**गुमला।** मंगलवार की अहले सुबह बुराई पर अच्छाई के जीत का प्रतीक होलिका दहन किया गया। शहर के पालकोट रोड स्थित शक्ति मंदिर परिसर, ज्योति संघ चौक, पटेल चौक सहित अन्य स्थानों पर होलिका दहन हुआ। होलिका दहन में लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। होलिका दहन के लिए लोग बांस पर बुट झंगरी बांधकर आये थे और होलिका दहन के साथ लोगों ने अपने अंदर छिपे बुराई का त्याग का संकल्प लिया। होलिका दहन स्थल की परिक्रमा भी लोगों ने आस्था व विश्वास के साथ किया। जिसके बाद लोगों ने आग पर अपने बुट झंगरी को जलाया और प्रसाद के रूप में उसे ग्रहण किया। कई लोग होलिका दहन स्थल से आग व राख भी अपने घरों के लिए ले गये।

## जिन बच्चों का बैंक खाता नहीं है उनके माता-पिता के खाते में यूनिफार्म की राशि दें: उपायुक्त



बैठक में निर्देश देते उपायुक्त

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** उपायुक्त सुशांत गौरव की अध्यक्षता में गुरुवार को शिक्षा विभाग अंर्तगत किये गये कार्यों की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से सभी सरकारी विद्यालय के बच्चों को मिलने वाली सुविधाओं के विषय में चर्चा करते हुए उपायुक्त ने आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बैठक में उपस्थित जिला शिक्षा अधीक्षक ने जानकारी देते हुए कहा कि अब तक जिले के सरकारी विद्यालय के लगभग एक लाख बच्चों के बीच यूनिफॉर्म की राशि का वितरण उनके बैंक अकाउंट में किया जा चुका है। करीब 12000 बच्चों के बैंक अकाउंट न होने के कारण यूनिफॉर्म की राशि का वितरण नहीं हो पा रहा है। उपायुक्त ने जिन बच्चों का बैंक में खाता नहीं हैं उनके माता पिता के बैंक अकाउंट का पता करते हुए अविलंब राशि का भुगतान करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि जिन बच्चों को राशि का भुगतान किया जा चुका है उन्हे यूनिफॉर्म पहन कर स्कूल आना अनिवार्य है।

उपायुक्त ने सभी विद्यालयों खास कर सड़क किनारे बने विद्यालयों का नियमित रूप से निरीक्षण करने का निर्देश दिया। विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति पंजी का भी जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा औचक निरीक्षण करने को कहा। उपायुक्त ने कक्षा 1 और 2 के बच्चों के यूनिफॉर्म को सैंपल यूनिफॉर्म से मिलान करते हुए गुणवत्ता की जांच करने की बात कही। फाउंडेशन लर्निंग के संबंध में उपायुक्त ने जिले के 2000 शिक्षकों को उक्त के संबंध में प्रशिक्षण देने का निर्देश दिया।

## महिला को मिला राज्य स्तर मे सर्वश्रेष्ठ मुखिया का सम्मान

**कैरो /लोहरदगा।** जिले के प्रखंड कैरो के अन्तर्गत प्रखंड क्षेत्र के सढावे पंचायत के मुखिया सुमित्रा उराँव को राज्य सरकार के पंचायती राज निदेशक निशा उराँव, उप-निदेशक संदीप कुमार दुवे, सीटीआई के प्रिंसीपल बीरेन्द्र चौबे के हाथों अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर राँची हेहल के कार्यक्रम में मिला सर्वश्रेष्ठ मुखिया का सम्मान। विदित है कि विगत दिनों अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर राज्य सरकार के द्वारा राँची हेहल मे राज्यस्तरीय उत्कृष्ट महिला जन प्रतिनिधि सम्मान समारोह का आयोजन किया था, जिसमे झारखंड राज्य से 276 महिला जन प्रतिनिधियों ने कार्यक्रम में भाग लिया था, जिसमे लोहरदगा जिले के कैरो प्रखंड क्षेत्र के सढावे पंचायत के मुखिया सुमित्रा उराँव को राज्य मे सर्वश्रेष्ठ महिला मुखिया के सम्मान से नवाजा गया। राज्य सरकार के द्वारा कैरो सढावे की मुखिया सुमित्रा उराँव को सर्वश्रेष्ठ मुखिया का सम्मान मिलने पर कैरो प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो, अंचलाधिकारी कमलेश उराँव, कैरो प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी आकाश कुंवर, बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## शब ए बरात पर मुस्लिम समाज के लोगों ने की अल्लाह की इबादत

### कब्रिस्तान में अपने पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए मांगी दुआ

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** शब ए बरात यानि निजात वाली रात। इस रात अल्लाह अपने गुनहगार बंदों को गुनाहों से माफी देता है। इसलिए आज की रात अल्लाह के बंदों को चाहिए कि अधिक से अधिक इबादत करे और अल्लाह से अपने किए गए गुनाहों से माफी मांगे। उक्त बातें मौलाना इब्राहिम रब्बानी ने शब ए बरात के मौके पर कही। शब ए बरात को लेकर मुस्लिम धर्मावलंबियों ने खूब तैयारियां की थी। अपने अपने घरों में साफ सफाई के साथ-साथ मस्जिदों व कब्रिस्तान की भी साफ सफाई की गई। मस्जिदों को आकर्षक तरीके से सजाया गया था। मस्जिद के मीनार और गुंबद पर लाइटों की सजावट देखते बन रही थी। शब एक बरात पर मुस्लिम समाज के लोग रात भर जागकर अल्लाह की इबादत की। हालांकि मगरिब की नमाज के बाद से ही लोगों ने नफिल नमाज अदा करनी शुरू कर दी थी। लेकिन ईशा की नमाज के बाद मस्जिदों में इबादत करने वाले मुसलिम समुदाय के लोगों की काफी भीड़ देखी गई। रात भर लोगों ने नाफिल नमाजे और नफली इबादतें की। रात भर मुस्लिम धर्मावलंबियों का कब्रिस्तान में आना-जाना लगा रहा। कब्रिस्तान को भी आकर्षक तरीके से सजाया गया था। साथ ही रोशनी का पूरा इंतजाम कब्रिस्तान में किया गया था। कब्रिस्तान में लोगों ने अपने पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए दुआएं की। घरों में फातिहा ख्वानी की गई। अपने अपने पूर्वजों के नाम मगफिरत की दुआ की गई।



शब ए बारात पर मजिस्द में नमाज अदा करते लोग



घाटो बगीचा कब्रिस्तान पहुंचे लोग

## लाठी व रॉड से पीट-पीटकर एक युवक की हत्या

**लोहरदगा।** जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्र पेशरार थाना के ऑनेगढ़ा में जमीन विवाद को लेकर एक की हत्या करने का मामला सामने आया है। मिली जानकारी के अनुसार 7 मार्च को रात्रि करीब 10:00 बजे लाठी व रॉड से हमला कर एक युवक को गंभीर रूप से घायल करते हुए हत्या कर दी गई। मृतक युवक की पहचान ओनेगढा निवासी 26 वर्षीय जुगेश उराँव पिता बरतिया उरांव के रूप में हुई है। वहीं मामले की जानकारी पेशरार थाना प्रभारी मोहम्मद अख्तर अली को आज 8 मार्च को सुबह में करीब 7:00 बजे मिलने के बाद घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए लोहरदगा भेजा गया। जहां से पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया। साथ ही पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए घटना में संलिप्त ओनेगढ़ा निवासी बिलेश्वर उराँव पिता स्वर्गीय सोमरा उराँव एवं पत्नी कलावती उराँव गिरफ्तार कर लिया गया।

## उमंग व उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ रंगों का पर्व होली

### बरही में नया दामाद का स्वागत करते और ढेला मार होली खेलते लोग




नए दामाद को स्वागत करते लोग, ढेला मार होली खेलते लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र में उमंग व उल्लाष के साथ सम्पन्न हुआ रंगों का पर्व होली। सेन्हा प्रखंड मुख्याल से लेकर ग्रामीण क्षेत्र में सभी लोग होली के मौके पर रंगों में सराबोर हुए। जगह जगह पर रंग,अबीर और गुलाल उड़ाया गया। वही बच्चे व जवानों ने जमकर बम पटाखा फोड़ कर आतिशबाजी करते हुए होली मनाया। प्रखण्ड क्षेत्र में लगातार तीन दिन तक रंगों का त्योहार होली मनाया गया। वही प्रखण्ड क्षेत्र अन्तर्गत सेरेंगहातु तोड़ार पंचायत के बरही में लोगों द्वारा पारंपरिक तरीके से ढेला मार होली मनाया गया। जिसकी शुरूआत गण्यमान्य लोगों द्वारा गाँव के नये दमादों का अवभगत समारोह के साथ प्रारम्भ हुआ।इस बार पूर्णिमा दो दिन होने के वजह से अधिकाशं जगहों पर सोमवार मध्य रात्रि में होलिका दहन किया गया। छिट पुट जगहों में कही कही मंगलवार को भी होलिका दहन किया गया। जिस वजह से सभी प्रखंड क्षेत्र के सभी जगह बुधवार को रंगों का पर्व होली उमंग व उल्लास से मनाया गया। सुबह में सभी लोगो ने घर और मन्दिर में पूजा अर्चना करने के उपरान्त एक दूसरे पर रंग, अबीर, गुलाल लगाकर होली की शुभकामना देते नजर आये। बच्चे, बूढ़े, महिलाएं और जवान सभी होली के रंगों में रंगकर काफी उत्साहित दिखाई दे रहे थे। वही होली में रंगों के साथ साथ पुआ पकवान और मिठाई लुफ्त उठा रहे थे। ग्रामीण क्षेत्र में लोग डीजे के धुन और ढोल, नगाड़ा पर होली गानों पर संगीत के साथ नाचते झूमते दिखाई दिये। वही कई जगहों पर मटका फोड़ कार्यक्रम के अलावे छोटे बड़े कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। होली पर्व को लेकर मिठाई और रंग,अबीर,गुलाल का जमकर बिक्री हुआ। कही कही खस्सी मिट का भी बिक्री करते नजर आये। होली के अवसर पर सोमवार सुबह से लेकर बुधवार शाम तक उत्साह देखा गया। सभी लोगों ने एक दूसरे को रंग,अबीर लगाकर होली का त्योहार बहुत ही उमंग व उत्साह से मनाया। वही बच्चों ने पिचकारी में रंग भर भर कर उत्साह से रंग खेल कर होली का उत्सव मनाया जिसे बच्चों में काफी उत्साह देखा गया। बड़ों ने भी रंग खेलकर होली मनाया। और एक दूसरे को बधाई दिया। वही त्योहार के दौरान किसी तरह का हुड़दंग या झगड़ा झंझट न हो जिस के लिये प्रशासन की ओर से सुरक्षा का ब्यापक इन्तिजाम किया गया था। प्रखण्ड क्षेत्र में जगह जगह पुलिस बल की तैनाती किया गया था। जिसे शांति व सौहार्द के साथ प्रखंड क्षेत्र में रंगों का त्योहार होली सम्पन्न हुआ। कही से किसी तरह का कोई अप्रिय घटना की सूचना नही मिली।

## बाइक सहित चोर को पकड़ ग्रामीणों ने किया थाना को सुपुर्द

**सेन्हा-लोहरदगा।** तोड़ार पखन टोली से बाइक चोरी मामला में लोहरदगा थाना क्षेत्र का मैना बगीचा के ग्रामीणों ने बाइक सहित चोर को पकड़ कर थाना को सुपुर्द कर दिया। जानकारी अनुसार सेन्हा थाना क्षेत्र के तोड़ार पखन टोली निवासी स्वर्गीय मोहन भगत के पुत्र आनंद भगत के घर से शनिवार रात को अज्ञात चोर द्वारा बाइक चोरी का घटना को अंजाम दिया गया था। जिसको लेकर आनन्द भगत द्वारा सेन्हा थाना में अर्जी दिया गया था। और अपने तथा परिवार के मदद से चोरी बाइक पल्सर आर एस 200 का पता लगाने में जुटा हुआ था। वही मंगलवार को आनन्द भगत के परिवार को सूत्रों से प्राप्त हुआ कि बाइक डी एल 3 एस डी एल 7142 पल्सर आर एस 200 पिला रंग का लोहरदगा मैना बगीचा में खड़ा है। तभी ग्रामीणों की मदद लेते हुए चोर को बाइक के साथ पकड़ स्थानीय पुलिस को सूचना दिया गया।

## एक नजर में

### होली मिलन समारोह धूमधाम से संपन्न

**गुमला।** चैती दुर्गा पूजा समिति के द्वारा बुधवार को स्थानीय हिंदुस्तान टावर मेन रोड गुमला में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें भारी संख्या में सनातन धर्मावालंबियों ने भाग लिया। जहां एक दूसरे को रंग गुलाल लगाया और होली पर्व की शुभकामना दी। वहीं आयोजन समिति के द्वारा ठंडाई की व्यवस्था की गई थी। जिसका जमकर लोगों ने लुत्फ उठाया। वहीं चैती दुर्गा पूजा समिति के सदस्य होली के गीतों पर झूमते रहे। कभी मेन रोड गुमला में होली के दिनों में सन्नाटा रहता था। परंतु चैती दुर्गा पूजा समिति द्वारा प्रत्येक वर्ष इस तरह का आयोजन कर मेन रोड को गुलजार किया जा रहा है।

### हापामुनी में पारंपरिक रीति रिवाज से हुआ डोल पूजा

**घाघरा।** होली पर घाघरा प्रखंड के हापामुनी मंदिर में डोल पूजा का आयोजन किया गया। हापामुनी मंदिर में होली के दिन मां महामाया, भगवान कृष्ण व भगवान विष्णु की मूर्ति को निकालकर बाहर में पूजा अर्चना करने की परंपरा है जो कि पिछले सैकड़ों वर्षो से लगातार चली आ रही है। पुजारी ब्रजेश पाठक ने इस संबंध में बताया कि होली के दिन गांव में रंगों की शुरूआत महामाया मंदिर में डोल पूजा के बाद ही होता है। वर्षों से होली के दिन सभी मूर्तियों का मंदिर से बाहर रखकर विधिवत पूजा अर्चना करके पुनः मंदिर के अंदर स्थापित किया जाता है। जिसके बाद गांव के लोग होली में रंग खेलने का काम शुरू करते हैं। डोल पूजा के दरमियान सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### बंदर के हमले में युवक जख्मी

**गुमला।** गुमला मुख्यालय से 5 किलोमीटर दूर चंदाली निवासी अजय तिर्की बुधवार की शाम करीब 7:00 बजे एक जंगली बंदर के हमले से जख्मी हो गया। जिसे दोस्तों ने इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया। घटना की जानकारी देते हुए घायल युवक अजय तिर्की ने बताया कि वह घर के बाहर टहल रहा था। इसी दौरान एक जंगली बंदर आ धमका और हाथ और छाती पर नाखून से हमला कर दिया। दूर में खड़े कुछ लोगों द्वारा खदेड़ने के बाद वह वहां से भाग निकला। वहीं डॉक्टरों ने बताया कि पीड़ित को सीने पर गहरा जख्म पहुंचा है।

### बाइक सवार युवक अनियंत्रित होकर गिरा, सिर पर लगी गंभीर चोट

**गुमला।** गुमला थाना क्षेत्र के खोरा पतराटोली के समीप बुधवार की रात्रि करीब 8:00 बजे बाइक सवार भंडरिया उरांव टोली गांव निवासी उत्तम भगत अनियंत्रित होकर गिर पड़ा। इस हादसे में पीड़ित को चेहरे और सिर पर गंभीर चोट पहुंची। काफी देर तक वह घायल अवस्था में मौके पर पड़ा रहा। जिसके बाद कुछ राहगीरों की नजर उस पर पड़ी और तत्काल पीड़ित को उठाकर इलाज हेतु अस्पताल पहुंचाय। डॉक्टर द्वारा पीड़ित का उपचार किया गया तत्काल पूरे घटना की जानकारी पीड़ित के परिजनों को दी गई।

### सड़क पार कर रहे मजदूर को वाहन ने मारी टक्कर, गंभीर रूप से घायल

**गुमला।** सिसई रोड पुग्गु नदी पुल के समीप बुधवार की रात्रि करीब 9:00 बजे सड़क पार कर रहे मजदूर पतरस किस्पोट्टा के पुत्र जोहन किस्पोट्टा को तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। इस हादसे में पीड़ित को सिर और पैर पर गंभीर चोट पहुंची। जिसे कुछ राहगीरों ने सहारा देकर उठाया और इलाज हेतु सदर अस्पताल पहुंचाया। गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टर द्वारा पीड़ित को रांची रेफर किया गया। पीड़ित सिसई रोड रश्मि नगर में किराये का मकान पर रहकर मजदूरी का काम करता है और कुछ काम से घर के बाहर निकला था। इसी दौरान एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी।

### बाइक से गिरकर मजदूर हुआ जख्मी

**गुमला।** नेतरहाट के एक होटल में काम करने वाला मजदूर नेहरू किसान बुधवार की रात एक सड़क हादसे में जख्मी हो गया। जानकारी के अनुसार मजदूर काम खत्म करने के बाद घर जाने के लिए निकला था। इसी दौरान सरना टोली के समीप अचानक बाइक से अनियंत्रित होकर गिर पड़ा। इस हादसे में पीड़ित को आंख और सिर पर गंभीर चोट पहुंची। जिसे होटल मालिक सहित कुछ लोगों ने इलाज हेतु बुधवार की रात्रि करीब 9:00 बजे बिशनपुर अस्पताल पहुंचाया। जहां से गंभीर स्थिति को देखते हुए बुधवार की रात्रि 10:00 बजे सदर अस्पताल लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने बताया कि पीड़ित को आंख पर गंभीर चोट पहुंची है और आंख के ऊपर की हड्डी टूट गई है।

### दो युवक घायल, एक का टूटा पैर

**गुमला।** गुमला - पालकोट मुख्य मार्ग में खरवाडीह के समीप बुधवार की रात्रि बाइक सवार दो दोस्त अनियंत्रित होकर गिर पड़े। इस हादसे में बाइक सवार पहानटोली निवासी सुशील उरांव और उसका दोस्त बाजारटांड़ निवासी मनीष कुमार जख्मी हो गये। स्थानीय लोगों ने दोनों घायलों को इलाज हेतु नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बुधवार की रात्रि करीब 9:30 बजे बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। इस हादसे में सुशील को गंभीर चोट पहुंची है और उसका एक पैर टूट गया है। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों के द्वारा सुशील को रांची रेफर किया गया। जबकि उसके दोस्त का डॉक्टरों की देखरेख में अस्पताल में उपचार जारी है। बताया जाता है कि दोनों दोस्त होली को लेकर परिचितों के घर अबीर लगाने निकले थे। सुशील अपने दोस्त मनीष को छोड़ने उसके घर जा रहा था। इसी दौरान खरवाडीह के समीप अनियंत्रित होकर गिर पड़े बताया जाता है कि दोनों नशे की हालत में थे।

### बकरी चराने निकले किसान की वज्रपात की चपेट में आने से हुई मौत

**गुमला।** सिसई थाना क्षेत्र के नगर चडरीटोली गांव निवासी किसान घनश्याम उरांव की बुधवार की देर शाम वज्रपात की चपेट में आने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार किसान घर से थोड़ी दूर बगीचा के समीप बकरी चराने निकला था। इसी दौरान अचानक मौसम ने करवट ली और बिजली चमकने के साथ बारिश होने लगी। बारिश से बचने के लिए किसान एक पेड़ के नीचे चला गया। इसी दौरान वज्रपात की चपेट में आने से किसान की मौत हो गई। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंचे लोगों ने तत्काल किसान को उठाकर अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने जांच के उपरांत मृत घोषित कर दिया।

### सड़क दुर्घटना में युवती सहित दो व्यक्ति घायल

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के बक्सीडीपा चौक के समीप सड़क दुर्घटना में युवती सहित दो व्यक्ति घायल हो गये। सभी घायलों को स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से इलाज के लिये सदर अस्पताल लोहरदगा में भर्ती कराया गया। बताया जाता है कि जे एच 01डी बी 6332 बाइक जो सेन्हा की ओर से लोहरदगा जा रहा था। वही विपरीत दिशा से आ रही स्कूटी जे एच 08 जे 7613 में सवार चालक युवती बदला की ओर जा रही थी। कि उसी दौरान बाइक असंतुलन हो स्कूटी को टक्कर मार दिया जिसमें बाइक चालक एवं स्कूटी चालक घायल हो गये। घायल बाइक चालक की पहचान मुर्की निवासी सुखदेव उराँव के 22 वर्षीय पुत्र दीपक उराँव के रूप में किया गया। जबकि स्कूटी सवार युवती को बक्सीडीपा ढोडा टोली निवासी बताया जा रहा है। घटना की सूचना पर सेन्हा थाना प्रभारी के निर्देश पर पुलिस पहुंच क्षतिग्रस्त वाहन को जब्त करते हुए अग्रतर कारवाई में जुट गई।

स्पीड न्यूज

### वॉलीबॉल प्रतियोगिता संपन्न

**गढ़वा।** गढ़वा जिला बॉलीबॉल संघ के तत्वाववधान में आयोजित तीन दिवसीय उदय शंकर दुबे स्मृति डे नाईट वॉलीबॉल प्रतियोगिता संपन्न हो गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर तथा विशिष्ट अतिथि डीडीसी राजेश राय ने बॉल हिट कर फाइनल मुकाबला का उद्घाटन किया।

### पैसे के अभाव में खाताधारी की मौत

**मझिआंव।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सकरकोनी निवासी महबूब आलम खां की पैसे के अभाव में इलाज के दौरान मौत हो गई। जिसे लेकर गुरुवार को पुत्र गुलाम सरवर खान, जिला परिषद सदस्य धर्मेंद्र कुमार सिंह, किसान यूनियन संघ लालू वीरेंद्र सिंह एवं परिजनों ने मृतक महबूब आलम का शव लेकर चंद्री स्थित सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया पहुंचे और शाखा प्रबंधक पर पैसा नहीं देने का आरोप लगाया।

### कस्तूरबा की 10वीं की छात्रा की मौत

**कांडी।** प्रखंड मुख्यालय स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय प्रबंधन की लापरवाही से वर्ग दस की छात्रा रीना कुमारी की मौत हो गयी। रीना बिहार के रोहतास जिले के जमुहार स्थित एक निजी अस्पताल में आठ मार्च को दम तोड़ दी। मृतका इस वर्ष वर्ग 10 की परीक्षा लिखने वाली थी।

### पुलिस और बालू के अवैध कारोबारियों में कहासुनी का मामला प्रकाश में

**रमना।** थाना क्षेत्र के हारादाग कला पंचायत में पुलिस और बालू के अवैध कारोबारियों में कहासुनी का मामला प्रकाश में आया है। चर्चा है कि गस्ती पर निकली पुलिस को हारादाग कला पंचायत के विभिन्न नदियों से बालू के अवैध खनन और परिवहन सूचना मिली थी। जिसके आलोक में पुलिस कार्रवाई के लिए पहुंची थी। इसी दौरान संलिप्त लोगों ने हंगामा खड़ा कर दिया। पुलिस कार्रवाई कर रही है।

### जुलूस निकाले युवकों के साथ पुलिस का झड़प

**कांडी।** प्रखंड के कांडी बाजार की सड़क गुरूवार की सुबह पांच घंटे तक जाम रही, इस दौरान बाजार की दुकानें भी बंद रही व लोगों द्वारा टायर जलाकर प्रदर्शन भी किया गया। कांडी में होली के दिन शाम को जुलूस में शामिल एक युवक मिथिलेश कुमार पुलिस की पिटाई से घायल हो गया था। साथ ही इस घटना में कुछ पुलिसकर्मी भी घायल हो गये थे। बताया जाता है कि होली के जुलूस में शामिल लोग तेज आवाज में डीजे बजा रहे थे व पटाखे फोड़ते जा रहे थे। जुलूस को कंट्रोल करने के लिए शामिल पुलिस द्वारा मना करने के बाद भी पटाखे फोड़ने वाले लोग नहीं माने और पटाखे फोड़ते रहे। वहीं एक पटाखा मना कर रहे पुलिस जवानों के आंखों में भी लग गई।

# राज्य सरकार को बदनाम करने की साजिश कर रही है केंद्र सरकार : मिथिलेश ठाकुर

## देश का पहला राज्य है झारखंड जहां सर्वजन पेंशन योजना लागू, मंत्री ने किया 140 करोड़ की लागत से बनने वाली सड़क का किया शिलान्यास

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेराल (गढ़वा)।** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने 140 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली सड़क का पूजा अर्चना कर नारियल फोड़कर एवं शिलापट्ट का अनावरण कर भूमि पूजन व शिलान्यास किया। 37 किलोमीटर लंबी मेराल से अम्बाखोरेया पथ का अवशेष कार्य का पुनर्निर्माण व चौड़ीकरण का कार्य किया जाएगा।

मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि आज पूरे गढ़वा में चप्पे-चप्पे पर विकास की गंगा बह रही है। हमारी प्राथमिकता कार्य को बेहतर तरीके से पूर्ण कराना है। शिलान्यास और उद्घाटन तो महज जनता से मिलकर उन्हें जानकारी देने का मौका है। उन्होंने कहा कि गढ़वा जिले के माथे पर पिछड़ेपन एवं अविकसित जिला का लगा कलंक वर्ष 2024 तक समाप्त कर देंगे। गढ़वा सबसे विकसित एवं अग्रणी क्षेत्र के रूप में उभर कर सामने आएगा। मंत्री ने कहा कि झारखंड के हेमंत सरकार मौजूद अपने संसाधन में गढ़वा जिला एवं पूरे पलामू प्रमंडल सहित संपूर्ण राज्य में काफी बेहतर विकास कार्य कर रही है। केंद्र सरकार झारखंड को बदनाम एवं परेशान करने का कोई कसर नहीं छोड़ रही है। राज्य की आठ लाख आवास योजना को केंद्र ने रोक दिया है। राज्य की गरीबों का केंद्र ने राशन बंद कर दिया। परंतु राज्य सरकार ने ग्रीन कार्ड बनाकर अपने पैसे से केंद्र से राशन खरीदने की पेशकश की। फिर भी राशन नहीं दिया गया। राज्य सरकार सभी हरा कार्ड धारियों को अब तक का पूरा जोड़ कर राशन देगी। मंत्री ने कहा कि राज्य में 17 साल तक भाजपा का शासन रहा है। भाजपा के शासनकाल में सिर्फ गरीबों का खून चूसा गया है। आज झारखंड देश का पहला राज्य है जहां सार्वजनिक पेंशन योजना लागू की गई है। पेंशन में पहले कोटा होता था, परंतु आज राज्य सरकार सभी जरूरतमंद वृद्ध, विधवा एवं विकलांग को पेंशन दे रही है। उन्होंने कहा कि यदि जनप्रतिनिधि के पास काम करने की इच्छा शक्ति हो तो निश्चित रूप से क्षेत्र में विकास होगा। परंतु यहां तो लोग काम करने के बजाए जनता का मनोरंजन करते हैं। ऐसे लोगों को जनप्रतिनिधि नहीं बल्कि किसी नाटक या सर्कस में भर्ती हो जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अब तक यहां पार्टी बदल-बदल कर जनता को ठगा गया है। मंत्री ने बगैर नाम लिए कहा कि यदि झूठ की प्रतियोगिता आयोजित कराई जाए तो पूरी दुनिया में हमारे पूर्व जनप्रतिनिधि एवं बगल क्षेत्र के जनप्रतिनिधि नंबर एक और नंबर दो बनेंगे। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि जब मैं विधायक नहीं था तब भी जनता की सेवा के लिए हमेशा खड़ा था और आज जनता ने जिम्मेवारी सौंपी है तो मैं दिन रात जनता के कार्यों में ही लगा रहता हूं। उन्होंने कहा कि यहां लोग अपने स्वार्थ सिद्धि के लिए अलग-अलग पार्टियों से एक होकर मिथिलेश ठाकुर को बदनाम करने पर लगे हुए हैं। परंतु उनसे कोई फर्क नहीं पड़ने वाला है। मैं किसी गीदड़ भभकी से डरने वाला नहीं हूं। जब पहली बार चुनाव लड़ने आया था तब बहुत धमकी दी जा रही थी, और अब लोग साजिश पर उतारू हो गए हैं। परंतु जनता का आशीर्वाद मेरे साथ है। जनता सभी बहूरुपियों को अच्छी तरह समझ चुकी है। उन्होंने कहा कि आज गढ़वा में जिस गति से गुणवत्ता के साथ विकास हो रहा है वैसा आज तक कभी नहीं हुआ था। अभी के किए गए कार्य आगामी 10-15 वर्षों तक कुछ नहीं होगा। जबकि पिछले 10 वर्षों में किए गए कार्यों का आज कहीं कोई नामोनिशान तक नहीं है। बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष नितेश सिंह, ताहिर अंसारी आदि ने विचार व्यक्त किया। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी, मुन्ना सिंह, दिलीप गुप्ता, आशुतोष पांडेय, नवीन तिवारी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।



पूजा अर्चना कर शिलान्यास करते मंत्री

एक नजर में

### प्राण प्रतिष्ठा सह कलश यात्रा में शामिल हुए जिप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी



खबर मन्त्र संवाददाता

**इटखोरी।** प्रखंड के नावाडीह गांव स्थित श्री श्री 108 ग्राम दुर्गा माता प्राण प्रतिष्ठा सह नौ दिवसीय ज्ञान महायज्ञ की शुरूआत गुरूवार भव्य कलशयात्रा के साथ हुई। कलशयात्रा में विशेष रूप से जिप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी और डीएसपी मुख्यालय केदारनाथ राम शामिल हुए। इस दौरान मंदिर निर्माण समिति की ओर से जिप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी और डीएसपी मुख्यालय केदारनाथ राम को अंग वस्त्र ओढाकर और स्मृतिचिन्ह भेट कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में पधारे जिप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी ने कलशयात्रा का शुभारंभ किया। जिप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी ने अपने हाथों से कलश देकर माता बहनों से आशीर्वाद प्राप्त किया। कलश यात्रा यज्ञ स्थल से आरंभ होकर पूरे गांव का भ्रमण करते हुए चोरकारी स्थित नदी पहुंची जहां वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ जल भरा गया। कलश भरने के बाद कलश यात्रा पुनः यज्ञ स्थल पर पहुंची। जिप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी ने कहा कि लोगों के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि आए। इसकी वह कामना करते हैं। इस मौके पर सुजीत भारती, जिला परिषद सदस्य सरिता देवी, डोमन राणा, निर्मल सिंह, बालगोविंद राम समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# शहर से लेकर गांव तक रही होली की धूम

## रंगों में रंगे नजर आए लोग



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** जिले में रंगों का त्योहार होली बुधवार को हर्षोल्लास से मना। वहीं, सोमवार देर रात को होलिका दहन भी पारंपरिक तरीके से मनाया गया। शहर से लेकर गांव भर में होली मिलन कार्यक्रमों की धूम रही। जगह-जगह पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बड़े-बूढ़े भी एक दूसरे को रंग से सरोबार करने में बच्चों से पीछे नहीं रहे। जो भी जिधर से गुजरा बिना रंगे वापस नहीं लौटा। रंग, कीचड़ जो भी मिला उसी से लोग स्वागत करने लगे। इतने रंग बरसे की शहर की मुख्य सड़कों से लेकर गलियां तक रंगीन हो गयीं। शहर में दोपहर तक यह दौर चला, तो गांवों में शाम तक। दोपहर के बाद लोगों ने रंग छोड़ गुलाल का पैकेट पकड़ लिया और इसके साथ ही शुरू हुआ खिलाने-पिलाने और बधाइयों का दौर। सुंदर व आकर्षक कपड़ों में सज-धज कर लोग एक दूसरे को अबीर लगाकर बधाई देने लगे और आशीर्वाद लेने लगे। परंपरा के अनुसार छोटे बड़ों को पैर पर गुलाल देकर उनसे आशीर्वाद ले रहे थे, तो बड़े तिलक लगाकर बधाई दे रहे थे। पुरानी बातों को दरकिनार कर लोग एक दूसरे के गले मिले और होली की शुभकामनाएं देते हुए रंग खेला। शहर में युवाओं के अलग-अलग समूह होली खेलते नजर आए। होली की मस्ती न सिर्फ शहर की सड़कों पर दिखाई दी, बल्कि गली-मुहल्लों में भी जमकर धमाचौकड़ी हुई। ग्रामीण इलाकों में भी युवाओं की टोली घर-घर जाकर एक दूसरे के रंग लगाते दिखाई दी।

### सुरक्षा व्यवस्था का रहा पुख्ता इंतजाम

होली के अवसर पर जिले भर में सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए। जगह-जगह पर्याप्त संख्या में पुलिस की तैनाती की गई थी। शहर में पुलिस गश्त तेज रही। होली में असामाजिक तत्वों से निबटने के लिए पुलिस तैयार दिखी। खासकर हुड़दंग करने वालों पर विशेष नजर रखी गई।

# विविधता में एकता का अद्भुत उदाहरण है भारत

## मंत्री आवास पर होली मिलन सह सांस्तिक कार्यक्रम का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के आवास पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान भोजपुरी कलाकारों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का उद्घाटन मंत्री श्री ठाकुर ने दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर सहित उनकी पत्नी चंचल ठाकुर, रोजी ठाकुर एवं अन्य परिजनों ने कलाकारों को शल ओढ़ाकर सम्मानित किया। जबकि मंत्री श्री ठाकुर की पत्नी चंचल ठाकुर ने उन्हें गढ़वा के लिए बेहतर विकास कार्य करने पर होली का टोपी पहना कर सम्मानित की। सभी लोगों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि भारत गंगा, जमुनी तहजीब का मिसाल है। यहां होली, नवरात्र, रामनवमी, ईद, मोहर्रम, क्रिसमस आदि सभी पर्व, त्यौहार सभी र्मों के लोग मिलजुल कर मनाते हैं। यहां हर कदम पर भाषा एवं संसति में विविधता है, फिर भी आपसी एकता, समन्वय एवं सद्भाव काफी बेहतर है। भारत विविधता में एकता का उत्कृष्ट उदाहरण है। यहां एक दूसरे का पर्व एक साथ मिलकर मनाने की बुजुर्गों की शुरू की गई परंपरा आज भी कायम है। मंत्री ने इस परंपरा को आगे भी कायम रहने की उम्मीद जताई। उन्होंने कहा कि होली आपसी भेद्भाव भुलाकर गले लगाने एवं सभी को एक रंग में रंग जाने का त्यौहार है। सांस्कृतिक कार्यक्रम में बाहर से आए भोजपुरी कलाकार हेमा पांडेय एंड ग्रुप ने एक से बढ़कर एक होली गीत एवं लोकगीत प्रस्तुत की। उपस्थित दर्शकों ने कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिया। मंत्री ने कलाकार हेमा पांडेय के कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने आज के परिवेश में बगैर फूहड़ता के अपना कार्यक्रम प्रस्तुत की। यह बहुत ही सराहनीय है। कार्यक्रम ऐसे ही होने चाहिए जो सभी लोग अपने पूरे परिवार के साथ बैठकर आनंद ले सकें। मंत्री श्री ठाकुर ने सभी को होली एवं सबेबरात की शुभकामनाएं दी। मौके पर मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त राजेश राय, बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष नितेश सिंह, विधायक प्रतिनिधि कंचन साहू, नप अध्यक्ष पिंकी केशरी, अनिता दत्त, रेखा चौबे, झामुमो जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, आशुतोष पांडेय, नवीन तिवारी, मनोज झा, प्रियम सिंह, दिलीप गुप्ता, आशीष अग्रवाल सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।



होली मिलन समारोह को संबोधित करते मंत्री



उपस्थित लोग

### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत

खबर मन्त्र संवाददाता

**गिद्धौर (चतरा)।** थाना के अंतर्गत द्वारी पंचायत में स्थित ओबरीडी मोड़ के समीप बीते 7 मार्च मंगलवार शाम को अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक युवक की घटनास्थल पर मौत हो गई। बताते चलें कि युवक की पहचान दुआरी गांव निवासी हेमलाल गोप के पुत्र प्रमोद यादव लगभग 30 वर्ष की पहचान की गई है। ग्रामीणों के द्वारा बताया गया कि युवक पत्थलगड़ा बाजार से पैदल अपने गांव आ रहा था। इसी बीच अज्ञात वाहन अपनी चपेट में ले लिया और युवक की मौत घटनास्थल पर हो गई। वाहन समेत चालक गाड़ी लेकर फरार हो गया। आगे बता दें कि प्रमोद यादव अपने घर का एकलोता कमाने वाला व्यक्ति था। जो अत्यंत गरीब परिवार से है अपने पीछे पत्नी समेत दो दूधमुंहा बच्ची को छोड़ गया। एक बच्ची लगभग 3 वर्ष और दूसरा लगभग 1 साल की है। युवक का कच्चा मकान में रहकर प्रतिदिन मजदूरी कर अपना घर गृहस्ती को भरण-पोषण करता था। ऐसी घटना सुनकर गांव में होली का त्यौहार बिल्कुल फीका पड़ गया। और गांव में मातम छा गया। मृतक युवक की अग्नि संस्कार बुधवार दोपहर नजदीकी श्मशान घाट में विधि विधान से किया गया है।

### हेल्थ क्लब ने हर्बल होली खेलकर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**झूमरीतिलैया (कोडरमा)।** होली के अवसर पर शहर के अलग-अलग हिस्सों में लोग होली के रंगों में डूब कर मस्ती करते नजर आए। युवाओं से लेकर बुजुर्गों तक रंगों के पर्व होली का खुमार छाया रहा। ब्लॉक चिल्ड्रन पार्क में हेल्थ क्लब के द्वारा पूरी मस्ती के साथ होली मनायी गयी। हेल्थ क्लब होली मिलन समारोह के प्रोजेक्ट डायरेक्टर अमित कुमार ने बताया कि गुलाल की मस्ती के बीच लोगों ने पारिवारिक संबंध के मिठास को कायम रखते हुए शेरो-शायरी के अंदाज में लोगों के जीवन से जुड़े किस्सों को प्रस्तुत कर होली का आनंद लिया। कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ.उपेंद्र कुमार ने बताया कि तनाव भरे जीवन से दूर रहने और स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने के लिए हेल्थ क्लब से समाज के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े लोग नियमित रूप से योग, व्यायाम कर नई उमंग के साथ प्रतिदिन अपनी दिनचर्या की शुरुआत करते हैं। रंगों का यह पर्व हमें नवीन ऊर्जा के साथ आपसी प्रेम और भाईचारे से जीवन जीने का संदेश देती है। क्लब के सचिव अविनाश सेठ ने बताया कि होली की मस्ती के बीच बचपन की यादें ताजा हो गई। हेल्थ क्लब में जीवन के आधे पड़ाव को पार कर चुके कई सदस्यों ने पूरे जोश और उत्साह के साथ होली मनाया। वहीं संजय अग्रवाल एवं महेश दारुका ने बताया कि होली के दौरान पर्यावरण संरक्षित होली का संदेश देते हुए क्लब के द्वारा चंदन, केसर और गुलाब जल से तैयार रंगों का प्रयोग कर एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी गई।

# होली और शब ए बरात शांतिपूर्ण सम्पन्न

## बच्चे, बूढ़ों और जवानों में दिखा होली का उमंग



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** जिला मुख्यालय और आस पास के क्षेत्रों में रंगोत्सव का त्यौहार होली और मुस्लिम धर्मावलंबियों का त्यौहार शब ए बरात उल्लास, उमंग और भाईचारगी के साथ शांतिपूर्ण सम्पन्न हुआ। इसके पूर्व सोमवार देर रात्रि को पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ और फाग गीतों के बीच होलिका दहन कर, लोगों ने मंगल कामनाएं की वहीं बुधवार को सुबह से लेकर देर शाम तक लोग होली की मस्ती में चूर दिखे, बच्चे, बूढ़े और जवान सभी के चेहरे में होली का उमंग और उत्साह दिखा तो महिलाओं और युवतियों ने भी जम कर एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी। बड़े बुजुर्ग ढोल मंजीरों के साथ अलग अलग टुकड़ियों में बंट कर फाग गीत पर झूमते देखे गए। वहीं महावीर मुहल्ला में युवाओं की टोली ढोलक, मंजीरे के साथ होली के गीतों पर झुमट निकाला जो सम्पूर्ण मुहल्ले का भ्रमण करते हुए होलिका दहन वाले स्थल पहुंचा और होलिका का परिक्रमा कर भक्ति गीतों पर जम कर नृत्य किया गया, यहां श्रद्धालुओं के द्वारा होलिका के राख को एक दूसरे को लगाकर आपसी प्रेम का इजहार किया।

# डीसी ने की बैठक, अधिकारियों को दिये कई दिशा-निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** जिले में 14 मार्च से शुरू होने वाले मैट्रिक और इंटर (तीनों संकाय) की परीक्षा को शांतिपूर्ण और कदाचारमुक्त वातावरण में सम्पन्न करवाने को लेकर उपायुक्त आदित्य रंजन की अध्यक्षता में अधिकारियों की बैठक हुई। बैठक के दौरान मैट्रिक और इंटर की परीक्षा को लेकर किये गए तैयारियों की समीक्षा करते हुए, डीसी श्री रंजन ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि मैट्रिक और इंटर की परीक्षा कदाचारमुक्त वातावरण में सम्पन्न करवाना सुनिश्चित करें, परीक्षा के दौरान परीक्षार्थियों को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी न हो, परीक्षा केंद्रों में पेयजल, विद्युत की व्यवस्था के साथ साथ केंद्रों में पर्याप्त मात्रा में बेंच डेस्क की उपलब्धता सुनिश्चित करें, ताकि परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। डीसी ने कहा कि परीक्षा केंद्रों के प्रवेश द्वार पर जांच कर ही परीक्षार्थियों को प्रवेश की अनुमति दे, परीक्षा केंद्रों में मोबाइल, टैब सहित कोई भी इलेक्ट्रनिक उपकरण के ले जाने पर प्रतिबंध है। बैठक में डीसी श्री रंजन ने स्टेटिक दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी, केंद्राधीक्षकों को परीक्षा के सफल संचालन को लेकर कई दिशा निर्देश दिए गए।



परीक्षा के सफल संचालन के लिए नियंत्रण कक्ष भी बनाया गया है, जहां परीक्षा सम्बन्धी किसी प्रकार की शिकायत और सुझाव की जानकारी दी जा सकती है। मौके पर एसपी कुमार गौरव, डीडीसी ऋतुराज, डीईओ अलका जयसवाल, डीटीओ भगीरथ प्रसाद, डीएसई नयन कुमार, डीएसओ प्रमोद राम, प्रखंडों के बीडीओ, सीओ व केंद्राधीक्षक आदि मौजूद थे। माध्यमिक परीक्षा 14 मार्च से 03 अप्रैल 2023 तक प्रथम पाली में और इंटरमीडिएट परीक्षा 14 मार्च से 05 अप्रैल 2023 तक द्वितीय पाली में होगी। माध्यमिक परीक्षा 2023 के लिए जिले में कुल 25 परीक्षा केंद्र बनाये गये हैं, जिसमें कुल 13505 परीक्षार्थी शामिल होंगे। इंटरमीडिएट की परीक्षा के लिए कोडरमा जिला में कुल 9 परीक्षा केंद्र बनाये गये हैं, जिसमें कुल 10441 परीक्षार्थी शामिल होंगे। सीएच प्लस 2 उच्च विद्यालय झुमरीतिलैया, सीडी बालिक उच्च विद्यालय झुमरीतिलैया, परियोजना बालिका उच्च विद्यालय कोडरमा, राजकीयकृत प्लस 2 उच्च विद्यालय कोडरमा, गांधी उच्च विद्यालय झुमरीतिलैया, उत्क्रमित उच्च विद्यालय इंदरवा देहाती कोडरमा, रामलखन सिंह यादव इंटर कलेज झुमरीतिलैया, झुमरीतिलैया कमर्स इंटर कलेज झुमरीतिलैया, उत्क्रमित उच्च विद्यालय उरवां चंदवारा, आदर्श मध्य विद्यालय चंदवारा, राम़ोम़मो प्लस 2 उच्च विद्यालय चंदवारा, सर्वोदय प्लस 2 उच्च विद्यालय मरकच्चो, परियोजना प्लस 2 उच्च विद्यालय देवीपुर (मरकच्चो), उत्क्रमित उच्च विद्यालय बेहराडीह डोमचांच, राजकीय आदर्श मध्य विद्यालय डोमचांच, इंटर महाविद्यालय डोमचांच, उच्च विद्यालय फुलवरिया डोमचांच, सीएम प्लस 2 उच्च विद्यालय डोमचांच, राजकीयत प्लस 2 उच्च विद्यालय जयनगर, परियोजना बालिक उच्च विद्यालय जयनगर, कन्या मध्य विद्यालय जयनगर, राज्य संपोषित प्लस 2 उच्च विद्यालय बासोडीह सतगावां, मध्य विद्यालय बासोडीह सतगावां, उत्क्रमित मध्य विद्यालय कलीडीह सतगावां, मध्य विद्यालय मकतब शिवपुर सतगावां शामिल है।

सीडी बालिक उच्च विद्यालय झुमरी तिलैया, सीएच प्लस 2 उच्च विद्यालय झुमरीतिलैया, प्लस 2 उच्च विद्यालय कोडरमा, परियोजना बालिका उच्च विद्यालय कोडरमा, गांधी उच्च विद्यालय झुमरीतिलैया, रामलखन सिंह यादव इंटर कलेज झुमरीतिलैया, झुमरीतिलैया कमर्स इंटर कलेज झुमरीतिलैया, इंटर महाविद्यालय डोमचांच, सीएम प्लस 2 उच्च विद्यालय डोमचांच शामिल हैं।

### 16 किलोग्राम गिला अफीम के साथ एक तस्कर गिरफ्तार



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** कुंदा पुलिस ने मंगलवार को 16 किलो गिला अफीम के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार तस्कर नभोली गंझू थाना क्षेत्र के सिकीदाग गांव का रहने वाला है। पुलिस ने गिरफ्तार तस्कर के पास से 16 किलोग्राम गिला अफीम जब्त किया है। सिमरिया एसडीपीओ अशोक कुमार प्रियदर्शी ने प्रेस वार्ता कर बताया कि चतरा पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली थी कि कुंडा थाना अंतर्गत सिकीदाग गांव के नभोली गंझू अपने घर में अवैध अफीम खरीद बिक्री करने के उद्देश्य से भारी मात्रा में रखा हुआ है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर मेरे नेतृत्व में एक छापेमारी दल का गठन किया गया। जिसमें कुंदा थाना प्रभारी परमानंद कुमार मेहरा और थाना के सशस्त्र बल को शामिल किए गए। गठित दल ने सिकीदाग गांव निवासी नभोली गंझू के घर से 16 किलोग्राम अवैध गिला अफीम के साथ उसे गिरफ्तार कर लिया। एसडीपीओ ने बताया कि गिरफ्तार तस्कर के विरुद्ध थाना में एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। उन्होंने मादक पदार्थ से युवा पीढ़ी दूर रहें अन्यथा जीवन आपकी तबाह हो जाएगी। उन्होंने युवाओं से अफीम की खेती नहीं करने और मादक पदार्थ से दूर रहने की अपील की है। छापेमारी टीम में सिमरिया एसडीपीओ के अलावा कुंदा थाना प्रभारी, सिमरिया एसडीपीओ अंगरक्षक सहित थाना के सशस्त्र बल शामिल थे।

# जिले में धूमधाम से मनाया गया होली का त्यौहार

## लातेहार विधायक एवं एसपी के आवास में भी जोगीरा सा रा रा रा की गूंज उठी बोल





एसपी आवास में होल खेलते अधिकारी, विधायक आवास में होली के मौके पर मौजूद युवा, लातेहार के सड़को पर रंग में सराबोर युवा

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** रंगों का त्योहार होली पर्व पर लातेहार रंगों से सराबोर हो गया। चारों तरफ चहुंओर रंग व अबीर गुलाल के कारण पूरे जिला रंगमय हो गया था। होली को लेकर लोगों में गजब का उत्साह देखा गया। लोगों ने टोली बनाकर होली पर्व पर रंग खेलते देखे गए। वही कई स्थानों पर पर्व कार्यक्रम का आयोजन कर एक दूसरे को रंग व अबीर गुलाल लगाएं। ऐसा लग रहा था कि न कोई बड़ा है और नहीं कोई छोटा सभी लोग एक अपने पुरानी दुश्मनी को भूलाकर एक दूसरे को रंग लगा कर अपने दिल को मिलाया। होली पर्व का उत्साह होलिका दहन के साथ ही शुरू हो गया था जो बुधवार को होली पर चरम पर पहुंच गया। होलिका दहन को लेकर शहर व गांवों में होलिका दहन स्थल पर तैयारी आरंभ कर दी गई थी। लोगों के द्वारा पारंपरिक रीति रिवाज के तहत पूजा अर्चना की गई। विधिवत पूर्वक बैगा द्वारा होलिका को जलाया गया। साथ ही सभी लोगों ने अपने-अपने घर से होलिका दहन स्थल पहुंचे एवं अग्नि का पंचकर्मा कर भभूति को अपने माथे से लगाए। होलिका दहन होने के साथ ही लोगों ने एक-दूसरे को होली पर्व की बधाई दिया। होली पर्व पर लातेहार जिला मुख्यालय रंगों से सराबोर हो गया। बुधवार को होली के दिन सुबह लोगों ने पूजा अर्चना कर होली खेलना शुरू किया। इसके बाद शाम को लोग अबीर लगाकर बड़े से आशीर्वाद ग्रहण किया वही छोटे को अबीर लगाकर जीवन सुखमय होने का आशीर्वाद दिया। इस दौरान मंदिरां में आशीर्वाद लेने काफी संख्या में लोग पहुंचे थे। एसपी आवास पर बुधवार को जमकर होली खेली गई। इस दौरान एसपी के साथ-साथ पुलिस अधिकारी और पुलिस के जवान और आम लोग होली के पारंपरिक गीत पर झूमे। लातेहार एसपी अंजनी अंजन के आवास पर होली समारोह का आयोजन किया गया था। इस दौरान पुलिस के जवान पारंपरिक वाद्य यंत्र के साथ एसपी आवास पहुंचे और होली के रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में एसपी अंजनी अंजन समेत पुलिस के वरीय अधिकारियों के साथ-साथ पुलिस के जवान और आम लोग भी होली की पारंपरिक गीत पर जमकर झूमे। लातेहार एसडीपीओ संतोष कुमार मिश्र, बालूमाथ एसडीपीओ अजीत कुमार और पुलिस इंस्पेक्टर शशि रंजन कुमार ने इस दौरान होली के गीत भी गाए। पुलिस के जवान इस दौरान एक नए रूप में दिखाई दे रहे थे। इधर एसपी ने कहा कि होली भाईचारे का ऐसा त्यौहार है, जहां बड़ा छोटा और ऊंच-नीच का कोई भेदभाव नहीं रहता। उन्होंने कहा कि होली का त्योहार हमें सिखाता है कि सभी लोग एक साथ मिलकर रहेंगे तो जीवन खुशी और उमंग से भरा रहेगा। इस दौरान एसपी आवास पर होली से संबंधित पारंपरिक व्यंजन का भी लुत्फ पुलिस अधिकारियों और जवानों के साथ-साथ आम लोगों ने उठाया। होली के मौके पर लातेहार विधायक वैद्यनाथ राम के आवास में भी जमकर होली खेली गयी। सैकड़ो कार्यकर्ता व गणमान्य नागरिक विधायक से मिलकर अबीर-गुलाल लगाया व होली की शुभकामनाएं दी। विधायक वैद्यनाथ राम ने भी जिलेवासियों को होली की शुभकामना दिया, कहा कि होली का त्योहार जीवन में उमंग व नयी उर्जा का संचार करने वाला त्योहार है। यह त्योहार समाज में भेदभाव को मिटाकर एकता के सुत्र में बांधने का काम करता है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार, अंकित पांडेय, कुंदन कुमार, सागर कुमार, विकाश कुमार समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनी होली, मश्ती में डुबे रहे लोग



होली में मस्ती करते बच्चो की टोली

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** प्रेम, भाईचारगी, उमंग व रंगो का त्योहार होली चंदवा शहर समेत ग्रामीण इलाको में शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हो गया। बच्चे, युवा व बुजुर्गो सभी वर्ग के लोगो ने एक दुसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। सुबह से हीं बच्चों व युवाओं की टोली रंगों में सराबोर नजर आयें।

हलांकि बुधवार की सुबह मौसम ने होली के रंग में थोड़ा खलल डाला, लेकिन खराब मौसम में भी लोग जमकर मश्ती करते देखे गये। संध्या बेला में नये वस्त्र धारण कर लोग एक दुसरे को अबीर गुलाल लगाकर बड़ो व अभिभावको का आर्शीवाद लिया वहीं छोटो को शुभकामनाएं दिये। इसके पूर्व सोमवार की अहले सुबह विधि-विधान के साथ होलिका दहन कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसके बाद बुधवार को लोगो ने जमकर होली खेला व एक दुसरे को रंग गुलाल लगाकर शुभकामनाएं भी दी। अलौदिया में युवाओं के द्वारा डीजे के साथ वहीं अभिभावको ने ढोलक झाल व तासे के साथ झुमटा निकाली जहां लोगो ने खुब मस्ती की। वहीं शांति व्यवस्था कायम करने को लेकर लातेहार एसपी अंजनी अंजन के निर्देशन में पुनि सह थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता की अगुवाई में प्रशासन की टीम लगातार गश्त करती देखी गयी।

## धूमधाम से मनाई गई, होली और शब ए बारात पर्व

खबर मन्त्र संवाददाता

**सरयू।** नवसृजित सरयू प्रखंड क्षेत्र में रंगों का त्यौहार होली जमकर खेली गई। जहां बच्चों युवाओं के साथ-साथ बुजुर्गों में उत्साह का माहौल देखने को मिला, सरयू प्रखंड क्षेत्र में बच्चे और युवा सुबह से ही अपने परिचितों को रंग लगाते नजर आए और होली की शुभकामनाएं दे रहे थे। वहीं लोगों में अच्छी खासी उत्साह और खुशी का माहौल देखा गया। जहां पर पुआ पकवान के साथ-साथ कई प्रकार के मिष्ठान भोजन बनाया जा रहा था, अपने और अपने परिचितों को घर आने के लिए आमंत्रित किया जहां लोग एक दूसरे को रंग लगाकर होली की शुभकामनाएं देते दिखे। वहीं सरयू प्रखंड के जामा मस्जिद में शब ए बारात के रात्रि में नमाजियों ने मस्जिद में जाकर शांतिपूर्ण तरीके से इबादत किए। वहीं होली और शब ए बारात पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने को लेकर जिला प्रशासन के जवान चौक चौराहों में मुस्तैद थें।

## हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हिंदू-मुस्लिम भाइयों ने मनायी होली की खुशियां

### लोगों ने जाती-धर्म भुलाकर पुआ पकवान का उठाया लुत्फ

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखण्ड में उत्साह, उमंग का त्यौहार होली और शब ए बारात पर्व परंपरागत, शांतिपूर्ण और हर्षोल्लासपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। प्रशासन की सक्रियता और सख्ती के चलते दोनों पर्व में किसी प्रकार की हुल्लड़ बाजी नहीं देखने को मिली। इस अवसर पर क्षेत्रवासियों ने जहां जी भरकर रंग-गुलाल लगाकर खुशियों का इजहार किया वहीं एक-दूसरे को होली की मुबारकबाद भी दी। होली की मस्ती का बच्चे, नौजवान सहित महिलाओं ने भी खूब लुत्फ उठाया। लोगों ने फगुआ लोकगीतों पर खूब ठुमके लगाए एवं देर रात तक रंग-गुलाल खेला गया। वहीं इस बार कुतार्फाड़ होली की धूम मची रही। बुधवार को सुबह होते ही लोगों का होली का नशा चढ़ने लगा। सुबह होते ही घर की औरतें जहां पुआ-पकवान बनाने में जुट गई वहीं बच्चे एवं युवाओं की टोली हाथों



होली खेलते महिलाएं बच्चे और युवा

में रंग-पिचकारी लेकर होली खेलने में जुट गए। यहां हिंदू-मुस्लिम एक साथ होली की खुशियां मनाते देखे गए। लोगों ने जाती धर्म भुलाकर एक दूसरे के घर जाकर पुआ पकवान का लुत्फ उठाया। मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह ने अपने मंगरा स्थित आवास पर कार्यकताओं के साथ होली खेली और समस्त विधानसभा क्षेत्र वासियों को होली की शुभकामनाएं दी। वहीं थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह ने भी क्षेत्र का भ्रमण करते हुए आम लोगों के साथ होली खेली। प्रखंड में छोटी-मोटी दुर्घटनाओं के साथ होली पर्व शांतिपूर्ण रहा। होली को लेकर दिन भर पुलिस गश्त करती रही। चौक चौराहों पर भी पुलिस बल को तैनात किया गया था। प्रखण्ड मुख्यालय अंतर्गत विजयनगर में भाजयुमो अध्यक्ष विकास सिंह की अध्यक्षता में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में जिला से लेकर प्रदेश स्तर के भाजपा के पदाधिकारी मौजूद थे। उधर छिपादोहर में सांसद प्रतिनिधि अजय सोनी ने अपने आवास पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया था। जिसमें मंडल स्तर के कार्यकर्ता और आमलोग मौजूद थे।

## चंदवा के दुबी के पास से पुलिस ने दो चोरों को पकड़ा

### गिरे हाई टेंशन टावर को काटकर चोरी कर रहे थे चोर, पुलिस को देख बाइक छोड़ भागे, 2 बाइक जब्त

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुनि सह थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता के निर्देशन में अभियान पर निकली चंदवा पुलिस की टीम ने चंदवा-माल्हन-मैकलुस्कीगंज पथ पर थाना क्षेत्र अंतर्गत दुबी गांव के समीप से ट्रांसमिशन लाइन को लेकर लगाए गए टावर को काटकर चोरी का प्रयास कर रहे चोरों के 2 बाइक को जब्त कर लिया। हालांकि पुलिस के आने की भनक लगते ही चोर अपने बाइक को छोड़कर भाग



बरामद बाईक

निकले। जिसके बाद पुलिस ने हाई टेंशन टावर का एंगल लोड 2 बाइक को जब्त कर लिया। मामले में चंदवा थाना में कांड 60/23 में विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। ज्ञात हो कि विगत 5 मार्च की सुबह ही ट्रांसमिशन लाइन का हाई टेंशन टावर धराशाई हुआ था। आशंका जताया जा रहा है कि उक्त टावर को चोरों के द्वारा काटकर गिराया गया है। ताकि उसे काटकर बेचा जा सके। इस दौरान पुलिस को सूचना मिली कि चोरों के द्वारा गिरे हुए हाई टेंशन टावर को काटा जा रहा है।

जिसके बाद पुलिस हरकत में आ गई। विगत 4-5 वर्षों में भारी मात्रा में हुई है हाईटेंशन टावर का कटिंग कर चोरी।

बता दें कि विगत 4-5 वर्ष पूर्व से हीं लगातार ट्रांसमिशन लाइन के हाईटेंशन टावर व तार को काटकर चोरों के द्वारा बेचा जा रहा है। सूत्रों की माने तो इस गोरख धंधे में कुछ सफेदपोश लोग भी संलिप्त है।

### अज्ञात चोरों ने की चोरी

**बारियातू।** बारियातू निवासी केशव प्रसाद पिता स्व. मुनी प्रसाद के किराना दुकान में बिते रात एलवेस्टर तोडकर अज्ञात चोरों ने 72,000 नगद सहित अन्य सामान चोरी कर लिया। किराना दुकान मालिक केशव प्रसाद ने बताया कि बुधवार को दो बजे दुकान बंद कर होली खेलकर रात्रि मे भोजन कर सो गये। गुरुवार सुबह जब दुकान खोले तो दुकान का एलवेस्टर टुटा हुआ था।

### युवती ने किया आत्महत्या का प्रयास, रिम्स रेफर

**बालूमाथ।** एकीकृत प्रखंड बालूमाथ के पुकचु ग्राम स्तिथ एक निजी क्रेशर के पास एक युवती ने कीटनाशक दवा खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार नमिता कुमारी 23 वर्ष पिता स्व. प्रवीण कुमार लकड़ा ग्राम करकट थाना लातेहार निवासी गुरुवार को बस में बैठकर बालूमाथ पहुंची और सुनसान स्थान में जाकर कीटनाशक दवा का सेवन कर आत्महत्या का प्रयास किया और इसकी सूचना अपने दोस्त नरेंद्र उरांव पिता लोकनाथ उरांव ग्राम पुकचु थाना बारियातु निवासी को दी।

## आपसी एकता और भाईचारे के साथ रंगों का पर्व होली शान्तिपूर्ण संपन्न

### बारियातू में धूम-धाम के साथ होली संपन्न

**बारियातू।** प्रखंड क्षेत्र मे शांतिपूर्ण व हर्षोउल्लास के साथ होली त्यौहार सम्पन्न हुआ। बारियातू प्रखंड सहित गाड़ी, डाढ़ा, फुलसू, बालूभांग, गडगोमा, शिबला, टोटी अमरवाडीह मे खुशियों का त्यौहार होली हर्षोल्लास से मनाया गया। बारियातू में गाजे बाजे की धुन पर ग्रामीण क्षेत्र मे युवक-युवती खूब थिरके हालांकि होली रंगों त्यौहार मे पुरुष से महिला पीछे नहीं रहे महिलाओं ने भी अबिर गुलाल लगाकर होली खेली।

### मटका फोड़ प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**महुआडांड़।** महुआडांड में एक बार फिर आपसी एकता और भाईचारे के साथ रंगों का पर्व होली पुरे हर्षोल्लास के साथ सम्पन हो गया। वही होली की शान्ति व्यवस्था को लेकर एसडीपीओ राजेश कुजूर के निदेर्शानुसार महुआडांड़ थाना प्रभारी आशुतोष यादव अपने दलबल के साथ गश्ती में मुस्तैद रहे। इस अवसर पर हर वर्ष की भांति इस बार भी गुरूवार को स्थानीय शास्त्री चौक मे हिन्दू महासभा एवं बजरंग दल के संयुक्त तत्वावधान में मटका फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मटका फोड़ प्रतियोगिता के विजेता को हिन्दू महासभा की ओर से पुरूस्कार मे प्रोत्साहन स्वरूप खस्सी पुरस्कार में दिया गया। मटका फोड़ प्रतियोगिता मे ग्राम चुटीया, शाहपुर, परहाटोली, उदालखाँड़, बेलवार, ओरसा, जरहाटोली, सरना कल्ब महुआडांड, गुड़गुटोली, पुटरूंगी एवं महुआडांड ग्राम के युवकों ने भाग लिया। मटका फोड़ प्रतियोगिता का विजेता ग्राम ओरसे के युवा लड़के रहे। जिसे मुख्य अतिथि महुआडांड एसडीएम नीत निखिल सुरीन, विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित महुआडांड कार्यपालक दण्डाधिकारी जितेन्द्र कुमार, बीडीओ अमरेन डांग, थाना प्रभारी आशुतोष यादव, एसआई संजय रतन, जिप सदस्य इस्तेला नगेसिया, डा. ए. के. शाह के द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।



मटका फोड़ते युवा

### होली मिलन समारोह कार्यक्रम की गई आयोजित

**मनिका।** मनिका प्रखंड के जुंगुर पंचायत में होली पर्व के रंग उत्सव के दिन संध्या में होली मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों ने लोगों के मनोरंजन के लिए सांस्कृतिक दुगोला कार्यक्रम भी आयोजित की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित मनिका विधानसभा क्षेत्र के भावी राजद प्रत्याशी गिरजानंदन सिंह चेरो उर्फ गिरी जी के द्वारा कलाकारों एवं ग्रामीणों को अबीर गुलाल लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

## एक नजर में

### ट्रेन की चपेट में आयी वृद्धा, मौत

**चंदवा।** टोरी-रांची भाया लोहरदगा रेलखंड अंतर्गत चंदवा थाना क्षेत्र के बोदा बियर जंघा के पास रेलवे ट्रैक पर गए पशु को बचाने के प्रयास में ट्रेन की चपेट में आने से एक वृद्धा की मौत हो गई साथ ही ट्रैक पर गए पशु की भी मौत ट्रेन की चपेट में आने से हो गई। घटना की सूचना के बाद चंदवा पुलिस की टीम घटनास्थल पहुंचकर शव को अपने कब्जे में अंतः परीक्षण के लिए सदर अस्पताल लातेहार भेज दिया। घटना के सम्बंध में बताया जाता है कि मृतका टेली देवी पति चंद्रदेव गंझू अपने पशुओं को लेकर चराने गयी थी। इसी क्रम में एक पशु रेलवे ट्रैक पर चला गया, पशु की ओर ट्रेन को आता देख वृद्धा उसे बचाने के लिए रेलवे ट्रैक की तरफ बढ़ी इसी दौरान वह ट्रेन के चपेट में आ गयी।

### झारखंड महिला कबड्डी टीम में चंदवा के शिवानी का हुआ चयन, हर्ष

**चंदवा।** प्रखंड के जमीरा पंचायत निवासी सुनिल सिंह की पुत्री शिवानी कुमारी का चयन झारखंड महिला कबड्डी टीम में होने के बाद पंचायत में खुशी का माहौल देखने को मिल रहा है। परिजनों ने बताया कि हरियाणा के महेन्द्रगढ़ में आगामी 23-26 मार्च तक 69 वें राष्ट्रीय महिला कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित है। उक्त प्रतियोगिता के लिए झारखंड महिला कबड्डी टीम का प्रशिक्षण 10 मार्च से गढ़वा में आयोजित है। जिसमें शिवानी भाग लेगी। शिवानी के चयन होने पर पंचायत की मुखिया दुर्गावती देवी, झामुमो जिलाउपाध्यक्ष सीतमोहन मुंडा, ब्रह्मदेव प्रजापति, संतोष प्रजापति समेत दर्जनो लोगो ने हर्ष व्यक्त किया है व उज्जव भविष्य की शुभकामनाएं भी दी है।

### भाजपा सशक्तिकेन्द्र के विस्तारको का कार्यशाला 11 को

**लातेहार।** भाजपा के द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्यय भवन लातेहार में 11 मार्च को दिन के साढ़े 11 बजे से शक्ति केन्द्र विस्तारकों के कार्यशाला का आयोजन किया गया है। उक्त जानकारी देते हुये भाजपा जिलाध्यक्ष सह मनिका के पूर्व विधायक हरेकृष्णा सिंह ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम में बतौर प्रशिक्षण प्रमुख प्रशिक्षण प्रमुख मनोज सिंह, प्रदेश बुथ सशक्तिकरण अभियान के मृत्युंजय सिंह, लातेहार जिला संगठन प्रभारी मुकेश निरंजन सिन्हा मौजूद होंगे। बताया कि 10 से 20 मार्च तक बुथ सशक्तिकरण अभियान चलाया जा रहा है। इसी के निमित कार्यशाला का आयोजन किया गया है। इन्होने पार्टी के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं से उक्त कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

### ताला तोड़कर दुकान से पचास हजार के सामान की हुई चोरी

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित हरिजन टोला में एक किराना दुकान का ताला तोड़कर चोरों ने दुकान का समान की चोरी कर लिया। इस संबंध में दुकान संचालक अमित कुमार रवि पिता बालेश्वर राम हरिजन टोला बालूमाथ निवासी ने बालूमाथ थाना में आवेदन देकर बताया है कि मंगलवार की रात लगभग 8:00 बजे वह दुकान बंद कर अपने घर चला गया था। अगले दिन सुबह दुकान के पास गया तो देखा कि दुकान का ताला टूटा हुआ है। और चोरों ने दुकान का ताला तोड़कर काउंटर में रखा 5000 नगद, वही दुकान में रखा किराना का सामान चमनप्रास, आटा, मैदा, सरसों तेल, सर्फ सहित कई सामानों की चोरी कर ली। दुकान संचालक ने बताया कि करीब 50,000 से अधिक की सामान की चोरी हुई है। दुकान संचालक ने चोरों को पकड़ने की मांग की है।

### बोरा व्यवसाई के गोदाम में लगी आग लाखों का हुआ नुकसान

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय के शांति नगर मोहल्ला निवासी बोरा व्यवसाई रोहित साव के गोदाम में मंगलवार को अचानक आग लग गई। जिससे गोदाम में रखे लाखों रुपए का बोरा जलकर राख हो गया। स्थानीय ग्रामीणों ने आग पर किसी तरह काबू पाया नहीं तो और घरों में आग लगने के साथ-साथ जानमाल की क्षति हो सकती थी। रोहित साव बोरा के साथ-साथ कार्टून खरीदने का भी कारोबार करता है। यह आग कैसे लगी इसके कारणों का पता नहीं चल पाया है। वहीं घटना की सूचना पाकर भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा, अमित कुमार समेत कई लोग घटनास्थल पर पहुंचे और व्यवसाई को ढांढस बंधाया और पीड़ित परिवार की स्थिति को देखते हुए प्रखंड व जिला प्रशासन से उचित मुआवजा की मांग की।

### पति- पत्नी समेत चार लोग झुलसे, रिम्स रेफर

**बालूमाथ।** मंगलवार की देर शाम बालूमाथ थाना क्षेत्र के फुलबसीया रेलवे कोयला साइडिंग में जल रहे कोयला की चपेट में आने से पति-पत्नी समेत चार लोग झुलस कर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में उमेश प्रजापति उनकी पत्नी ममता देवी, एक वर्षीय पुत्री वैष्णवी कुमारी तथा एक वर्षीय पुत्र दिव्य कुमार ग्राम दुलारी थाना पदमा जिला हजारीबाग निवासी शामिल है। घटना के बारे में मिली जानकारी के अनुसार उमेश प्रजापति बाईक में सवार होकर अपने सुसराल ग्राम अमरवाडीह थाना बारियातु फूलबसिया कोल साइडिंग होकर जा रहा था। जहां रेलवे साइडिंग में कोयले में लगी आग में बाइक अनियंत्रित होकर जा गिरा। जिसमे सभी झुलस कर घायल हो गए। घटना के बाद अमरवाडीह पिकेट प्रभारी प्रेम कुमार निषाद, मुख्तार अंसारी की सहायता से बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया। जहां पर डॉ. सुरेश कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद सभी घायलों की स्थिति को गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के पश्चात बेहतर ईलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया।

### ट्रक की चपेट में आने से युवक की मौत

**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना क्षेत्र के भगिया ग्राम स्तिथ बड़काबर टोला के पास अज्ञात ट्रक की चपेट में आने से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक युवक की पहचान थाना क्षेत्र केरी ग्राम निवासी नरेश यादव का पुत्र संदीप कुमार यादव 28 वर्ष के रूप में हुई। युवक सोमवार देर रात भगेया ग्राम में लगने वाले साप्ताहिक बाजार से आवश्यक सामग्रियों की खरीदारी कर अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान कोयला लदी ट्रक ने टक्कर मार दिया और फरार हो गया। जिससे युवक मौत घटनास्थल पर ही हो गई 'घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। वहीं घटना की सूचना पाकर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।

### बारियातू के विभिन्न स्थलों में लगी आग, सामान जलकर राख

**बारियातू।** प्रखण्ड अन्तर्गत टोटी पंचायत के इटके सुइयांटोला निवासी रमेश उरांव पिता बल्कु उरांव के मिट्टी खपरैल घर में आग लग जाने से लाखो रुपए की सामान जलकर खाक हो गया। पीड़ित परिजनों ने बताया आधी रात धुंआ से नींद खुली तो सभी परिवार के सदस्यों को जगाया। घर जलता देख कर शोर मचाने पर आसपास के लोग घटना स्थल पर पहुंचे आग के लपेटे को देखकर खैराही टोला से राजु उरांव, नंदु उरांव प्रखण्ड प्रमुख उर्मिला देवी, पंसस मो. होजेफा, सहित अनेकों ग्रामीण घटना स्थल पर पहुंचे। सभी ने मिलकर आग को बुझाने का प्रयास किया। थाना प्रभारी मुकेश चौधरी को फोन कर सुचना दी गई। सुचना पाकर आगजनी स्थल पर थाना प्रभारी मुकेश चौधरी, पुअनि दिपक नारायण सिंह, पुअनि रवि कुमार सदलबल घटना स्थल पर पहुंचे और आग बुझाने में ग्रामीणों के साथ सहयोग किया।

## गुजरात जायंट्स की कप्तान मूनी से बाहर

**नयी दिल्ली।** गुजरात जायंट्स की कप्तान बेथ मूनी WPL से बाहर हो गई हैं। उनकी जगह स्नेह राणा टीम की कप्तानी कर रही हैं। फ्रेंचाइजी ने स्नेह राणा की जगह ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर एश्ले गार्डनर को नया उपकप्तान बनाया है। साथ ही मूनी की जगह लौरा वोल्वार्ड्ट को टीम में शामिल किया गया है। फ्रेंचाइजी ने गुरुवार को एक मीडिया रिलीज में यह जानकारी दी। टीम की कमान उपकप्तान स्नेह राणा ने हाथों में थी।

## गोल्डन बॉय नीरज का देशवासियों को वादा

**पानीपत।** देश के सर्वश्रेष्ठ एथलीट गोल्डन बॉय नीरज चोपड़ा ने इस बार देश वासियों से बड़ा वादा किया है। दरअसल, उनके चाहने वाले लाखों-करोड़ों लोगों का उनसे एक सवाल हमेशा रहता है कि आखिर वे 90 मीटर भाला फेंकने का रिकॉर्ड कब हासिल करेंगे। इस सवाल पर नीरज ने जबाब देते हुए कहा कि वे इस बार इस सवाल को बंद कर देंगे। यानी वे इस टारगेट को अचीव कर लेंगे। उन्होंने कहा कि इस गोल के लिए उनकी दिन-रात कड़ी मेहनत चल रही है। विश्व के उच्चतम एथलीट, कोच की निगरानी और दिशा-निर्देश में वे कड़ा अभ्यास कर रहे हैं। फिलहाल उनका फोकस सिर्फ और सिर्फ 90 मीटर व इससे अधिक का है।

## WPL में लगातार तीसरा मैच हारा बेंगलुरु

**मुंबई।** विमेंस प्रीमियर लीग में बुधवार को गुजरात जायंट्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 11 रन से हरा दिया। यह गुजरात की टूर्नामेंट में पहली जीत है, वहीं बेंगलुरु की लगातार तीसरी हार। मुंबई के ब्रेबोर्न स्टेडियम में टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने उतरी गुजरात ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 201 रन बनाए। जवाब में बेंगलुरु की टीम 20 ओवर में 6 विकेट पर 190 रन ही बना सकी। बेंगलुरु से हीथर नाइट 11 बॉल पर 30 रन बनाकर नाबाद रहीं। ओपनर सोफी डिवाइन ने सबसे ज्यादा 66 रन बनाए। गुजरात से एश्ले गार्डनर ने 3 और एनाबेल सदरलैंड ने 2 विकेट लिए।

# भारतीय टीम की हालत हुई पस्त, ख्वाजा ने शतक जड़ रचा इतिहास

## पहले दिन ऑस्ट्रेलिया ने चार विकेट पर बनाए 255 रन : ख्वाजा और ग्रीन नाबाद लौटे, शमी ने झटके दो विकेट

एजेंसी

**अहमदाबाद।** भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच चल रही बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के चौथे मुकाबले में पिच का मिजाज बदलते ही बल्ले ने अपना रंग दिखाना शुरू कर दिया। वहीं, बॉल का असर फीका रहा। पहले दिन ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में चार विकेट पर 255 रन बना लिए हैं। गुरुवार को स्टंप्स के बाद ओपनर उस्मान ख्वाजा (104 रन नाबाद) ने 14वां टेस्ट शतक जमाया। कैमरून ग्रीन 49 रन पर नाबाद लौटे। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में टॉस जीतकर बैटिंग करने उतरी कंगारू टीम की ओर से पीटर हैंड्सकॉम्ब 17 रन, स्टीव स्मिथ 38 रन, मार्नस लाबुशेन 3 और ट्रेविस हेड 32 रन बनाकर आउट हुए। भारत की ओर से मोहम्मद शमी ने दो विकेट चटकाए, जबकि रवींद्र जडेजा और रविचंद्रन अश्विन को एक-एक विकेट मिला।

### टॉप-मिडिल ऑर्डर पर तीन साझेदारी

ऑस्ट्रेलियाई टीम की शानदार शुरूआत में टॉप-मिडिल ऑर्डर पर पनपी साझेदारियों का अहम योगदान रहा। ख्वाजा के अलावा उसका कोई और बल्लेबाज बड़ा स्कोर नहीं कर सका, लेकिन ख्वाजा ने तीन अर्धशतकीय साझेदारियां की। उन्होंने ओपनर ट्रेविस हेड (32 रन) के साथ 61 रन, स्टीव स्मिथ (38 रन) के साथ 79 रन और कैमरून ग्रीन (49 रन नाबाद) के साथ नाबाद 85 रन जोड़े हैं।

## उस्मान ख्वाजा का भारत में पहला शतक



**अहमदाबाद।** सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा ने भारत के खिलाफ और भारतीय सरजमीं पर अपना पहला शतक जड़ दिया है। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के चौथे टेस्ट के पहले दिन वह 104 रन बनाकर नाबाद लौटे। 251 गेंदों की इस पारी में 15 चौके भी मारे। एक छोर से विकेट गिरते रहा, लेकिन ख्वाजा डटे रहे। पेसर्स और स्पिनर्स दोनों के खिलाफ बढ़िया खेल दिखाया। यही वजह रही कि स्टंप्स तक ऑस्ट्रेलिया ने चार विकेट के नुकसान पर 255 रन बना लिए हैं। ख्वाजा की इस शानदार पारी में उनका 'छह इंच प्लान' भी देखने को मिला, जो उन्होंने इंडियन पेसर्स के खिलाफ आजमाया।

### क्रीज से आधा फीट बाहर

दरअसल, ख्वाजा की ये पारी कुछ खास थी। पहले ओवर से 90वें ओवर तक यानी पूरे दिन क्रीज पर टिके रहने के लिए क्रीज का ही इस्तेमाल किया। वह क्रीज से कम से कम 6 इंच या यानी आधे फीट के आसपास बाहर निकलकर खेल रहे थे। अमूमन बल्लेबाज गेंद की मूवमेंट से बचने के लिए यह तरीका अपनाते हैं। साथ ही साथ उनका मकसद बोलर की लैंथ भी खराब करना होता है। LBW आउट होने के खतरे से बचने के लिए भी कई खिलाड़ी क्रीज से बाहर निकल जाते हैं। साथ ही साथ इस मूवमेंट के साथ फ्रंटफुट में खेलना आसान होता है।

### तोड़े कई रिकॉर्ड, रचा इतिहास

उस्मान ख्वाजा इस सदी में भारत के खिलाफ भारत में टेस्ट शतक बनाने वाले पाकिस्तान में जन्में पहले बल्लेबाज हैं। 1999 में भारत में शतक बनाने वाले आखिरी दो पाकिस्तान में जन्में प्लेयर सईद अनवर और शाहिद अफरीदी थे। जिन्होंने क्रमशः कोलकाता और चेन्नई में सैकड़ा जड़ा था। इसी के साथ 36 वर्षीय उस्मान बीते 12 टेस्ट और 13 साल में भारत में टेस्ट शतक बनाने वाले पहले ऑस्ट्रेलियाई बाएं हाथ के बल्लेबाज हैं। आखिरी बार 2010/11 में बेंगलुरु में मार्कस नॉर्थ ने यह कमाल किया था।

### कोहली को मस्ती, कप्तान बनकर दिखाई दादागिरी

बीच टीम इंडिया के पूर्व कप्तान और स्टार बल्लेबाज विराट कोहली को एक मस्ती सूझी, जिसके चलते वह अब सुर्खियों में बने हुए हैं।दरअसल, जब ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के स्टीव स्मिथ और उस्मान ख्वाजा पिच पर सीमेंट की तरह खड़े हुए थे और भारतीय गेंदबाजों को थका रहे थे, तो उस वक्त विराट कोहली ने तनाव भरे माहौल को थोड़ा हल्का करने का प्रयास किया। ऑस्ट्रेलियाई पारी का 51वां ओवर भारत की तरफ से तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी डाल रहे थे। उनके ओवर की चौथी गेंद पर स्टीव स्मिथ स्ट्राइक पर थे। स्मिथ ने शमी की गेंद पर स्ट्रेट ड्राइव लगाई।

## शांतो के तूफान में उड़े वर्ल्ड चैंपियन इंग्लैंड

एजेंसी

**चट्टोग्राम।** बांग्लादेश क्रिकेट टीम ने टी-20 और वनडे वर्ल्ड चैंपियन इंग्लैंड को 6 विकेट से टी-20 इंटरनेशनल हरा दिया। चट्टोग्राम में टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी इंग्लैंड ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 156 रन बनाए। जवाब में बांग्लादेश ने 18 ओवर में 4 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। बांग्लादेश से नजमुल हसन शांतो ने 51 रन की पारी खेली। वहीं शाकिब अल हसन 34 अफीफ होसैन 15 रन बनाकर नाबाद रहे और अपनी टीम की जीत सुनिश्चित की। टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी इंग्लैंड टीम को कप्तान जोस बटलर और फिल सॉल्ट ने अच्छी शुरूआत दिलाई। दोनों ने पहले विकेट के लिए 10 ओवर में 80 रन जोड़े। सॉल्ट 38 रन बनाकर आउट हुए। उनके जाने के बाद बटलर एक एंड पर खड़े रह गए और दूसरे एंड पर लगातार विकेट गिरने लगे। बटलर 67 रन




बनाकर आउट हुए। उनके अलावा बेन डकेट ने 20, डेविड मलान ने 4, सैम करन ने 6 और क्रिस वोक्स ने एक रन बनाया। मोईन अली 8 और क्रिस जॉर्डन 5 रन बनाकर नाबाद रहे। बांग्लादेश से हसन मसमूद को सबसे ज्यादा 2 विकेट मिले। वहीं नसुम अहमद, तस्कीन अहमद, मुस्ताफिजुर रहमान और शाकिब अल हसन के खाते में एक-एक विकेट गया।

### बांग्लादेश ने की तेज शुरूआत

157 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी बांग्लादेश को लिट्टन दास (12) और रोनी तालुकदार (21) ने तेज शुरूआत दिलाई। चौथे ओवर में रोनी और पांचवें ओवर में लिट्टन दास आउट हो गए। तीसरे नंबर पर आए नजमुल हसन शांतो (51) ने टॉडी दॉय (24) के साथ तीसरे विकेट के लिए 39 बॉल पर 65 रन की पार्टनरशिप की। शांतो और दॉय के आउट होने के बाद शाकिब और अफीफ ने 34 बॉल पर 46 रन की नाबाद पार्टनरशिप कर 12 गेंद बाकी रहते अपनी टीम को जीत दिला दी। इंग्लैंड के लिए जोफ्रा आर्चर, आदिल रशीद, मार्क वुड और मोईन अली ने 1-1 विकेट लिया। 51 रन बनाने वाले शांतो प्लेयर ऑफ द मैच रहे।

## दक्षिण अफ्रीका की शानदार शुरूआत

**जोन्हसबर्ग।** साउथ अफ्रीका और वेस्टइंडीज के बीच जोहान्सबर्ग में दूसरा टेस्ट खेला जा रहा है। गुरुवार को पहले दिन का खेल समाप्त होने तक साउथ अफ्रीका ने अपनी पहली पारी में 7 विकेट खोकर 311 रन बना लिए। हेनरिक क्लासेन 43 गेंदों में 17 रन बनाकर क्रीज पर हैं। ओपनर एडेन मार्करम 4 रन से अपना 7वां टेस्ट शतक जमाने से चूक गए। साउथ अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। ओपनर डीन एल्गर और एडेन मार्करम ने टीम को अच्छी शुरूआत दी और दोनों के बीच 106 गेंदों पर 76 रन की साझेदारी हुई। एल्गर 54 गेंदों में 7 चौकों की मदद से 42 रन बनाकर आउट हो गए। उसके बाद मार्करम और टोनी डी जॉर्जी के बीद दूसरे विकेट के लिए 164 गेंदों में 116 रनों की साझेदारी हुई। मार्करम 4 रन से अपना 7वां टेस्ट शतक जमाने से चूक गए। वह टीम के स्कोर 192 रन पर आउट हुए। उस समय उनका निजी स्कोर 139 गेंदों पर 96 रन था। उन्होंने अपनी पारी में 17 चौके जड़े। यह उनके टेस्ट करियर का 10वां अर्धशतक रहा।

## श्रीलंका ने पहले दिन 305 रन बनाये

**क्राइस्टचर्च।** क्राइस्टचर्च में श्रीलंका और न्यूजीलैंड के बीच पहला टेस्ट मैच खेला जा रहा है। गुरुवार को पहले दिन का खेल समाप्त होने तक श्रीलंका ने 6 विकेट के नुकसान पर 305 रन बना लिए हैं। खराब रोशनी की वजह से दिन में 75 ओवर की ही खेल हो सका। श्रीलंका के लिए कुशल मेंडिस और दिमुथ करुणारत्ने के बीच शतकीय और एंजेलो मैथ्यूज- दिनेश चांदीमल के बीच अर्धशतकीय पारी की साझेदारी हुई। वहीं धनंजय डिसिल्वा 39 और कसुन रजिथा 16 रन बनाकर नाबाद हैं। न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का फैसला किया। कीवी कप्तान टिम साउदी का यह फैसला शुरूआती ओवर में सही साबित होता नजर आया। ओपनर ओशदा फर्नांडो 31 गेंदों पर 13 रन बनाकर टिम साउदी के गेंद पर टॉम ब्लंडेल को कैच थमाकर पवेलियन लौट गए। लेकिन उसके बाद दूसरे विकेट के लिए कुशल मेंडिस और दिमुथ करुणारत्ने के बीच 137 रन की साझेदारी हुई। मेंडिस टीम के 151 रन के स्कोर पर साउदी की गेंद पर एलबीडब्ल्यू होकर पवेलियन लौट गए।

# हरियाणा बॉक्सर और बीएफआई की लड़ाई

एजेंसी

**रोहतक।** हरियाणा की तीन बॉक्सरों व बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के बीच चल रहे विवाद में खिलाड़ियों को हाईकोर्ट से ही अंतिम उम्मीद है। कोर्ट ने BFI को निर्देश दिए हैं कि वर्ल्ड चैंपियनशिप की मूल्यांकन शीट को पेश करनी होगी। इसके बाद हाईकोर्ट आगे का निर्णय लेगा। इधर, 15 मार्च से वर्ल्ड चैंपियनशिपका आगाज होगा। जो 26 मार्च तक चलेगी। दिल्ली में आयोजित वर्ल्ड चैंपियनशिप में 12 दिनों तक विभिन्न देशों के बॉक्सर अपने पंच का दम दिखाएंगे। वहीं हाईकोर्ट में 13 मार्च को दोबारा से सुनवाई होगा। हालांकि 13 को कोर्ट खिलाड़ियों के पक्ष में फैसला सुना देता है तो उनको खेलने का मौका मिल सकता है।

## बच्ची से रेप की कोशिश, आरोप गिरफ्तार

**बगहा।** बगहा के पटखौली थाना क्षेत्र में एक 8 वर्षीय बच्ची के साथ एक 45 वर्षीय व्यक्ति ने दुष्कर्म करने का प्रयास किया है। सूचना मिलते ही पुलिस आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ और जांच में जुट गई है। महिला थाना अध्यक्ष धर्मवीर भारती ने बताया कि लड़की के मां के द्वारा आवेदन प्राप्त हुआ है। आवेदन मिलते ही आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है। पूछताछ की जा रही है। पीड़िता को मेडिकल के लिए बेतिया जीएमसीएच भेजा जा रहा है। जिसका 364 का भी बयान कोर्ट में कराया जाएगा। फिलहाल आरोपी पर धारा 376/11 और पास्को एक्ट के तहत एफ आई आर दर्ज किया गया है।

## पड़ोसी ने महिला को आग में झोंक कर मार डाला

**भोजपुर।** जिले में होली की रात झोपड़ी में लगी आग ने एक महिला की जान ले ली। इस घटना में आग से झुलसने से महिला की मौत हो गई और होली का त्यौहार मातम में तब्दील हो गया। घटना को लेकर अफरा तफरी मच गई। पूरे इलाके में इस कांड के बाद सनसनी फैल गई। इस मामले में नया मोड़ तब आया जब मृतका के परिवार वालों ने आरोप लगाया। उनका कहना था कि उनके घर के पास वाले (पड़ोसी) ने पहले झोपड़ी में आग लगाई। उसके बाद महिला को जबरदस्ती आग में फेंक दिया गया। जिसमें झुलस कर उसकी दर्दनाक मौत हो गई। घटना शाहपुर में घटित हुई। घटना की सूचना के बाद एसडीपीओ और सीओ समेत पुलिस प्रशासन घटनास्थल पर पहुंचा। शाहपुर थाना क्षेत्र के सुहियां गांव में होली की देर रात ये सब कुछ हुआ। मृतिका सुहियां गांव निवासी नन्हक डोम की पत्नी विमला डोम (56) बताई जा रही है। इस घटना में महिला की झुलसने से उसकी मौत हो गई।

## होली की रात बेगूसराय में डबल मर्डर से कोहराम

**बेगूसराय।** जिले में होली की रात दो अलग-अलग जगहों पर हुए हत्याकांड से सनसनी फैल गई। पहले मामले में होली की रात बेखौफ बदमाशों ने घर के दरवाजे पर सोए एक ठेला मिस्त्री की बेरहमी से गला दबाकर हत्या कर दी। घटना की जानकारी गुरुवार की सुबह परिजनों को तब मिली जब काफी देर तक युवक नहीं उठा। जब घर के लोग जगाने गए तो पता चला कि युवक की मौत हो चुकी है। घटना बलिया थाना क्षेत्र के पोखरिया पंचायत के दनौली गांव की है। घटना की सूचना पर बलिया थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन कर रही है। मृतक युवक की पहचान दनौली वार्ड 4 निवासी बंगाली रजक के 30 वर्षीय पुत्र नीतीश कुमार के रूप में की गयी है।

**लापता युवक का सड़क किनारे मिला शव :** वहीं बेगूसराय में ही दूसरा मामला तब सामने आया जब होली की सुबह से लापता युवक की लाश गुरुवार को मिली। घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र के कुंड ढाला के नजदीक की है। शव मिलने के बाद आक्रोशित लोगों ने कुछ देर के लिए एस एच 55 जामकर विरोध प्रदर्शन किया। मृतक की पहचान मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के मोहनपुर निवासी अर्जुन सिंह का 30 वर्षीय बेटे गुलशन कुमार के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि गुलशन खेतीबाड़ी कर गांव में ही जीवन यापन करता था। बीती शाम वह अपने साइकिल से खेत की ओर गया था जिसके बाद वह घर नहीं लौटा।

## होली पर हादसा... तीन की मौत

**हाजीपुर (वैशाली)।** वैशाली में होली पर हुए हादसे ने तीन परिवारों के खुशियों का रंग हमेशा के लिए फीका कर दिया। सड़क हादसे में तीन युवकों की मौत हो गई। तीनों बचपन के दोस्त थे। सभी एकसाथ अपने दोस्त के ससुराल होली मनाने जा रहे थे। होली की रात एक बोलेरो ने बाइक सवार 3 युवकों को रौंद दिया। हादसे में तीनों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। दुर्घटना महुआ थाना क्षेत्र के महुआ-देसरी मुख्य मार्ग पर पुरानी बाजार मिश्रा पेट्रोल पंप के पास हुई। तीनों युवकों में बचपन से दोस्ती थी। तीनों होली मनाने अपने दोस्त के ससुराल जा रहे थे। मृतकों में तीसीऔता थाना क्षेत्र के धर्मपुर गांव निवासी नीलकंठ पासवान का बेटा राजा कुमार (28), जयनारायण राम का बेटा पप्पू कुमार राम (25) और तीसीऔता असवारी गांव निवासी राजीव कुमार सिंह का बेटा सुमित कुमार सिंह (22) हैं। पुलिस ने तीनों शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हाजीपुर सदर अस्पताल भेज दिया और घटना की जांच में जुट गई है।

# मस्जिद के सामने होली खेलने पर पत्थरबाजी एक की मौत, इलाके में भारी पुलिस फोर्स तैनात

एजेंसी

**बेतिया।** बेतिया में होली खेलने के दौरान बुधवार की देर शाम दो गुटों के बीच जमकर पथराव हुआ है। बताया जा रहा है कि एक समुदाय के लोग होली खेलने के दौरान मस्जिद के पास से गुजर रहे थे। डांस और गुलाल उड़ाने को लेकर दूसरे समुदाय के लोगों ने आपत्ति जताई। इसके बाद दोनों ओर से पथराव शुरू हो गया। इसमें 65 साल के शब्बीर मियां की मौत हो गई। 10 से ज्यादा लोग घायल बताए जा रहे हैं। मामला जिले के मझौलिया थाना के माधोपुर शेखटोली गांव का है। घटना की सूचना पर एसडीओ डॉ विनोद कुमार, एसडीपीओ



मुकुल परिमल पांडेय, डीएम कुंदन कुमार और एसपी उपेंद्र नाथ वर्मा ने मौके पर पहुंचकर हालात पर काबू पाया। इस घटना के बाद इलाके में बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है। लोगों का कहना है कि होली के गीत बजाते हुए लोग मस्जिद के पास से गुजर रहे थे। कुछ लोग वहां मौजूद लोगों पर रंग अबीर फेंकने लगे। जिसके बाद यह विवाद हुआ। जबकि दूसरे गुट का कहना है कि लोग होली का गीत गाते रास्ते से गुजर रहे थे। तभी मस्जिद से पत्थरबाजी शुरू हो गई।

### असामाजिक तत्वों के कारण शुरू हुई पत्थरबाजी

वहीं इधर माधोपुर के मुखिया पति राजू चौधरी ने बताया कि कुछ असामाजिक तत्वों के कारण पत्थरबाजी हुई है। शब्बीर मियां खेत की ओर जा रहे थे। शोरगुल और तेज आवाज होने के कारण उनकी मौत होने की आशंका है। वहीं सदर एसडीपीओ मुकुल परिमल पांडे ने बताया कि स्थिति को नियंत्रित कर लिया गया है। शब्बीर मियां के शरीर पर चोट के निशान नहीं मिले हैं। शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकता है।

# पूर्व विधायक रामबालक सिंह छपरा से गिरफ्तार

एजेंसी

**छपरा।** जदयू के पूर्व विधायक रामबालक सिंह को छपरा रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया गया है। उनके ऊपर समस्तीपुर में पूर्व मुखिया और साथी की हत्या का आरोप है। जीआरपी ने स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस से उन्हें गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि वो नेपाल भागने की फिराक में थे। बताया जा रहा है कि रामबालक सिंह का किसी महिला के साथ आपत्तिजनक वीडियो था जिसे पूर्व मुखिया और उसका साथी वायरल कर रहे थे। इसके बाद ये दो हत्याएं हुई थीं। 20 फरवरी को विभूतिपुर थाना क्षेत्र के मडडिहा ब्रह्मस्थान के पास पूर्व मुखिया और उनके सहयोगी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में पुलिस अधीक्षक विनय तिवारी ने विशेष टीम गठन कर 3 मार्च को जदयू के पूर्व विधायक रामबालक सिंह के भाई लालबाबू सिंह को दिल्ली एनसीआर के गाजियाबाद से गिरफ्तार कर लिया था। वहीं पूर्व विधायक की गिरफ्तारी को लेकर लगातार पुलिस छापेमारी कर रही थी। इसी दौरान गुरुवार को टावर लोकेशन के आधार पर सारण जिला के छपरा रेलवे स्टेशन से सारण पुलिस और समस्तीपुर पुलिस ने जदयू के पूर्व विधायक रामबालक सिंह को गिरफ्तार कर लिया है।

## गया हादसे पर सेना बोली- नहीं हुई फायरिंग

**गया।** बाराचट्टी के गुलरवेद गांव में होली की सुबह तोप का गोला गिरने से हुई तीन लोगों की मौत के मामले में इंडियन आर्मी का बयान आया है। आर्मी ने घटना के दूसरे दिन अपनी ओर से बड़ा खुलासा किया है। सेना के हेडक्वार्टर 23 इंफेंटरी डिवीजन का दावा है कि होली के दिन डिहुरी-डुमरी फायरिंग रेंज में किसी प्रकार की कोई भी फायरिंग की प्रैक्टिस नहीं की गई है।

## महिला की गोली मारकर हत्या

**समस्तीपुर।** समस्तीपुर जिले के बिथान थाना क्षेत्र के पुसहो गांव में होली के मौके पर एक किशोर ने एक युवक के शरीर पर कादो फेंक दिया तो गुस्साए युवक ने किशोर की मां को बुधवार देर रात गोली मारकर हत्या कर दी। घटना की सूचना मिलने के बाद गुरुवार सुबह बिथान थाने की पुलिस ने महिला के शव को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए समस्तीपुर सदर अस्पताल भेजा है। मृतक महिला की पहचान उसी गांव के संजय यादव की पत्नी रेखा देवी के रूप में की गई है। हत्या का आरोप गांव के ही श्याम यादव पर लगा है। घटना के संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि गांव के संजय यादव के पुत्र अनिकेत कुमार ने बुधवार को होली के मौके पर दोपहर गांव के ही श्याम यादव पर रास्ते से गुजरने के दौरान कादो और गोबर फेंक दिया था। अनिकेत का यह व्यवहार श्याम को पसंद नहीं आया। जिस कारण दोपहर में दो गुटों के बीच विवाद हुआ। हालांकि गांव के लोगों द्वारा बीच-बचाव कर मामला को शांत करा दिया गया। फिर गांव में होली मनी।

## नालंदा : होली के अगले दिन गिरा दी दो लाशें

**नालंदा।** बिहार के नालंदा में अपराधियों ने दो लोगों की हत्या कर दी। पहली घटना राजगीर की है। यहां पर पूर्व के अपसी विवाद में एक शख्स की गोली मारकर हत्या कर दी गई। दूसरी घटना में परवलपुर की है। यहां पर बदमाशों ने एक युव की गोली मारकर हत्या कर दी और फरार हो गए। युवक की लाश पिलिछ-परवलपुर सड़क के किनारे बालू के ढेर पर मिली। गोली मारकर उसकी हत्या की गयी थी। मृतक पिलिछ गांव निवासी स्व. अरुण सिंह का 28 वर्षीय पुत्र विक्रम सिंह था। हत्या का कारण स्पष्ट नहीं हुआ है। परिजनों का कहना है कि उसकी किसी से दुश्मनी नहीं थी। परिजनों ने बताया कि वह शेखपुरा में जेसीबी मशीन चलाता है। तीन भाइयों में सबसे बड़ा है। 5 साल पहले पिता की मौत के बाद वही परिवार का भरण पोषण कर रहा था। वह होली मनाने के लिए घर आया था। परिजनों को बताये बिना घर से निकला था। उसके बाद वापस नहीं लौटा। गुरुवार की सुबह घूमने निकले ग्रामीणों ने उसकी लाश देखी। घटनास्थल को देखने से लगता है कि हत्या कहीं और की गयी है। शव को वहां लाकर रख दिया गया है। दूसरी ओर राजगीर थाना क्षेत्र के दयारामनगर-उजरपुर निवासी कारु मांझी के 30 वर्षीय पुत्र महेश मांझी को बदमाशों ने गोली मार दी। उसे इलाज के लिए अस्पताल लाया गया। वहां से बेहतर इलाज के लिए पटना भेजा गया। गुरुवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी।

## पेज एक का शेष

**दोनों प्रधानमंत्री ने...**

आजादी के बाद से भारत और ऑस्ट्रेलिया के संबंध काफी अच्छे रहे हैं। इसकी याद के तौर पर दोनों प्राधनमंत्रियों को एक तोहफा दिया गया। एंथनी अल्बनीस भारत की चार दिन की यात्रा पर हैं। पीएम मोदी ने टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा से मुलाकात की और रोहित शर्मा ने टीम के अन्य खिलाड़ियों से पीएम मोदी को मिलवाया। **उस्मान ख्वाजा का शतक, आस्ट्रेलिया 255/4 :** पहले दिन का खेल खत्म होने पर ऑस्ट्रेलिया ने चार विकेट पर 255 रन बना लिये थे। क्रीज पर 251 गेंदों में 104 रन बनाकर उस्मान ख्वाजा और 64 गेंदों में 49 रन बनाकर कैमरन ग्रीन मौजूद हैं। उस्मान ख्वाजा ने भारत में भी और भारत के खिलाफ भी पहला शतक जड़ा। इससे पहले उनका सर्वाधिक स्कोर 97 रन था। चार टेस्ट मैचों की सीरीज में भारत 2-1 से बढ़त बनाये हुए है।

**नापाक हरकत पर...**

बता दें कि भारत और पाकिस्तान के बीच 2021 की शुरुआत में नियंत्रण रेखा पर संघर्ष विराम हुआ था। इसके बाद से सीमा पर दोनों ओर से गोलीबारी नहीं हुई है। भारत और पाकिस्तान के संबंध कश्मीर मुद्दे और सीमापार आतंकवाद को लेकर तनावपूर्ण रहे हैं। भारत का कहना है कि आतंकवाद और बातचीत एक साथ नहीं हो सकती। भारत पाकिस्तान के साथ बात करने के लिए तैयार है, लेकिन पहले उसे इसके लिए सही माहौल तैयार करना होगा। **चीन के साथ सीमा विवाद से भी है खतरा :** अमेरिकी खुफिया रिपोर्ट में बताया गया है कि एलएसी पर चीन और भारत के बीच तीन साल से तनाव बना हुआ है। दोनों ओर से बड़ी संख्या में सैनिकों की तैनाती की गई है। यहां दोनों देशों के सैनिकों के बीच हुई छोटी झड़प के बड़ी लड़ाई में बदलने का खतरा है। दोनों देश परमाणु हथियारों से लैस हैं, इसलिए चिंता और बढ़ गयी है।

**बाहा पर्व में...**

महिलाएं सखुआ के फूलों को अपने बालों में लगाती हैं। यह सोहराय के बाद दूसरा बड़ा पर्व माना जाता है। मुख्यमंत्री की यात्रा के मद्देनजर इलाके में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये थे। मुख्यमंत्री के आगमन की खुशी में उनके गांव में जश्न का माहौल है। रामगढ़ की उपायुक्त माधवी मिश्रा और पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडेय ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। इस क्रम में उन्हें पौधा देकर होली की बधाई भी दी। परिजनों और गांव के लोगों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित उनके परिवार का पारंपरिक रीति-रिवाज लोटा पानी के साथ जोरदार तरीके से स्वागत किया। बाहा आदिवासियों का संताली लोग इस पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाते हैं।

**पैसों की खातिर...**

**बिस्किट खरीदने निकला था शौर्य :** तीन मार्च को शौर्य अपने घर के बाहर स्थित एक दुकान में बिस्किट खरीदने के लिए गया हुआ था। उसी दौरान उसे संजीव ने अगवा कर लिया था। सीसीटीवी फुटेज में देखा गया था कि एक उजले कार में सवार एक युवक ने दुकान से घर लौट रहे शौर्य को अपने पास बुलाया और फिर उसे अपने साथ लेकर चला गया। आरोपी ने पुलिस को बताया कि अपहरण के दिन शौर्य से चिप्स भी मांग कर खाया था। चिप्स मांगने के बहाने उसे गाड़ी में बिठाया और लेकर जाने लगा। इस पर शौर्य ने शोर मचाना शुरू किया तो आरोपी ने उसे मारकर बेहोश कर दिया था। **शौर्य सहित पूरे परिवार से घुल मिल गया था पांडा :** किराये पर रहने के दौरान संजीव, राजू गोप के बेटे शौर्य सहित पूरे परिवार के साथ घुल मिल गया था। हालांकि बाद में रांची के ही पुंदाग में एक रूम लेकर रहने लगा था। इसी दौरान वह कर्ज में डूब गया और उसने शौर्य के अपहरण की साजिश रची। इसके बाद उसने कई दिन रेकी की और शौर्य के अपहरण की घटना को अंजाम दिया। **अपहरण के कुछ ही घंटे के बाद कर दी थी हत्या :** संजू ने जब शौर्य को कार में बैठाया तो वो शोर मचाने लगा और कार से उतरने की कोशिश करने लगा। यह देखकर संजू घबरा गया। इसके बाद उसने कुछ दूर आगे जाने के बाद शौर्य पर बेरहमी से कई वार कर दिये, इससे शौर्य अचेत हो गया। इसके बाद संजू मोरहाबादी से निकलकर सीधे नगड़ी पहुंचा।

स्पीड न्यूज

### अचानक लगी आग, एक लाख से अधिक नुकसान

**दुमका।** खाना बनाने के दौरान एलपीजी गैस सिलेंडर लीक होने से अचानक आग लग गई। अगलगी में करीब डेढ़ लाख से अधिक की क्षति आंकी जा रही है। घटना नगर थाना क्षेत्र के रसिकपुर, खैरापाड़ा में अरुण प्रसाद मंडल के घर में आग लगी। स्थानीय लोगो की मदद से बालू से आग पर काबू पाया गया। जानकारी के अनुसार होली के दिन पुआ-पकवान बनाने की तैयारी चल रही थी। गैस चूल्हा में माचिस मार आग जलाया। जिससे अचानक सिलेंडर लीक कर गया और अचानक आग गई। आग की लपटे तेजी से पूरे घर में पकड़ लिया। आग के चपेट में इक्लेक्ट्रॉनिक समान पंखा, फ्रिज, स्टेपलाईजर, पंखा समेत सभी समान जल उठा। किसी प्रकार स्थानीय लोगों की मदद से बालू की मदद से आग पर काबू पाया गया।

### आपूर्ति विभाग का समीक्षात्मक बैठक डीसी ने किया

**दुमका।** समाहरणालय सभागार में आपूर्ति विभाग की समीक्षा बैठक गुरूवार को आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता डीसी रविशंकर शुक्ला ने किया। बैठक में जानकारी जिले में 1039 जन वितरण प्रणाली की दुकानें हैं। 16 मुख्यमंत्री दाल भात केंद्र वर्तमान में चल रहे हैं। जहां 5 रुपये में दाल भात खिलाया जा रहा है। बैठक में डीसी ने निर्देश दिया कि डाकिया योजना के लाभुकों को ससमय राशन उपलब्ध कराया जाये। निर्देश दिया कि पेट्रोल सब्सिडी योजना का लाभ योग्य लाभुकों को दी जाये। जानकारी दी गई कि मार्च माह में 804 लाभुकों को योजना का लाभ दिया गया है। सोना सोबरन धोती साड़ी योजना की समीक्षा करते हुए उन्होंने निर्देश दिया कि सभी प्रखंड योजना के तहत प्राप्त राशि को जल्द से जल्द विभाग में जमा करना सुनिश्चित करें।

### सड़क दुर्घटना में घायल महिला की मौत, जाम

**जामा।** थाना क्षेत्र के खंटगी पंचायत के अगोयाबांध गांव की रहने वाली महिला सरस्वती देवी गुरुवार को सड़क दुर्घटना में बूरी तरह से घायल हो गई। जिसकी मौत अस्पताल ले जाने के दौरान हो गयी। जानकारी के अनुसार पुलिस को दिए फर्द बयान में धीरेन पंडित ने बताया कि 35 वर्षीय पत्नी सरस्वती देवी अगोयाबान्ध कैराबनी के बीच गाय चरा रही थी। इसी बीच अगोयाबान्ध के अर्जुन मंडल ने बाइक जेएच 04 एल 9385 से जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह बुरी तरह से घायल होकर वहीं गिर पड़ी।

### लकड़ी माफिया पेड़ों को आग लगा कर रहे नुकसान

**रामगढ़।** इन दिनों प्रखंड में लकड़ी माफिया पुरी तरह से सक्रिय होकर सड़क के किनारे झाड जंगल में आग लगाकर सड़क के किनारे कीमती पेड़ों को आग के हवाले कर सरकारी पेड़ों को नुकसान पहुंचा रहे है। पेड़ों को मृत कर बाद में अधजले पेड़ को नोनीहाट एवं हंसडीहा आया मिलों में लड़कियों को बेच कर माला माल हो रहे है। सिंदुरिया नोनीहाट सड़क मार्ग के मधुवन गांव के समीप विगत तीन दिनों से सड़क किनारे झाड जंगल में लकड़ी माफिया द्वारा आग लगा दिया गया है। जिसके कारण हजारों रुपए का कीमती पेड़ नुकसान हो रहा है।

## आग प्रभावित क्षेत्रों का मंत्री आलमगीर ने लिया जायजा

# किसानों को दिया मुआवजे भरोसा

खबर मन्त्र संवाददाता



**पाकुड़।** राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ने गुरुवार को सदर प्रखंड के इलामी, निहारपाड़ा आदि गांवों का दौरा किया। आग से हुए फसल नुकसान का जायजा लिया। मंत्री ने किसानों से वार्ता की और हुए नुकसान की भारपाई का आश्वासन दिया। इस दौरान उनके साथ अधिकारियों की टीम भी मौजूद थी। आलमगीर आलम ने सदर बीडीओ सफीक आलम, अंचल निरीक्षक देवकांत सिंह सहित अन्य अधिकारियों को नुकसान का सर्वे करने को कहा। आदेश दिया कि किन-किन फसलों का कितना नुकसान हुआ इसकी रिपोर्ट बनाएं। साथ ही इसके जल्द जमा करने की बात भी कही। मंत्री ने पीड़ित किसानों से घंटों वार्ता की। मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया। मंत्री ने मीडिया कर्मियों को बताया कि दर्जनों किसानों के लगे दलहन के खेत में आग लगने से काफी नुकसान हुआ है, और पीड़ित किसानों को चिन्हित कर आपदा प्रबंधन से मुआवजा दिलाया जाएगा। ताकि किसानों को कुछ राहत मिल सके और आगे वे फिर से खेतीकर आत्मनिर्भर बने रहे।

वहीं अंचल निरीक्षक देवकांत सिंह ने बताया कि सर्वे का काम चल रहा है, और अबतक 50 किसानों का नाम सामने आया है। अंचल निरीक्षक ने बताया कि जयकिष्टोपुर पोड़ाबगान पश्चिम बंगाल की सीमा से सटे रहने के कारण सर्वे में दिक्कत हो रही है। इस कारण सर्वे टीम डोर टू डोर सर्वे का काम कर रही है। उन्होंने बताया कि खेत में फसल काटने के बाद कुछ किसानों ने पराली जलाकर छोड़ दिया था, जिस कारण आग फैल गयी। इस तरह किसानों के लगे फसल का नुकसान हो गया।

# महिला दिवस के दिन ही दो महिलाओं की हुई हत्या

खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** महिला दिवस के दिन ही गोड्डा में दो महिलाओं की हत्या की घटना घटी है। एक मामले में बुजुर्ग महिला की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। जबकि दूसरे में एक नाबालिग की निर्मम तरीके से हत्या की गई है। पहली घटना बलबड्डा थाना क्षेत्र की है जिबकि दूसरा मामला महगामा थाना क्षेत्र का है। होली में रंग लगाने से किया मना, तो हुड़दंगियों ने बुजुर्ग महिला को पीट-पीटकर मार डाला।

जिले के बलबड्डा थाना क्षेत्र के अमौर नीमा गांव में हुड़दंगियों ने एक बृद्ध की पीट-पीट कर जान ले ली। दरअसल, होली की हर तरफ खुमारी थी, लोग एक दूसरे को जबरिया रंग गुलाल डाल रहे थे। साथ ही हुड़दंग भी कर रहे थे। इसी दौरान कुछ लोग मुरारी सिंह के घर पहुंच कर जोर जबर्दस्ती करने लगे। इसी क्रम में घर के लोगों के साथ 65 वर्षीय मां बुच्ची देवी भी पहुंच गई और हुड़दंगियों को जबरदस्ती नहीं करने को कहा। लेकिन हुड़दंगी मानने को तैयार नहीं थे। इसके बाद हुड़दंगी बृद्ध के साथ मारपीट करने लगे और नशे में धुत्त लोगों ने बृद्ध को पीट-पीटकर मार ही डाला। उन्हें होश तब आया जब उन्हें लगा कि बृद्ध की मौत हो गयी है। इसके बाद सभी लोग मौके से भाग खड़े हुए। वहीं दुसरी घटना, गोड्डा के महगामा थाना क्षेत्र के गोविंदपुर में एक नाबालिग लड़की का शव बरामद हुआ है। शव की पहचान ईसीएल कर्मी की पुत्री के रूप में हुई है, जो बीते शाम को अपनी सहेली के घर अबीर खेलने के लिए गयी थी, लेकिन घर नहीं लौटा। जब देर शाम तक वो घर नहीं आई तो घरवालों ने खोजबीन शुरू कर दी। परिजन रातभर ढूंढते रहे लेकिन कहीं कोई पता नहीं चला। इधर गुरुवार सुबह लड़की का शव एक खेत में मिला। परिजनों के अनुसार लड़की का दुपट्टा उसकी सहेली के घर में मिला है। इधर, शव मिलने की सूचना के बाद एसडीपीओ महगामा शिव शंकर तिवारी घटनास्थल पर पहुंच शव का मुआयना किया और उन्होंने तफ्तीश शुरू दी है। उन्होंने बताया कि प्रथम दृष्टया ये प्रतीत होता है ।

## रेलवे रैक लोडिंग के समीप जनरल बोगी में अचानक लगी आग



धू-धू कर जलती ट्रेन

खबर मन्त्र संवाददाता

**साहिबगंज।** गुरुवार की शाम रिफ्यूजी क्लोनी स्थित रेलवे रैक लोडिंग समीप तीन बोगी में से एक जनरल बोगी में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते रेल डब्बा को आग ने पूरी चपेट में ले लिया। घटना कि सूचना मिलते ही रेल अधिकारी घटना स्थल पर पहुंचे। जिसके बाद स्टेशन मास्टर राजेंद्र पासवान सहित अन्य अधिकारियों ने दो रेल डब्बा को जलती हुई बोगी से अलग करवाया। रेल सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रेलवे को आग लगने की सूचना शाम साढ़े 5 बजे सूचना मिली। जिसके बाद अग्निशमन वाहन घटना सूचना दी गई। सूचना मिलते ही अग्निशमन वाहन घटना स्थल में पहुंच कर अग्निशामन पदाधिकारी मनोज कुमार शुक्ला के नेतृत्व में आग बुझाने का कार्य में लग गई। घटना के बाद रेलवे के कई विभाग के अधिकारी घटना स्थल पर पहुंचे। आरपीएफ भी दल बल के साथ पहुंचे। दमकल की दो गाड़ी घटना स्थल पर पहुंचकर लगभग एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

# फाल्गुन पूर्णिमा के मौके पर भोलेनाथ हर और हरि भगवान श्रीकृष्ण का हुआ मिलन

खबर मन्त्र संवाददाता

**जरमुंडी।** फाल्गुन पूर्णिमा के उपलक्ष्य पर मंगलवार को बासुकीनाथ मंदिर में हरि-हर मिलन धूमधाम से संपन्न हुआ। इस अवसर पर फौजदारी दरबार में अवस्थित राधा माधव के झूलन मंदिर से श्री हरि भगवान कृष्ण, ज्योतिर्मय भगवान नागेश बासुकीनाथ से मिलने के लिए गर्भगृह में पहुंचे। इस क्रम में पंडा पुरोहितों के साथ झूलन मंदिर के पूजारी पं.दिवाकर झा भगवान के श्रीविग्रह को लेकर बासुकीनाथ मंदिर के गर्भगृह में लेकर गए। जहां वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच श्रीहरि भगवान कृष्ण और भोलेबाबा श्रीनागेश बासुकीनाथ का मिलन हुआ। बासुकीनाथ मंदिर के गर्भगृह में विधि विधान के साथ हरि (श्रीकृष्ण) और हर (महादेव) के श्रीविग्रहों की विधिवत पूजा अर्चना की गई। इसके बाद हरिहर मिलन के उपलक्ष्य पर महादेव और भगवान के विग्रहों को रंग गुलाल निवेदित किया गया। हरिहर मिलन संपन्न होने पर स्थानीय पंडा



हरिहर मिलन के लिए भगवान श्रीकृष्ण के श्री विग्रह को बासुकीनाथ मंदिर के गर्भगृह में ले जाते पूजारी पं. दिवाकर झा एवं अन्य।

पुरोहितों ने जमकर रंग अबीर की होली खेली। मौके पर सबों ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली के रंगोत्सव की बधाइयां और शुभकामनाएं दीं। रंगोत्सव के इस मौके पर पंडा धर्मरक्षिणी सभा के अध्यक्ष मनोज पंडा, महासचिव, संजय झा,वैदिक पं. राजू झा, रविकांत मिश्रा मुन्ना,पलटू मिश्रा, जितेन्द्र झा, प्रह्लाद पांडेय,सुमन झा, कपिलदेव पंडा, धर्मेंद्र झा, कटकी झा, मिथिलेश मिश्रा आदि दर्जनो अन्य मौजूद थे।

रामगढ। प्रखंड मे बुधवार को होली का पर्व धूमधाम से मनाया गया इससे पूर्व सोमवार की देर रात होलिका दहन किया गया था। होली पर्व के दौरान थाना क्षेत्र अंतर्गत कही से भी किसी तरह की अप्रिय वारदात की कोई सूचना नही है। युवाओं की टोलियों ने डीजे की धुन पर जमकर नृत्य किया। बीडीओ कमलेंद्र कुमार सिन्हा एवं थाना प्रभारी अरविंद कुमार राय के नेतृत्व मे प्रशासन की टीम ने ग्रामीणों के साथ मिलकर होली खेली एवं एक दूसरे को रंग अबीर लगाकर होली की शुभकामना दी। प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा ग्रामीणों के साथ मिलकर होली खेलने से ग्रामीण काफी उत्साहित दिखाई दिए।

एक नजर में

### आसमान से गिरी बिजली, युवक की मौत

**गिरीडीह।** जिला के बेंगाबाद में हुई तीन अलग-अलग घटनाओं में तीन लोगों समेत दो मवेशी की जान चली गई। घटना के बाद पीड़ित परिवार सहित पूरे इलाके में मातम पसर गया। पहली घटना थाना क्षेत्र के पतरोडीह गांव की है. जहां एक प्रवासी मजदूर ने आत्महत्या कर ली। वहीं दूसरी घटना में सड़क दुर्घटना में एक युवक की जान चली गई। तीसरी घटना थाना क्षेत्र के भंवरडीह गांव की है. यहां आसमानी बिजली गिरने से एक युवक और दो मवेशियों की मौत हो गई। वज्रपात के कारण घर में आग लग गई। गिरीडीह से अग्निशमन वाहन के पहुंचने के बाद आग पर काबू पाया गया। बुधवार की दोपहर आसमान में काले बादल छाए और गर्जन के साथ बिजली कड़कने लगी। तभी अचानक तेज आवाज के साथ भंवरडीह निवासी चुरामन पंडित के घर पर वज्रपात हो गया। वज्रपात की चपेट में चुरामन पंडित के 35 वर्षीय पुत्र सोहन पंडित के साथ घर में बंधे दो मवेशी आ गए। जिससे युवक समेत मवेशी झुलस गए. आनन फानन में परिजन सोहन पंडित को लेकर अस्पताल भागे। मगर अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया.इधर बिजली गिरने के बाद घर में आग लग गई। स्थानीय ग्रामीणों द्वारा कुंए से पानी डाल कर आग बुझाने का प्रयास किया गया। मगर लोग आग पर काबू नहीं पा सके. सूचना पर अग्निशमन की टीम मौके पर पहुंची। तब जाकर आग बुझाई गयी. इधर घटना की सूचना पर बेंगाबाद पुलिस पदाधिकारी अनीश पांडेय और विकेश मेहरा दल बल के साथ मौके पर पहुंचे और आग बुझाने में सहयोग किया।

### अर्तराष्ट्रीय महिला दिवस पर एसपी महिला कॉलेज में क्वीज प्रतियोगिता में 200 छात्राएं हुई सम्मानित

**दुमका।** अर्तराष्ट्रीय महिला दिवस पर एसपी महिला कॉलेज दो दिवसीय ऑनलाईन क्वीज प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। आयोजन संस्कृत विभाग एवं समाजशास्त्र विभाग की ओर से आयोजित हुई। जिसमें 700 से अधिक छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता में विजेता 200 छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कॉलेज प्राचार्या डॉ रीना नीलिमा लकड़ा ने डॉ खुशबू तिग्गा, डॉ महाश्वेता एवं डॉ नम्रता गौरव की सफल आयोजन को लेकर प्रशंसा करते हुए भविष्य में ऐसे आयोजन करके छात्राओं का ज्ञान बढ़ाने में सहयोग करने के लिए शुभकामनाएं दी। जंतु विज्ञान की सहायक प्राध्यापक सह आइक्यूसी कॉडिनेटर डॉ खुशबू तिग्गा ने बताया। साहित्य के क्षेत्र में सामाजिक सेवा के क्षेत्र में विज्ञान के क्षेत्र में, सिनेमा, चिकित्सा एवं शिक्ष्झा के क्षेत्र में अग्रणी और अमिट छाप छोड़ने के लिए महिलाओं को महिला दिवस के दिन याद करने के लिए ऑनलाईन क्वीज का आयोजन हुआ। क्वीज में 30 सवाल छात्राओं से किए गये। जिसे पूरा करने के लिए 30 मिनट का समय दिया गया। प्रत्येक प्रश्न के चार वस्तुनिष्ठ विकल्प दिए गये थे। जिसमें एक सही विकल्प चुनना था। विज्ञान संकाय की सेमेस्टर 5 की छा कशिश आलम ने अपने अनुभव को साझा करते हुए कहा कि इस तरह के ऑनलाईन क्वीज में छात्राओं ने भारतीय महिलाओं के विभिन्न विभिन्न क्षेत्रों में महारत हासिल करने के बारे में पता चला। बहुत सारे ऐसे सवाल है। जिनकों पढ़ने के बाद उन्हें कई सुने-अनसुने महिलाओं के नाम की जानकारियां प्राप्त हुई। कला संकाय की उषा हेम्ब्रम, पुनम दास, सुशमिता मरांडी, अन्नुश्री सेम 1 की छात्राओं ने इस क्वीज में भाग लेकर हर्ष जताया। उन्होंने कहा इस क्वीज में झारखंड के महिला सामाजिक कार्यकत्ताओं एवं उनके पुस्तकों के नाम की जानकारी प्राप्त हुई। कई छात्राओं ने इस तरह के ऑनलाईन क्वीज को पुनः कराने की ईच्छा जाहिर की।

### उत्कर्ष बैंक कर्मचारी से लूट मामले में एक अपराधी गिरफ्तार, गया जेल

**हंसडीहा।** हंसडीहा थाना क्षेत्र के जमजोरी गांव के समीप 8 नवम्बर को हथियार लैंस पांच अपराधियों ने उत्कर्ष बैंक के कर्मचारी से 39607 रुपये, सहित मोबाइल लूट लिया था।इस मामलें में पुलिस ने 9 जनवरी को तकनीकी सेल की मदद से तीन अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चूंकि है। बुधवार को पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कांड में संलिप्त एक अपराधी मिथुन कुमार अपने घर जामा थाना क्षेत्र के केराबानी गांव आया हुआ है। सूचना मिलने के तुरंत बाद थाना प्रभारी सुगना मुंडा, एसआई उत्तम पासवान, पुलिस बल के साथ आरोपी के घर दबिस देकर उक्त अपराधी को गिरफ्तार कर लिया, जिसे गुरुवार को मेडिकल जांच के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। इस संदर्भ में थाना प्रभारी सुगना मुंडा ने बताया कि लूट की घटना को पांच अपराधियों ने अंजाम दिया था। पीड़ित उत्कर्ष बैंक के पीड़ित कर्मचारी अजय कुमार साह के फर्द बयान पर हंसडीहा थाना कांड संख्या 83/22 धारा 394 भादवी अंतर्गत चार अज्ञात अपराधियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। जबकि पुलिस को अनुसंधान के क्रम में एक और अन्य अपराधी की संलिप्तता सामने आई थी। इस घटना में संलिप्त एक फरार अपराधी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है।

### ग्राम प्रधान के निधन पर परिजनों को सांत्वना देने पहुंचे डीसी

**दुमका।** जिले के शिकारीपाड़ा प्रखंड के कुलकुली डंगाल गांव के ग्राम प्रधान धीरेन किस्कू के निधन की जानकारी पाकर परिजनों को सांत्वना देने डीसी रविशंकर शुक्ला गुरुवार को उक्त गांव पहुंचे। डीसी ने परिजनों से मुलाकात की और उन्हें विश्वास दिलाया कि प्रशासन आपके साथ है। डीसी ने ग्राम प्रधान की पत्नी सनौदी से भी मुलाकात की जो बीमार चल रही है। इलाज कराने और जल्द ही पेंशन स्वीकृत कराने का भरोसा दिये। इसके साथ ही मृतक के बड़े पुत्र को ग्राम प्रधान बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी। डीसी उन्होंने कहा कि इस गांव में जो बंद पड़ा पत्थर खदान था और वहां से ग्रामीणों को पानी उपलब्ध कराने की कवायद शुरू की गई थी उसकी हमने समीक्षा की है। इसमें जो भी त्रुटियां हैं उसे जल्द दूर कर लिया जाएगा। लोगों को घर-घर तक शुद्ध पेयजल मिलेगा। ग्रामीणों को किसी तरह की परेशानी नहीं होने दी जाएगी। बाद में डीसी बेनागड़िया गांव पहुंचे और वहां मौजूद मिशन का भी निरीक्षण किया। डीसी ने वहां के लोगों को भी शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए सोलर वाटर सिस्टम लगाने का भरोसा दिया। साथ ही अन्य सुविधाओं को बहाल करने की बात कही। इस अवसर पर बीडीओ संतोष कुमार चौधरी, सीओ राजू कमल और थाना प्रभारी संजय सुमन मौजूद थे।

# महिला दिवस पर महिला फुटबॉल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



खिलाड़ियों के साथ डीसी

**दुमका।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर जिला खेल कार्यालय, जिला कल्याण विभाग एवं जवाला एक्शन रिसर्च ऑर्गनाइजेशन के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय महिला फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन आउटडोर स्टेडियम में हुआ। जिसमें कुल 9 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का उद्घाटन डीसी रविशंकर ने गुब्बारे को हवा छोड़कर किया गया। उन्होंने खिलाड़ियों को संदेश देते हुए कहा कि महिलाएं प्राकृतिक तौर पर बहुत बहादुर और सशक्त है। लेकिन कभी कभी खुद अपने आप को कमजोर बनाती है या कमजोर समझने लगती हैं। जो सही नहीं है महिलाओं को अपनी ताकत का पहचान होना बहुत जरूरी है। प्रतियोगिता में जबला फाउंडेशन के टीम ए को आवासीय प्रशिक्षण बालिका फुटबॉल केंद्र के टीम बी ने हराया। कुरूवा को कड़हलबिल एवं नकटी आवासीय विधालय को लखीकुंडी क्रीड़ा क्लब ने शिकस्त दी। प्रतियोगिता में फाइनल मैच आवासीय बालिका प्रशिक्षण केंद्र एवं लखीकुंडी के बीच हुआ। जिसमे आवासीय प्रशिक्षण केंद्र ने 2-0 से प्रतिद्वंदी टीम को हरा कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। समापन में डीसी ने पुनः सभी विजेता एवं प्रतिभागी खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान किया। समारोह में सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा पदाधिकारी, जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी पदाधिकारी आदि उपस्थित थे। अंत में जिला खेल पदाधिकारी एवं जवाला एक्शन एंड रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन रानीश्वर के संस्थापक शदूर्वा ने संयुक्त रूप से सभी को धन्यवाद देते हुए पुनः 12 मार्च से महिलाओं को सशक्त एवं आत्मनिर्भर के उद्देश्य से 25 मार्च तक फिटनेस, योग, मार्शल आर्ट एवं अन्य खेल कूद का निःशुल्क आयोजन कराने की बात कही।

## ओडीएफ प्लस गांव व स्टार रेटिंग को लेकर कार्यशाला आयोजित



खबर मन्त्र संवाददाता

**चक्रधरपुर।** गांवों के ओडीएफ प्लस व स्टार रेटिंग को लेकर गुरूवार को प्रखंड सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में स्वच्छ भारत मिशन द्वितीय चरण के संबंध में कार्यशाला आयोजित किया गया। जिसमें विभिन्न पंचायतों के मुखिया तथा पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के सहायक अभियंता उपस्थित हुए। कार्यशाला में प्रखंड विकास पदाधिकारी ने गांवों को स्टार रेटिंग प्राप्ति के लिए विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मुखिया अपने ग्राम का मैप तैयार कर कार्य योजना बनाए। उन्होंने प्रोजेक्टर के माध्यम से ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, गोबरधन योजना, प्लास्टिक कचरा एवं मासिक स्वच्छता प्रबंधन के लिए समुदाय स्तर पर नाडेप व सोकपीट निर्माण एवं जागरूकता के लिए दीवार लेखन आदि के संबंध में जानकारी दी। कार्यशाला में जानकारी दी गई कि इसके लिए गांवों को 14वें वित्त आयोग से राशि उपलब्ध कराई जाएगी। इससे पूर्व सभी मुखिया अपनी कार्य योजना तैयार करें। कार्यशाला में मुखिया सेलाय मुंडा, श्याम सिंह मुंडा, समीना गागराई, शांति देवी, मेलानी बोदरा, आंति सामाड, जंगल सिंह गागराई, महेंद्र पुरती, कैरी बोदरा आदि उपस्थित रहे।

# सोनुवा की उपेक्षा कर गोइलकेरा का श्रेय लेना न्यायसंगत नहीं

## ट्रेन ठहराव को लेकर ठगा महसूस कर रहे है सोनुवा के ग्रामीण, निगाहें मंत्री जोबा माझी पर

### 11 मार्च की बैठक में बनेगी अगले कदम की रणनीति

खबर मन्त्र संवाददाता




**चक्रधरपुर।** गोइलकेरा रेलवे स्टेशन में दुर्ग-दानापुर दक्षिण बिहार एक्सप्रेस व शालीमार-कुर्ला एक्सप्रेस का लगभग तीन साल बाद पुनः ठहराव मिल गया। इससे गोइलकेरा के ग्रामीणों में हर्ष का माहौल है। 7 मार्च की शाम चक्रधरपुर रेल मंडल के डीआरएम अरूण जे राठौड़ की उपस्थिति में मंत्री जोबा माझी व सांसद गीता कोड़ा गोइलकेरा स्टेशन में दुर्ग-दानापुर दक्षिण बिहार एक्सप्रेस के स्वागत एवं रवानगी की गवाह बनी। गोइलकेरा स्टेशन में इन दोनों ट्रेनों के पुनः ठहराव के साथ ही राजनीतिक व सामाजिक संगठनों में श्रेय को लेकर बहस जारी है। लेकिन इससे इतर बड़ा सवाल ये है कि श्रेय लेने वाले सोनुवा की उपेक्षा पर क्यों चुप्पी साधे हुए है। क्योंकि ट्रेन ठहराव को लेकर जब आंदोलन का बिगुल फूंका गया था तो गोइलकेरा के साथ सोनुवा के ग्रामीणों की भी सहभागिता थी। ट्रेन की जरूरत सोनुवा के ग्रामीणों को भी है। केवल गोइलकेरा में दो ट्रेनों के ठहराव से सोनुवा के ग्रामीणों की जरूरतें पूरी नहीं की जा सकती है। ओड़िया बाहुल सोनुवा के ग्रामीणों को पुरी-हरिद्वार उत्कल एक्सप्रेस के साथ अन्य ट्रेनों का ठहराव भी मिलना चाहिए। सोनुवा में ठहराव नहीं मिलने से ग्रामीण ठगा महसूस कर रहे है। अगर सोनुवा को ट्रेनें नहीं मिली तो जनप्रतिनिधियों को चुनाव में इसका खामियाजा भुगतना पड़ सकता है। बहरहाल ट्रेन ठहराव के मुद्दे पर 11 मार्च को सोनुवा में ग्रामीणों ने बैठक बुलाई है। बैठक में मंत्री जोबा माझी को भी आमंत्रित किया गया है। सोनुवा की उपेक्षा पर मंत्री जोबा माझी के रूख और ग्रामीणों के अगले कदम पर सभी की निगाहें रहेगी।

**सोनुवा में नहीं हुआ सशक्त आंदोलन :** सोनुवा में ट्रेनों के ठहराव को लेकर पिछले तीन वर्षों में सशक्त आंदोलन नहीं हुआ। रेलवे का इस मामले में ध्यान आकृष्ट नहीं कराया जा सका है। अब यहां के नागरिक गोइलकेरा की तर्ज पर बड़े आंदोलन की रूपरेखा तैयार करने में जुटे हैं। 11 मार्च को होने वाली बैठक सोनुवा के लिए महत्वपूर्ण होगी।

### गोइलकेरा में नागरिकों के आंदोलन के कारण मिली ट्रेन

गोइलकेरा में नागरिक एकता मंच के आंदोलन के कारण ट्रेनों का ठहराव सुनिश्चित हुआ। रेलवे के अधिकारी भी इससे सहमत हैं कि 3 फरवरी 2021 को साढ़े छह घंटे के रेल चक्का जाम ने गोइलकेरा में ट्रेनों के पुनः ठहराव की बुनियाद रखी थी। नागरिक एकता मंच के दर्जनों लोगों पर मुकदमा दर्ज हुआ था। इसके बावजूद यहां के ग्रामीण पीछे नहीं हटे। पूर्व जिप सदस्य लक्ष्मण मेलगांडी, झामुमो नेता अकबर खान, विक्की वाजपेयी, पत्रकार तारिक अनवर, सुखदेव लकड़ा, रवि गुप्ता, दिनेश प्रसाद, राजकुमार सिन्हा जैसे युवाओं ने आंदोलन को लगातार जारी रखा। पिछले दो वर्षों से मंच द्वारा सांसद, विधायक, रेल राज्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री और रेल अधिकारियों से लगातार पत्राचार किया जाता रहा। यहां दो जोड़ी एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव से ही लोग सन्तुष्ट नहीं हो गए हैं। बल्कि इस्पात और उत्कल एक्सप्रेस के ठहराव की मांग को लेकर नागरिकों का आंदोलन जारी है।